सुप्रभात
रांची, मंगलवार
06.08.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 28



12 मुंबई एयरपोर्ट पर सैफ और करीना का वीडियो वायरल

## न्यूज डायरी

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल शाम 4 बजे

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक बुधवार को बुलायी गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम 4 बजे से प्रोजेक्ट में कैबिनेट की बैठक होगी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

### मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन के नाम को मिली स्वीकृति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पलामू जिला के अंतर्गत डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन किए जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है ताकि इसे अग्रतर कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार को प्रेषित किया जा सके।

### भारत और बंग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट

**गुवाहाटी।** बंग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद बीएसएफ ने भारत-बंग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर चौकसी बढ़ा दी है। बीएसएफ सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए भारत-बंग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया। स्थिति पर करीब से नजर रखने के लिए बीएसएफ के महानिदेशक भी कोलकाता पहुंचे।

### सहारा में निवेशकों के 138 करोड़ लौटाये गये

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि सहारा इंडिया रियल एस्टेट कंपनी और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन में निवेश करने वाले 17 हजार 250 दावेदारों को अब तक 138 करोड़ रुपये लौटा दिए गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी।

### बैडमिंडट में भी निराशा पदक से चूके लक्ष्य सेन

**नयी दिल्ली।** दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पहला गेम जीतने और दूसरे में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन की पुरुष एकल स्पर्द्धा में कांस्य पदक जीतने से चूक गये। कांस्य पदक के प्ले ऑफ मुकाबले में मलेशिया के लीजी जिया से हार गये। वहीं भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका भी पेरिस ओलंपिक स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक जीतने से जूक गये।

### छवि रंजन समेत नौ की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद बिक्री कर उस अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में जेल में बंद आरोपी रांची के पूर्व डीसी सह निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गयी है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद नौ आरोपियों को पीएमएलए कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। इसके बाद अदालत ने छवि रंजन, कारोबारी अमित अग्रवाल, भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, इम्तियाज अहमद, मो सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 65400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 83000 रु./प्रति किलो |




## बाबा बैद्यनाथ धाम में ढाई लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

तीसरी सोमवारी



# भारत समेत कई देशों के शेयर मार्केट धड़ाम

## एक झटके में भारतीयों के ₹17 लाख करोड़ से ज्यादा डूबे, टाटा को सर्वाधिक नुकसान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में मंदी की आहट सोमवार को दुनियाभर में देखी गयी। भारत समेत कई देशों के शेयर मार्केट धड़ाम हो गये। सेंसेक्स 2200 से ज्यादा अंक गिरकर बंद हुआ। इस गिरावट के कारण निवेशकों के एक ही झटके में 17 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गए। इस गिरावट का सबसे ज्यादा असर टाटा के शेयरों में देखा गया। सोमवार को टाटा ग्रुप की लगभग सभी कंपनियों के शेयर लाल निशान पर आ गए। इनमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा मोटर्स को हुआ। सोमवार को टाटा मोटर्स का शेयर 42.85 रुपये की गिरावट के साथ 1053.80 रुपये पर खुला था। दिन में इसमें 7.40 फीसदी की गिरावट आयी और यह 1015.45 रुपये पर बंद हुआ। हालांकि टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर हरे निशान पर बंद हुआ।



**क्यों आयी शेयर मार्केट में गिरावट :** अमेरिका ने शुक्रवार को जॉब से जुड़ा डेटा शेयर किया था। इसके मुताबिक अमेरिका में बेरोजगारी दर काफी बढ़ गई है। यह अपने 3 साल के सबसे ऊंचे शिखर पर है। बेरोजगारी की इस दर को देखते हुए अमेरिका में मंदी का डर सताने लगा है। इसी से दुनियाभर की शेयर मार्केट सहम गये।

## नौकरियों में आरक्षण को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शन और हिंसा का असर, पूरे देश में कर्फ्यू, शांति की अपील

# बंग्लादेश में तख्ता पलट शेख हसीना ने देश छोड़ा

बंग्लादेश आर्मी चीफ ने अंतरिम सरकार बनाने का किया ऐलान, प्रदर्शनकारियों को दिया बड़ा भरोसा

**बंग्लादेश में बवाल**

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शन और हिंसा के बीच सोमवार को सेना के तख्तापलट के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वे देश छोड़कर कहीं चली गयीं। बांग्लादेश की सत्ता फिलहाल सेना के हाथ में आ गयी है। सेना प्रमुख वकार-उज-जमान ने कहा है कि जल्दी ही राष्ट्रपति से बात कर अंतरिम सरकार बनायी जायेगी। इस बीच आर्मी चीफ ने लोगों से शांति की अपील की है। उन्होंने बताया कि राजनीतिक उथल-पुथल को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों से बात की गयी है और अब राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से मिलकर अंतरिम सरकार बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ उनकी बैठक में हसीना की पार्टी अवामी लीग से कोई शामिल नहीं हुआ। बैठक में जमात और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी से देश की मौजूदा हालत पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार सभी दलों की भागीदारी से बनेगी।



### भारतीय वायुसेना के हिंडन एयरबेस पहुंची शेख हसीना

**नयी दिल्ली।** बंग्लादेश में सेना की ओर से सोमवार को तख्ता पलट के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना देश छोड़कर भारत आ गयी हैं। यह जानकारी यहां विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने दी है। हसीना को भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के एक ठिकाने से सैन्य विमान से एनसीआर के हिंडन वायु सेना अड्डे पर लाया गया है।

### हिंसा को रोका जाये : आर्मी चीफ

जनरल वकार ने कहा कि देश में सभी तरह की हिंसा को तुरंत रोका जाए। उन्होंने छात्रों से वादा किया कि नयी सरकार भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान हुई सभी मौतों के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी। सेना प्रमुख वकार ने कहा कि उन्होंने सैनिकों को गोली ना चलाने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में लोग खुद घरों को लौटें और हिंसा बंद करें। स्थिति में सुधार होने पर कर्फ्यू और दूसरे प्रतिबंधों की आवश्यकता नहीं होगी। सेना प्रमुख ने विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई मौतों की जांच कराने का भी ऐलान किया है।

### भारतीयों को बंग्लादेश न जाने का आदेश

विदेश मंत्रालय ने बंग्लादेश में जारी घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक वहां की यात्रा न करने की सख्त हिदायत दी है। मंत्रालय ने परामर्श जारी कर बंग्लादेश में सभी भारतीय नागरिकों से अत्यधिक सतर्कता बरतने और कहीं भी आने-जाने से बचने को कहा है। उन्हें आपात फोन नंबर पर ढाका में भारतीय उच्चायोग के संपर्क में रहने को कहा गया है।

## बंग्लादेश के हालात की मोदी, शाह राजनाथ और डोभाल ने की समीक्षा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बंग्लादेश के मौजूदा हालातों को लेकर पीएम मोदी ने आपात बैठक की। पीएम आवास पर हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और पीएमओ के अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले विदेश मंत्री ने पीएम मोदी से मिलकर उन्हें पड़ोसी देश में बदलते घटना की जानकारी दी।

**अजीत डोभाल ने शेख हसीना से भेंट की :** बंग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना विशेष विमान से शाम 5.36 बजे गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पहुंची। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शेख हसीना से मुलाकात की। समाचार लिखे जाने तक सुश्री हसीना हिंडन एयरबेस पर ही रुकी हुई थीं।

**विदेश मंत्री से मिले राहुल गांधी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की और बांग्लादेश के घटनाक्रम पर चर्चा की। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बंग्लादेश के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा की, हालांकि इस बारे में विस्तार से नहीं बताया।

**भारत ने प्लेन और ट्रेन सेवा रोकी, सीमा पर चौकसी :** बंग्लादेश में राजनीतिक संकट को देखते हुए, एयर इंडिया ने सोमवार को ढाका से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को तत्काल स्थगित कर दिया है। रेलवे ने भी कोलकाता से ढाका एवं खुलना के लिए चलने वाली चारों यात्री ट्रेन सेवाएं और मालगाड़ियों का परिचालन तत्काल रद्द कर दिया है। वहीं बीएसएफ ने कहा है कि भारत-बंग्लादेश सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# योजना नि:शुल्क, बिचौलियों से रहें सावधान : हेमंत सोरेन

## मंईयां सम्मान योजना का अब 15 तक विशेष कैंप

- झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तकनीकी खामी होगी दूर
- योजना में उत्साह को लेकर पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का सीएम ने दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत पर एक्स हैंडल पर पोस्ट कर झारखंड की बहनों को बहुत-बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने में बहनों को आ रही शुरूआती परेशानी के बारे में उन्हें जानकारी मिली है। श्री सोरेन ने तकनीकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए निर्देश दिया है। योजना को लेकर दिख रहे उत्साह को लेकर उन्होंने पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा है कि यह हमेशा चलने वाली योजना है। शुरुआत में योजना से लोगों को आसानी से लाभ मिले, इसलिये, 10 अगस्त तक चलने वाला विशेष कैम्प अब 15 अगस्त तक चलेगा। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी आप जब भी चाहें, प्रज्ञा केंद्र में आवेदन जमा कर योजना का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि योजना में कहीं-कहीं बिचौलियों के भी सक्रिय होने की शिकायत मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना नि:शुल्क है, इसलिए बिचौलियों से सावधान रहें। सीएम ने कहा कि सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि कहीं भी बिचौलियों की सूचना मिले, तो उनपर कड़ी कार्रवाई करें। श्री सोरेन ने कहा कि यह बहनों-माताओं की योजना है। राज्य की लाखों बहनों को हर साल ₹12 हजार मिलेगा।




## केंद्र को 3 सप्ताह में पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का अंतिम मौका

# डीवीसी में नियुक्ति प्रक्रिया पर अगले आदेश तक हाई कोर्ट ने लगायी रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने दामोदर वैली कॉरपोरेशन- डीवीसी, कोलकाता द्वारा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी एवं मेडिकल ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए निकाल गए विज्ञापन के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को 3 सप्ताह में पूरक शपथ पर दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी, तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक रहेगी। मामले को लेकर भूपेंद्र सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

दरअसल, डीवीसी, कोलकाता ने एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के सात पदों और मेडिकल ऑफिसर/असिस्टेंट मैनेजर (हेल्थ सर्विसेज) के 21 पद लिए 18 जुलाई 2024 को विज्ञापन निकाला था। सात अगस्त तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। प्रार्थी का कहना था कि उसका चयन पूर्व में एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के पद पर हुआ था। मेरिट लिस्ट में वह दूसरे नंबर पर था लेकिन उसका अंतिम रूप से यह कहते हुए उनका चयन नहीं किया गया कि उसपर विभागीय कार्रवाई चल रही है।

## रघुवर दास कैबिनेट के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति केस में हाई कोर्ट ने मांगा जवाब



**रांची।** तत्कालीन रघुवर दास सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और एसीबी को चार सप्ताह में शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। एसीबी को इस मामले में अब तक हुई कार्रवाई के बिंदु पर जवाब दाखिल करना है। मामले की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच में सुनवाई हुई। वर्ष 2020 में याचिकाकर्ता ने अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुईस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति आरोप लगाते हुए एसीबी से जांच की मांग की थी। इस मामले में जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति दी थी। इसके बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ जांच कर शिकायत को सत्य पाया था। एसीबी ने पीई दर्ज कर पूर्व मंत्रियों को और शिकायतकर्ता को नोटिस भेजा था।

# पारा शिक्षकों के मानदेय बढ़ोत्तरी पर नहीं बनी बात

- पारा शिक्षकों ने मानदेय में प्रतिमाह 10 हजार रुपये बढ़ोत्तरी की मांग रखी, सरकार ने डेढ़ हजार बढ़ोत्तरी का ऑफर दिया जिसे पारा शिक्षकों ने ठुकरा दिया
- अगले सप्ताह फिर होगी बैठक, सीएम से विचार के बाद होगा अंतिम निर्णय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के 62000 पर शिक्षक वेतनमान की मांग कर रहे हैं। इसके लिए काफी दिनों से आंदोलन चल रहा है। बीते दिन सीएम आवास घेराव के बाद पारा शिक्षकों की स्कूली शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के साथ वार्ता हुई थी। इसमें 25 जुलाई को पारा शिक्षकों के साथ और 5 अगस्त को अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्णय लेने की बात कही गयी थी। इसी आलोक में सोमवार को शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ पारा शिक्षकों की बैठक हुई लेकिन इस बैठक में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। बैठक बेनतीजा रही। बैठक में दो विधायक विल्सन कोंगाडी और सुदीव्य कुमार सोनू भी शामिल थे।



बैठक में मंत्री के स्तर पर पारा शिक्षकों को डेढ़ हजार रुपए मानदेय में बढ़ोतरी देने का प्रस्ताव दिया गया, जिसे पारा शिक्षकों ने ठुकरा दिया। पारा शिक्षक सरकार से 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ह्रषिकेष पाठक ने बताया कि वार्ता के दौरान यह तय हुआ, कि अगली बैठक फिर से सोमवार को होगी और उसमें मुख्यमंत्री से बात करने के बाद उचित निर्णय लिया जायेगा। इधर पारा शिक्षकों का कहना है कि उम्मीद है कि अगली बैठक में सर्वमान्य हल निकल जाएगा। मौके पर पारा शिक्षकों की ओर से 12 सदस्य उपस्थित थे।

## अगले पांच वर्षों में जनऔषधि के 25 हजार और केंद्र खोलने का निर्णय

# लोकसभा ने वर्ष 2024-25 के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों को दी मंजूरी

**संसद का मॉनसून सत्र**

- स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट आवंटन 2013-14 के 33 हजार 278 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 90 हजार 958 करोड़ हुआ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने वर्ष 2024-25 के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों को चर्चा के बाद मंजूरी दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन 2013-14 के 33 हजार 278 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 90 हजार 958 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें 164 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि कुल बजट में से 55 प्रतिशत राशि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से खर्च की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार धीरे-धीरे स्वास्थ्य बजट बढ़ा रही है।



श्री नड्डा ने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत, मुफ्त दवा तथा निदान सेवा और मुफ्त जांच के कार्यान्वयन के कारण रोगी के अपनी जेब से किये जाने वाले 62 प्रतिशत खर्च से घटकर 47 दशमलव 1 प्रतिशत हो गया है। श्री नड्डा ने आगे बताया कि सरकार मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जन औषधि केंद्रों के कुल 13 हजार आउटलेट चालू हैं और मोदी सरकार ने अगले पांच वर्षों में ऐसे 25 हजार और केंद्र खोलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25 में की गयी पहल का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।

## झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 31वीं बैठक में निर्णय

# उम्रकैद के 39 कैदी होंगे रिहा

- सीएम हेमंत ने कहा : रिहा हुए कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद ने आजीवन सजा काट रहे 39 कैदियों को रिहा करने का निर्णय लिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में आयोजित पर्षद की 31वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में राज्य कीद विभिन्न जेलों में आजीवन सजा काट रहे 74 कैदियों की रिहाई पर समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा पर गहन विचार-विमर्श और समीक्षा के बाद 39 कैदियों को रिहा करने पर स्वीकृति दी।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों का फैमिली बैकग्राउंड, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का वेरीफिकेशन करें। रिहा हुए कैदियों के जीवन यापन के लिए आय सृजन की विशेष कार्य योजना बनायें और उन्हें स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जोड़ें। उन्हें डेयरी फार्म, मुर्गी फार्म, पशुपालन योजनाओं का लाभ दिलायें। उन्होंने कहा कि रिहा होने वाले वैसे कैदी जिनकी उम्र अधिक हो चुकी है, उनकी पारिवारिक स्थिति की जानकारी भी लें। उन्होंने कहा कि रिहा हुये कैदियों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ना हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी विधि नलिन कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, न्यायायिक आयुक्त दिवाकर पांडेय, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल उपस्थित थे।

# समृद्ध है झारखंड की कला-संस्कृति : बिरुआ

## बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में झारखंड की चित्रकला शैली पर कार्यशाला सह प्रदर्शनी शुरू

- कल्याण मंत्री ने नगाड़ा बजाकर किया उद्घाटन
- समृद्ध है झारखंड की कला-संस्कृति : दीपक बिरुआ
- सोहराई, कोहबर, जादोपाटिया, पाटकर एवं समकालीन चित्र शैलियों की प्रदर्शनी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कला-संस्कृति हमारी पहचान रही है। हम अपनी संस्कृति और परंपराओं को लेकर हमेशा संवेदनशील रहे हैं। झारखंड की आदिवासी कला और संस्कृति को और ज्यादा समृद्ध बनाने की जरूरत है। उक्त बातें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित होनेवाले विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के तहत झारखंड की चित्रकला शैली पर कार्यशाला सह प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर सोमवार को कही। मंत्री ने कार्यशाला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन नागड़ा बजाकर किया। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी महोत्सव के मौके पर राज्य की आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि विश्व को झारखंड के आदिवासी समुदाय की संस्कृति से परिचित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव एक मंच है, जो हमारी संस्कृति को नया आयाम देगा। उन्होंने आदिवासी संस्कृति की सुरक्षा, संवर्धन को लेकर भी अपने विचार साझा किये।

**देश के अन्य राज्यों की आदिवासी संस्कृति का होगा समागमः कृपानंद झा**

इस मौके पर विभागीय सचिव कृपानंद झा ने कहा कि इस आयोजन में नृत्य, गीत की परम्परा का भी प्रदर्शन होगा और पूरे देश की आदिवासी संस्कृति का समागम देखने को मिलेगा। कहा कि हमें झारखंड की परंपरागत कला और संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए भी काम करना है। विभाग इसे लेकर काफी संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि चित्रकला प्रदर्शनी में कुल 57 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### आदिवासियत को सामने लाने का एक प्रयास है महोत्सवः कल्याण आयुक्त

कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस महोत्सव में झारखंड की आदिवासी संस्कृति को उकेरा जाएगा। चित्रकला के लिए महोत्सव में एक बड़ा कैनवास लगाया जा रहा है, जिसपर आदिवासी संस्कृति से जुड़ी भावनाओं को महोत्सव में आने वाले लोग उकेर सकेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की चित्रकला के विशेषज्ञ भी इस कार्यशाला सह प्रदर्शनी में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे, जो यहां की संस्कृति से जुड़ी पहलुओं की जानकारी देंगे साथ ही प्रशिक्षण भी देंगे। बताया, सभी आगंतुकों के लिए आवासन और भोजन की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर टीआरआई की नमिता रानी टूटी सहित कल्याण विभाग के कई पदाधिकारी और कलाकार उपस्थित थे।

# परिवहन प्रणाली में व्यापक परिवर्तन आवश्यक : राजकमल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### शहरीकरण से जलवायु में हो रहे बदलाव पर शोध जरूरी

**रांची।** राज्य के नगर विकास और आवास विभाग के सहयोग से राज्य सरकार के सतत न्यायसंगत परिवर्तन पर गठित टास्क फोर्स और सीड द्वारा आयोजित जस्ट ट्रांजिशन फॉर सस्टेनेबल अर्बन हैबिटेट पर सोमवार को परामर्श, विभिन्न विभागों के साथ महत्वपूर्ण विचारों का आदान प्रदान किया गया। चर्चा स्थायी आवास की आवश्यकता के इर्द-गिर्द घूमती रहीं। बताया गया कि टास्क फोर्स गहन अनुसंधान से संबंधित समर्थन तैयार करने के लिए प्रस्तावित मार्ग पर बड़े पैमाने पर शोध करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके स्थायी समाधान का प्रस्ताव दिया गया। तेजी से बढ़ती ऊर्जा की मांग को सौर ऊर्जा मांगों मे बदलने पर बल दिया गया। साथ ही बढ़ते वाहनो के कारण उच्च उत्सर्जन पर चिंता व्यक्त की गयी। जिसका समाधान ईवी और हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी के साथ की जा सकती है। परिवहन प्रणालियों में बदलाव की जरूरत बतायी गयी। शहरो मे सुलभ बुनियादी ढांचे के प्रस्ताव के लिए जलवायु कार्य योजना बनाने का सुझाव दिया गया। विभिन्न स्त्रोतो से उत्पन्नअपशिष्ट धाराओं के लगातार निपटान के लिए कार्ययोजना बनायी जानी चाहिए। भवन और निर्माण क्षेत्र में उच्च कार्बन तीव्रता का आकलन किया जाना चाहिए जिससे शहरी विकास की पहल पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हो। प्रवासियों के आने से शहरी गरीबी बढ़ रही है, जिससे जीवंत सामाजिक जीवन के लिए सामाजिक पूंजी के पोषण और निर्माण की आवश्यकता होती है। आत्मनिर्भर व्यवस्था में स्थानीय क्षमता और संसाधनों पर जोर दिया जाना चाहिए। अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में वृद्धि, विशेषकर निर्माण और आकस्मिक नौकरियों में। शहरीकरण की जरूरतों को पूरा करने और विकास के अनुरूप हरित नौकरियों के प्रावधान करने की जरूरत है। शहरी जलभृत प्रबंधन योजना की तत्काल आवश्यकता। ऊर्जा परिवर्तन के लिए शहर और औद्योगिक परिदृश्य पर पायलट।

चर्चाएँ स्थायी आवास की आवश्यकता और प्रस्तावित स्थायी समाधानों पर केंद्रित थीं। टास्क फोर्स ने सतत शहरी विकास के लिए व्यापक शोध और गहन समर्थन मार्ग बनाने पर जोर दिया। सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्कफोर्स के अध्यक्ष एके रस्तोगी, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, राज्य शहरी विकास एजेंसी के निदेशक अमित कुमार, रमापति कुमार सीईओ, सीईईडी सत्र में जेएसपीसीबी, आरएमसी, वित्त और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ स्तर के अधिकारी भी उपस्थित थे।


### नोटिस

सर्प्रसधारण को सुचित किया जाता हैं कि मेरा जमीन से संबधित डीड न0 9930 दिनांक 17. 12.1993 एवं डीड न0 4002 दिनांक 14.05.1996 एवं डीड न0 4002 दिनांक 14.05.1996 का चिरकुट जो मौजा बेड़ों थाना न0 76 बेड़ो जिला रांची खाता न0 71 प्लाट न० 1956 रकवा 15 डीसमल एवं खाता न0 71 प्लाट न० 1956 रकवा 15 डीसमल कही गुम हो गया यदि किसी को उपरोक्त दस्तावेज मिले तो निम्न पते पर सुचित करने को कृपा करे।

रेणु देवी पति श्री केश्वर प्रसाद मेहता ग्राम एवं पोस्ट बेडों जिला राँची 835202 सदाबहार मैंन रोड रांची फोन न०- 9308691011.


### जेएसएससी ने हाईकोर्ट को बताया- वेबसाइट पर जारी किया जाएगा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा का मेरिट लिस्ट व कट ऑफ मार्क्स

**रांची।** जेएसएससी द्वारा वर्ष 2016 में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करेगा। सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में यह जानकारी जेएसएससी की ओर से दी है। झारखंड हाईकोर्ट में खररउ की ओर से यह बताया गया कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट अपनी वेबसाइट पर 10 दिन में अपलोड कर देगा। इसके साथ ही कमीशन कट ऑफ मार्क्स भी अपनी वेबसाइट पर जारी करेगा। कोर्ट ने जेएसएससी को निर्देश दिया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करे। अब हाईकोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी। बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व में जेएसएससी को वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट जारी करने का निर्देश दिया था। मामले में मीना कुमारी समेत सात अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।


### नाम परिवर्तन

मैं, अजीत कुमार चौधरी पुत्र श्री सुशील चौधरी, निवासी 87, ओल्ड ए.जी. कॉलोनी, कडरु, थाना - अरगोड़ा, जिला - रांची (झारखंड), ने शपथ पत्र संख्या 251, दिनांक - 05/08/2024, नोटरी पब्लिक, रांची के समक्ष घोषणा के द्वारा, अपना नाम अजीत कुमार चौधरी से बदलकर अजीत चौधरी कर लिया है, आज से मैं सभी प्रयोजनों के लिए **अजीत चौधरी** के नाम से जाना जाऊँगा।


#### हाईकोर्ट ने डीजीपी से मौखिक कहा

# अफीम, चरस और गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री पर हो कठोर कार्रवाई

### ड्रग्स एवं अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए एसओपी तैयार करें पुलिस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के डीजीपी से मौखिक कहा कि झारखंड में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री हर हाल में रोकने के लिए कठोर कार्रवाई करें। कोर्ट ने मौखिक कहा कि पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) आपसी सहयोग से झारखंड में अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए कार्रवाई करें। खूंटी सहित राज्य के कई जिलों में जंगलों में अफीम की खेती होती है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस और एनसीबी को-ऑर्डिनेशन से इसका पता लगाकर इन्हें नष्ट करने की दिशा में कार्रवाई करें। सुनवाई के दौरान डीजीपी एवं रांची एसएसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे।

कोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया कि अफीम, चरस, गांजा सहित अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए पुलिस स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाए। कोर्ट ने रांची एसएसपी से भी मौखिक कहा कि रांची शहर में स्कूल एवं मंदिरों के निकट किसी भी स्थिति में शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। मंदिरों के निकट बार एवं रेस्टोरेंट खोला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कोर्ट ने कहा कि उत्पाद विभाग के साथ-साथ पुलिस की भी यह जिम्मेवारी है कि रांची शहर में अवैध ढंग से शराब की बिक्री ना हो। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यह रांची है ना कि मुंबई या गोवा है, यहां के बार एवं रेस्टोरेंट को नियंत्रित ढंग से काम करना होगा ताकि सामाजिक दायित्व का समुचित निर्वहन हो सके। देर रात तक बार एवं रेस्टोरेंट खुला रहने से अप्रिय घटना होने की ज्यादा संभावना रहती है, पुलिस की पीसीआर वैन रात में शराबियों एवं आपराधिक तत्वों पर नजर रखें। मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त को होगी। दरअसल, खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम ,चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस पर आज झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई।

### हेमंत सरकार की नई योजना केवल वसूली केलिये : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का जन कल्याण से कोई लेना देना नही है। योजना का दिखावा केवल लूटने केलिये हो रहा है। बचे चंद महीनों में भी यह दलाल बिचौलियों केलिये लूट का रास्ता खोल रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शुभारंभ के पहले दिन ही फॉर्म के नाम पर वसूली का शुभारंभ कर दिया गया है। हेमंत सरकार की चरणबद्ध योजना के तहत अभी फॉर्म के नाम पर, फिर पंजीकरण के नाम पर, बाद में सूची में नाम डालने के नाम पर और अंत में खाते में पैसे भेजने के नाम पर वसूली के सारे चरण पूरे किया जायेंगे। इन सारी घटनाओं से यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि हेमंत सरकार में योजनाओं को लाने का उद्देश जनकल्याण नहीं। बल्कि वसूली करने और कराने का है।

### रांची हिंसा के आरोपियों की एबीपी खारिज

**रांची।** 10 जून 2022 को हुई रांची हिंसा मामले में नौ आरोपियों को झटका लगा है। उसकी ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका अपर नयायायुक्त पीके शर्मा की अदालत ने खारिज कर दी है। आरोपियों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये जून माह में याचिका दाखिल की थी। रांची हिंसा से जुड़े मामले में डेली मार्केट थाना में दर्ज एक प्राथमिकी में जांच के दौरान इन लोगों का नाम सामने आया है। अदालत ने हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद शादाब आलम, शाहनवाज आलम, मेराज गद्दी उर्फ मोहम्मद मेराज आबिदी, हैदर अली, अबू अजीमुशान, मोहम्मद नेयाज, साजर खान, मो कमाल उद्दीन एवं लोअर बाजार थाना क्षेत्र निवासी फहीम उर्फ फहीम खान की अग्रिम जमानत देने से इनकार किया है।

### मंईयां सम्मान नहीं मंईयां परेशान योजना : बाउरी



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने आज हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महा ठग झामुमो, कांग्रेस, राजद सरकार एक और ठगी का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता सावधान व सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि इन्होंने महिलाओं से यह वादा किया था कि सरकार बनते ही गरीब महिलाओं के खातों में सालाना 72 हजार रुपये दिये जायेंगे। इस हिसाब से आंकड़ा 3,60,000 होगा। लेकिन, चुनाव से पूर्व आखिरी 2-3 महीने के लिये ठगने की योजना से ठगबंधन सरकार केवल एक हजार देने वाली है। उन्होंने कहा कि 2019 का विधानसभा चुनाव ये ठगबंधन ने झूठे वादों पर लड़ा, इस बार यह चुनाव प्रलोभन के सहारे लोगों को ठग कर लड़ने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि शिकारी आयेगा, जाल बिछायेगा, दाना डालेगा, पर लोभ में आकर फंसना नहीं वाली ही स्थिति है।

आज फिर से बिदाई की बेला में योजनाओं का सब्जबाग दिखाकर वोट लेने की साजिश रची जा रही। लेकिन, जनता को सावधान रहने की जरूरत है। इनकी नीयत साफ नही है। ये सरकार पांच साल तक जनता को धोखा देती रही।राज्य के खान खनिज को लूटती रही।अब इन्हें जनता याद आ रही है। लोकसभा चुनाव परिणाम में इन्हे अपनी जमीनी हकीकत का अहसास हो चुका है।


## कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा
### संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा पिन कोड–825401
e-mail : atmactr@rediffmail.com

### किसान भाइयों के लिए योजना संबंधी आवश्यक सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 40 दिनांक 16.07.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उद्यान प्रभाग में संचालित राज्य योजना "राज्य उद्यान विकास की योजना" के कार्यान्वयन हेतु जिले के इच्छुक कृषकों से आवेदन की माँग की जाती है:–

राज्य उद्यान विकास की योजना

| क्र0 सं0 | कार्य अवयव | OSP के तहत | | SCSP के तहत (सिर्फ SC/ST के लिए) | | अनुदान | कृषक अंशदान (प्रति हे0 / सं0 / ए0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक | वित्तीय (रू0 लाख में) | भौतिक | वित्तीय (रू0 लाख में) | | |
| 1 | बागवान मित्र / उद्यान मित्रों / कृषकों को 05 दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण (सं0 में) | 200 | 7.56 | 80 | 3.024 | - | - |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय(200 घंटे) माली प्रशिक्षण (सं0 में) | 10 | 1.75 | 04 | 0.70 | - | - |
| 3 | मिर्चा की खेती (हे0 में) | 20 | 2.40 | 08 | 0.96 | 12000/-Ha. | 18000/-Ha |
| 4 | ओल की खेती (हे0 में) | 20 | 8.00 | 08 | 3.20 | 40000/-Ha | 260000/-Ha |
| 5 | अदरख की खेती (हे0 में) | 15 | 11.70 | 05 | 3.90 | | |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 10 | 22.50 | 03 | 6.75 | 225000.00 | 75000.00 |
| 7 | खुले वातावरण में फूलों की खेती (हे0 में) | 30 | 6.00 | 10 | 2.0 | 20000/-Ha | 20000/-Ha |
| 8 | टिशु कल्चर केला की खेती (हे0 में) | 09 | 5.40 | 02 | 1.20 | 131600/-Ha | 60,000/-Ha |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति ईकाई 25 डिसमील) | 25 | 10.00 | 10 | 4.00 | 40000 #0 | |
| 10 | सब्जी की तकनीकी खेती हेतु प्रत्यक्षण (हे0 में) | 250 | 25.00 | 80 | 8.00 | 10000/-Ha | |
| 11 | मशरुम उत्पादन (Button&Oyster) | 2490 | 3.2868 | 750 | 0.990 | 3960 / –अधिक तम (30 बैग हेतु) | |
| 12 | मशरुम उत्पादकों को 05 दिवसीय प्रशिक्षण | 83 | 4.15 | 25 | 1.250 | - | |
| 13 | पपीता की खेती (संख्या में) | 10000 | 1.00 | 5000 | 0.50 | 5/- (पौध उत्पादन) | |
| | | | | | | 5/- (लगाने के 2 माह उपरांत जीवित रहने पर ) | |
| 14 | टिशु कल्चर स्ट्रोबेरी की उन्नत खेती (हे0 में) | 15 | 37.50 | 05 | 12.50 | 250000/-Ha | 275365/-Ha |
| 15 | पॉली हाउस की इकाई | 02 | 15.90 | - | - | 795000/- | 265000.00 |
| 16 | सैपलिंग नर्सरी– गुणवत्तायुक्त सब्जी, फूल, फल, पौध बिचडा उत्पादन (सं0 में) | 20 | 45.00 | 10 | 22.50 | 225000.00 | 75000.00 |

उपर्युक्त योजनाऐं अनुदान पर आधारित है। जिसका उल्लेख संबंधित कार्य अवयव में किया गया है। कृषक अंशदान की राशि योग्य एवं चयनित लाभुक को वहन करना होगा।

इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक जिला उद्यान कार्यालय, चतरा या प्रखंड में अवस्थित एटिक सेन्टर (कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र) से आवदेन प्राप्त कर विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से आवेदन पत्र भरकर एवं पंचायती राज संस्था के जनप्रतिनिधि से अनुशंसा करा कर प्रखंड में अवस्थित एटिक सेन्टर (कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र) में दिनांक 12.08.2024 को सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते है। BPM JSLPS BTM /ATM निश्चित रूप से दिनांक 12.08.2024 तक प्राप्त आवेदकों को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराएगे। आवेदन पत्र में सभी आवश्यक कागजात यथा लाभूक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र बैंक पासबुक छाया प्रति, भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र की छाया प्रति अथवा खतियान,शपथ पत्र, जमीन का अद्यतन रसीद, आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले भूमि का कागजात के संबंध में मुखिया से प्राप्त वंशावली संलग्न होना आवश्यक है।

आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ तथा वांछित कागजातों के साथ प्राप्त होने पर ही लाभुक चयन के लिए विचार किया जायेगा। अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किए जाएगें।

अनुदान हेतु लाभुक चयन के लिए निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड आवश्यक होगा–

01. आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं सभी कागजात के साथ हो।
02. आवेदन पत्र की प्रति पर मुखिया अथवा अन्य जनप्रतिनिधि तथा BAO/BTM/VLW/ATM/BPMJSLPS के द्वारा अनुशंसित किया होना आवश्यक है।
03. पिछले तीन वर्षो में जिन लाभुक का चयन नही किया गया है, केवल उनका चयन किया जाएगा।
04. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामो का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
05. आवेदक के पास पर्याप्त निजी भूमि हो तथा वे पूर्व कई वर्षो से सब्जी, फल, फूल आदि की खेती करते आये हो।
06. कृषक अंशदान राशि स्वयं व्यय करने हेतु इच्छुक हो।
07. योजना कर्यान्वयन में SC,ST लघु एवं सीमांत कृषक,कृषक समूह FPO / प्रगतिशील कृषकों / महिला स्वंय सहायता समूह / सिंचाई सुविधा युक्त कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा लाभुकों के चयन में टोकन प्रणाली को अपनाते हुए चयनित की जाएगी।
08. सब्जी, मिर्चा, ओल एवं फूल की खेती का क्रियान्वयन समूह खेती (Cluster farming) के द्वारा की जाएगी। सभी कार्य अवयवों के क्रियान्वयन कृषक समूह / महिला स्वयं सहायता समूह(JSLPS) के द्वारा किया जाएगा।
09. योजना का कार्यान्वयन में प्राथमिकता ग्रामीण विकास विभाग के अधीन JSLPS से प्राप्त कृषक समूह / महिला स्वयं सहायता समूह की सूची के आधार पर किया जाएगा। यदि JSLPS से लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूह की विवरणी उपलब्ध नहीं हो पाती है तो अन्य माध्यम से गठित कृषक समूह / महिला स्वयं सहायता समूह को आच्छादित किया जा सकेगा।
10. उपर वर्णित सभी योजनायें चतरा जिले का लक्ष्य है, जिसका प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित है।
11. सभी योजना पहले आओं पहले पाओं पर आधारित है।

सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी जिला उद्यान कार्यालय, चतरा एवं एटिक सेन्टर पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। योजना का लाभ लेने हेतु विहित आवेदन पत्र में जिला उद्यान कार्यालय, चतरा एवं प्रखंड के एटिक सेन्टर / एग्री क्लिनिक चतरा सिमरिया पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र स्वीकार करने की निर्धारित तिथि 12.08.2024 के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नही की जाएगी। योजना के लाभ हेतु लाभुक का चयन सर्वाधिक उपयुक्त कृषक को किया जाएगा जिसमें उनके भूमि, खेती आदि का निरीक्षण तथा जांच के उपरान्त किया जा सकेगा।

जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.331838 Agriculture(24-25):D


# मुख्यमंत्री ने सभी मेडिकल कर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति पोर्टल को किया लांच

- राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिये उठाये जा रहे हैं समुचित कदम
- सरकारी अस्पतालों में मानव संसाधनों की शत –प्रतिशत उपयोगिता सुनिश्ित हो, सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी सुलभ और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी चिकित्सकोंए पारा कर्मी, संविदा पर कार्यरत कर्मी तथा अन्य कर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्ित करने करने के लिये उपस्थिति पोर्टल का सोमवार को शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिये स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा दर्ज की जा रही बायोमेट्रिक उपस्थिति का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने पोर्टल का शुभारंभ करते हुये कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा झारखंड राज्य के सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी सुलभ और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्यवासियों को सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिये सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस सिलसिले में स्वास्थ्य उप केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, अनुमंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को रखरखाव, मरम्मत, चिकित्सा संसाधनए जांच सुविधा और दवाइयां की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर जांच और चिकित्सा सुविधा मिले, इसे स्वास्थ्य विभाग सुनिश्ित करे।

### जिला अस्पतालों को 24 गुणा 7 ऑपरेशनल बनायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के जिला अस्पतालों को 24 गुणा 7 ऑपरेशनल बनाने के लिये समुचित कदम उठाये जायें। इसके तहत इन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ सभी तरह की सर्जरी की व्यवस्था होनी चाहिये। ताकि मरीजों को किसी दूसरे अस्पताल के लिये रेफर करने की नौबत नहीं आये। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों के ओपीडी में भी मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श मिल सके इस दिशा में भी पहल करें। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों का जिला अस्पतालों से 24 घंटे संपर्क स्थापित करने की व्यवस्था बनायें। ताकि, अगर कोई मरीज स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिये आता है और उसे बेहतर इलाज की जरूरत हो तो उसे जिला अस्पताल तक लाने की पूरी व्यवस्था होनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र से लेकर जिला अस्पताल में जो मानव संसाधन उपलब्ध हैं। उसकी शत प्रतिशत उपयोगिता सुनिश्ित होनी चाहिये। अस्पतालों की जरूरत के हिसाब से मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाये। अगर किसी एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में चिकित्सा और चिकित्साकर्मियों की सेवा लेने की जरूरत हो तो उस दिशा में भी उचित कदम उठाये जाने चाहिये। लेकिन, इसमें इस बात का ध्यान रखें की जिस अस्पताल से चिकित्सकों की सेवा दूसरे अस्पताल में ली जा रही हैए वहां की चिकित्सीय व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिये।

**मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिये**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर शिकायतें मिलती है कि स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों में चिकित्सक ड्यूटी के दौरान भी उपलब्ध नहीं होते हैं । ऐसे में मरीज को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति की निगरानी की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों की तरह सरकारी अस्पतालों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम, सीसीटीवी और वाई.फाई की व्यवस्था और जिला तथा मुख्यालय स्तर पर इसकी निरंतर निगरानी की जानी चाहिये।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह मौजूद थे।

## पहाड़ी बाबा की भव्य संध्या महाआरती



रांची। श्रावण मास की तीसरी सोमवारी के दिन सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा संध्या 5:00 बजे पहाड़ी बाबा सहित तमाम देवी देवताओं की भव्य संध्या महाआरती की गई। आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि महाआरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गुंजानमैय हो गया,उसके बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर राजेश सिंह सन्नी, उज्जवल कुमार सिन्हा,रंजन यादव ,संजय सिंह,सचिन कुमार, कुलदीप, विनय सिंह, लखन कुमार, अमन ठाकुर,काजल ठाकुर, बबीता सिंह, कृष्णा, रिना सिंह,संध्या देवी, सविता देवी, मंजुला,प्रियंका सिंह, रीता देवी, पूनम कुमारी, दीपमाला वर्मा,पूजा सिंह, आशुतोष द्विवेदी ,श्याम सिंह, सिद्धार्थ,कमलेश यादव, मंतोष यादव, विशाल सिंह, बासु बेरा,अजीत सिंह टिंकू पूनम यादव, अजीत कुमार, आयुष सिंह, गोल मंडल, रवि यादव, सुजल सोनी, क्षितिज मिश्रा आदि मौजूद थे।

# हजारों श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा पर किया जलाभिषेक

## प्रातः 3 बजे सरकारी पूजा के बाद भक्तों के लिए खोला गया पट, बोल बम के नारों से गूंजा मंदिर परिसर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** तीसरी सोमवारी पर रात्रि 1 बजे से ही भक्त पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक के लिए कतारवध दिखे, प्रातः 3 बजे पूरे सनातनी विधि-विधान से , रुद्रा अभिषेक कर उपायुक्त राहुल सिन्हा ,रजनीश कुमार, राँची पहाड़ी विकाश समिति के अध्यक्ष एन एन पांडेय , राकेश सिन्हा,राजेश साहू , बादल सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा किया गया। पूजा उपरांत अरघा लगा कर सभी भक्तो के लिए पट खोला गया । हजारों- हजार श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया । बोलबम के जयकारों से पहाड़ी मंदिर गूंज उठा । समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने कहा कि भक्तो के बीच महाप्रसाद को लेकर काफी उत्साह था, सभी भक्त कतारवध हो कर महाप्रसाद ग्रहण किया। अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार सपरिवार पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किये। धुर्वा से नव युवक संघ के द्वारा पैदल यात्रा कर 11151 बेलपत्र का माला पहाड़ी बाबा पर चढ़ाया गया। जिला प्रशासन एवं राँची पहाड़ी मंदिर विकाश समिति के सदस्य , स्वयं सेवी संस्था के लोग प्रवेश द्वार से निकाश द्वार तक मौजूद रहे एवं सभी भक्तो के सुरक्षा एवं बेहतर सुविधा के लिए तत्पर रहे । सभी भक्तो के लिए ऊपर मंदिर में लोटा और जल का व्यवस्था किया गया एवं शुद्ध पेयजल मुहैया कराया गया । सफल आयोजन में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष आईएएस एन एन पांडेय , सचिव राकेश सिन्हा,वित्त प्रभारी राजेश साहू,प्रवक्ता बादल सिंह , हेम सिंह,राजेन्द्र सिंह , अजय सिंह,अंकित ,संजना शर्मा, अर्चना मिर्धा,उर्मिला चौधरी ,राजकुमार तलेजा ,दीपक नन्दा ,मंदिर पुजारी मनोज मिश्रा, पिंटू बाबा , मणिकांत पाठक , शेरू , स्वपना चटर्जी , शुभाशीष चटर्जी आदि लोग मौजूद रहे। ये जानकारी मंदिर प्रबंधन समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने दिया।

## बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने रुद्राभिषेक यज्ञ कर भोले बाबा को मनाया



**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में सोमवार को रुद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन किया गया। सावन के तीसरे सोमवारी के उपलक्ष्य में समिति के तत्वाधान में पूरे विधि विधान के साथ महादेव की पूजा अर्चना की गई। इस रूद्राभिषेक यज्ञ में पंडित मुकेश झा शास्त्री एवं यजमान के रूप में समिति के मुख्य संरक्षक आशु झा रहे। इस दौरान हवन यज्ञ किया गया। यज्ञ की प्रखर अग्नि में समिति के सदस्यों व भक्तों ने आहुतियां डाल विश्व कल्याण के लिए कामना की। समिति के अध्यक्ष जयंत झा ने बताया कि श्रावण मास भगवान भोलेनाथ का प्रिय मास है, और देवों में भगवान शिव से बड़ा कोई देव नहीं है। भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होने वाले तथा कठिन से कठिन वरदान देने वाले हैं। भस्मासुर को वरदान दिया जिसके सिर पर हाथ रखेगा वही भस्म हो जाएगा। रावण के पिता ने सोने की लंका दान में मांग ली सो तुरंत ही दे दिया। ऐसे हैं हमारे भोले बाबा। उन्होंने बताया कि वैसे तो सावन का पूरा महीना ही भगवान शिव को अर्पित होता है। लेकिन रुद्राभिषेक का सावन में एक अलग ही महत्व है रुद्राभिषेक की पूजा से जीवन के नकारात्मक हालात भी बदल जाते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार रुद्राभिषेक करने से पूर्व जन्मों के पापों से भी मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने बताया की इस महीने में भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्त की समस्त कामना पूर्ण करते हैं। पूजा के उपरांत भंडारा का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत भक्तों में महाप्रसाद वितरित किया गया।

## सीएस ने प्राइवेट हॉस्पिटलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, हर महीने मांगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के लिए जिला स्तरीय बैठक हुई। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार ने की। उन्होंने हॉस्पिटल के प्रतिनिधियों को सरकार को सहयोग करने को कहा। साथ ही कहा कि हॉस्पिटल अपने सभी रिपोर्ट को बिना डरे सरकार के साथ साझा करे। साथ ही प्रतिनिधियों को बताया गया कि इस मीटिंग का उद्देश्य प्राइवेट हेल्थ सेंटर और स्वास्थ्य विभाग को एक मंच पर लाकर सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा एक सर्व समावेशी स्वास्थ्य योजना का निर्माण तथा परिवार नियोजन कार्यक्रम को मजबूत बनाने के लि आधार तैयार करना है।

**हर महीने की 5 तारीख तक देनी होगी रिपोर्ट :** इससे पहले जिला डाटा प्रबन्धक संजय तिवारी ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा प्राइवेट हॉस्पिटल की सहभागिता क्यों आवश्यक है उसपर प्रकाश डाला। राज्य डाटा प्रबंधक सुबोध कुमार ने प्राइवेट हेल्थ सेंटरों से आए डॉक्टर, प्रबंधक व अन्य कर्मियों से कहा कि वह हर माह की अधिकतम 5 तारीख तक प्रसव संबंधित सेवाओं, परिवार कल्याण कार्यक्रम, बच्चों को नियमित टीकाकरण, मातृ एवं शिशु जन्म मृत्यु रिपोर्ट आदि की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट भारत सरकार के पोर्टल हेल्थ मैनेजमेंट एंड इनफार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर अपलोड की जाती है जिससे जिला की रैंकिंग निर्धारित होती है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह ने सभी प्राइवेट हेल्थ सेंटरों को ससमय रिपोर्ट एचएमआईएस पोर्टल पर जमा करने को कहा। उन्होंने सभी को बताया गया कि किस तरह रिपोर्टिंग का फॉर्मेट को भरा जाएगा और कौन-कौन सी रिपोर्ट उन्हें देनी है। बैठक में रांची शहरी क्षेत्र से 20 प्राइवेट हॉस्पिटल के प्रतिनिधियों के साथ-साथ पीएसआई इंडिया से जनरल मैनेजर नीलेश कुमार, सीनियर मैनेजर सुनील कुमार, प्रणव कुमार झा, संतोष कुमार पाण्डेय, मोनिषा कुमारी और संतोष कुमार शामिल थे।

# मिट्टी में सुराग की तलाश

**दरोगा हत्याकांड**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में दरोगा अनुपम कच्छप हत्याकांड को लेकर पुरी रांची पुलिस जुटी हुई है। खुद डीजीपी दरोगा हत्याकांड की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। रविवार को दरोगा हत्याकांड की सुराग पाने के लिये सोमवार को पुलिस मिटटी खोद रही थी, ताकि हत्याकांड से जुड़ा कोई सुराग मिल सके। खबर मन्त्र संवाददाता उस स्पॉट पर गयी, जहां दरोगा कांड का तफ्शीश चल रहा था। मौके पर मौजूद गिरिडीह जिला बल से आये मनोज ने बताया कि पुलिस हर संभव कातिल का तलाश कर रही है। आखिर दरोगा अनुपम की हत्या किसने और क्यों की। इस बात को लेकर एसएसपी, आइजी से लेकर डीजीपी तक तलाश रहे हैं।

**अनुपम कच्छप हत्याकांड, नहीं छूट रहे दरोगा पवन :** रांची के कांके थाना क्षेत्र स्थित संग्रामपुर रिंग रोड में देर रात अज्ञात अपराधियों ने स्पेशल ब्रांच में तैनात दारोगा को गोली मारकर हत्या कर दी थी। अज्ञात अपराधियों ने मृतक दारोगा अनुपम कच्छप को सीने में तीन गोलियां मारी थी। इसके बाद घटनास्थल पर ही दारोगा की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने शक के आधार पर तीन लोगों से पूछताछ कर रही है। हालांकि मृतक दारोगा के पास से सारा सामान बरामद कर लिया गया है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। ड्यूटी समाप्त कर अपने दोस्तों के साथ दारोगा अनुपम कच्छप रिंग रोड अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए गए थे। पार्टी समाप्त करने के बाद उनके दोस्त कार से चले गए और वहीं दरोगा अनुपम कच्छप अपने बाइक से निकले थे। उनके दोस्त काफी देर हो जाने के बाद कॉल कर घर पहुंचने की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन बार-बार कॉल रिसीव नहीं करने के बाद दोस्त टेक्निकल सेल के सहारे लोकेशन खोज कर पहुंचे तो देखा कि वह रोड किनारे गिरा हुआ है। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में रांची पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही परिवार वालों से भी पुलिस ने पूछताछ की लेकिन किसी ने भी कुछ बताने से इनकार कर दिया।

**खबर एक नजर में**

## एनएसयूआई ने आईएमएस निदेशक का किया घेराव, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर को हटाने की मांग

**रांची।** एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को आईएमएस के निदेशक डा वीएस तिवारी का घेराव किया। जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि सत्र 23-25, सेमेस्टर 2 के छात्र - छात्राओं का मिड सेम सात अगस्त तक है । कई ऐसे विद्यार्थी हैं, जो पिछले 10 दिनों से अपना इंटर्नशिप करने में व्यस्त थे, इस कारण क्लास नहीं अटेंड नहीं किया है। शिक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं पर क्लास अटेंड नहीं करने पर परीक्षा नहीं लेने का दबाव बनाया जा रहा है, जो की छात्रहित में गलत है। सभी छात्र छात्राओं को शिक्षक डा नीलू सिंह द्वारा कहा गया की डबल आसाइमेंट जमा करने होंगे और पूरे सिलेबस की परीक्षा देनी होगी। छात्र-छात्राओं ने कहा की पूरा सिलेबस अभी पूर्ण नहीं हुआ है और न ही पढ़ाया गया है। शिक्षिक शुरू में ही कहीं थी आप लोग अपना इंटरशिप खुद देख लें। कांग्रेस छात्र संघ, एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक से मांग किया हैं कि छात्र छात्राओं की समस्याओं पर अविलंब विचार कर छात्रहित में उचित निर्णय लें। और ऐसे मानसिकता वाले शिक्षकों के खिलाफ करवाई करे और प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर पद से पदमुक्त करें। छात्र संगठन इस मामले को कुलपति को अवगत कराएंगे ।

## झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी में एमटेक में दाखिला शुरू, 10 तक करें आवेदन

**रांची।** झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी में सत्र 2024-26 के लिए एमटेक में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिन छात्रों को डेटा साइंस, पर्यावरण इंजीनियरिंग, प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट में एमटेक करना है, वे यहां दाखिला ले सकते हैं। एडमिशन के लिये छात्रों के पास एआईसीटीई या यूजीसी से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या इंस्टीट्यूट से बीई, बीटेक, एमएससी या एमसीए में 55 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। वहीं एससी और एसटी छात्रों को एडमिशन के लिये 50 प्रतिशत अंकों की आवश्यकता है। अगर आप फाइनल ईयर के छात्र हैं तब भी आप एडमिशन के लिये आवेदन दे सकते हैं, लेकिन एडमिशन के समय आपको अपना फाइनल रिजल्ट यूनिवर्सिटी में जमा करना होगा। आवेदन प्रक्रिया 8 जुलाई से शुरू हो गयी है। वहीं अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित किया गया है। इच्छुक आवेदक यूनिवर्सिटी के आधिकारिक वेबसाइट जेयूटीरांचीडॉटएसीडॉटइन पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** संत जेवियर कॉलेज की छात्रा को नशीला कोल्ड ड्रिंग पिला दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो बनाकर डरा-धमका कर पांच साल तक लगातार जबरन दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार अभियुक्त वरुण सिंह(32) को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव कीअदालत ने सोमवार को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने दुष्कर्म के साथ आईटी एक्ट की तीन धाराओं में तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। अदालत ने 31 जुलाई को दोषी पाकर उसे जेल भेज दिया था। वह मामले में जमानत पर चल रहा था। अभियुक्त मूलतः बक्सर जिले के नवानगर थाना क्षेत्र के खरबनिया गांव निवासी है। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान एपीपी सिद्धार्थ कुमार सिंह ने अधिकतम सजा देने का अनुरोध किया था। पीड़िता ने घटना को लेकर छह साल बाद लालपुर थाने में सितंबर 2017 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। फेंक आईडी से उसने अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करने की धमकी दी थी।

## बीआईटी मेसरा में एमबीए बैच 2024-2026 का जश्न के साथ आगाज

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा के प्रबंधन विभाग ने बहुप्रतीक्षित उद्गम 2024 का आयोजन किया, जो एमबीए बैच 2024-2026 के लिए एक रोमांचक शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत का प्रतीक था। यह कार्यक्रम सूचनात्मक चर्चाओं, प्रेरणादायक भाषणों और नए छात्रों के लिए एक गर्मजोशी भरे स्वागत का सम्मिश्रण था। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान और बुद्धिमत्ता के आगमन का प्रतीक है। इस समारोह का नेतृत्व सम्मानित संकाय सदस्यों, जिनमें डॉ उत्पल बौल, डॉ भास्कर कर्ण, डॉ शारदा सिवानी और डॉ सोलंकी शामिल थे, ने किया। डॉ बौल के संबोधन ने छात्रों को करियर उन्नति रणनीतियों और प्रबंधन के गतिशील क्षेत्र में अवसरों को पहचानने के महत्व के बारे में जागरूक किया। मुख्य भाषण संजीव कुमार चौधरी ने दिया, जो एमबीए बैच 1992-1996 के एक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र हैं। बिहार में तेल उद्योग के पूर्व पदेन अधिकारी और आईओसीएल में उत्तर पूर्व क्षेत्र के उप महाप्रबंधक और मुख्य महाप्रबंधक (खुदरा बिक्री) के रूप में सेवा करने के व्यापक अनुभव के साथ, श्री चौधरी ने उद्योग में बदलाव के कारकों पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र को प्रभावित करने वाले भू-राजनीतिक कारकों पर जोर दिया और कोयले और जीवाश्म ईंधनों से स्वच्छ ऊर्जा समाधानों की ओर संक्रमण को रेखांकित किया। उन्होंने बैटरी प्रौद्योगिकी में आईओसीएल के उपक्रमों के बारे में भी बात की, इसे अगले दो दशकों में परिवहन के भविष्य के रूप में प्रस्तुत किया। श्री चौधरी ने वास्तविक समय की अंतर्दृष्टि प्रदान करने में डेटा एनालिटिक्स के महत्व को रेखांकित किया।

## पुलिस एवं सीआरपीएफ के सम्मिलित प्रयास से ही पूरा हो सका दिन भर मतदान का लक्ष्य: के. रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए वी होमकर ने सोमवार को लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड में 5 बजे शाम के बाद चुनाव की परिकल्पना को इस बार दिन भर मतदान से पूरा करने का काम प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस और सीआरपीएफ के सम्मिलित प्रयासों से ही हो सका। उन्होंने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी पर बाहर से आए पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया गया था, ताकि उन्हें अपने कर्तव्य पर परेशानी न हो। लोकसभा चुनाव में पूर्व से योजनाबद्ध होकर टीम की भावना से कार्य किया गया। निर्वाचन केवल एक व्यक्ति के बेहतर प्रदर्शन से नहीं किया जा सकता था, इसके लिए हर एक स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए सहयोग की भावना से कार्य हुआ है।

**लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में टीम भावना से किया गया कार्य : होमकर :** श्री होमकर ने कहा कि इस बार के लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस एवं सीआरपीएफ के बीच का समन्वय बहुत ही सुदृढ़ था। पूरे निर्वाचन के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में झारखंड में कार्य कर रही टीम ने टीम भावना से काम किया है। परिणाम स्वरूप लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने इस अवसर पर लोकसभा चुनाव के अपने अनुभव साझा किए।

# अधिवक्ता गोपाल कृष्ण हत्या मामले में हाइकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, डीजीपी-एसएसपी हुए हाजिर

## यातायात व्यवस्था सुगम नहीं होने पर ट्रैफिक एसपी तलब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हत्या मामले को झारखंड हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए डीजीपी एवं रांची एसएसपी को तलब किया था। कोर्ट के आदेश के आलोक में यह दोनों अधिकारी कोर्ट में सोमवार को सशरीर उपस्थित हुए। डीजीपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले के दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें से एक अपराधी रोशन मुंडा तथा दूसरा संदीप है। कोर्ट ने डीजीपी को मृतक अधिवक्ता के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की अनुसंधान जल्द पूरी कर चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि रांची के कांके थाना क्षेत्र में बीते दिनों विशेष शाखा में पदस्थापित अनुपम कच्छप की अपराधियों ने हत्या कर दी। राजधानी रांची में अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है उसपर अंकुश लगाने की जरूरत है। कोर्ट ने डीजीपी से कहा कि वह राज्य के जिलों के एसपी एवं एसएसपी को दिशा निर्देश दें कि अगर उनके थाना क्षेत्र में किसी तरह की आपराधिक घटनाएं होती हैं, तो इसकी जिम्मेदारी उस थाना के थाना इंचार्ज पर होगी। कोर्ट ने रांची एसएसपी को भी राजधानी में विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि आए दिन रांची में महिलाओं के गले से गहने छीन लिए जाते हैं, उनके घर के निकट से अपराधी उनके गहने छीन ले जाते हैं। इस पर रोक लगाने की जरूरत है।

**ट्रैफिक एसपी को किया तलब :** रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को मौखिक कहा कि राजधानी रांची में ई रिक्शा अवैध रूप से चल रहे हैं, ट्रैफिक पुलिसकर्मी कार्रवाई के नाम पर इन्हे जब्त करते हैं और फिर रांची नगर निगम के भरोसे छोड़ देते हैं। रांची नगर निगम इन रिक्शा पर जुमार्ना लगाकर फिर से इन्हें सड़क पर चलने के लिए छोड़ देता है, ऐसा नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकार पर फटकार लगाते हुए कहा कि रांची में अवैध रूप से चलने वाले ई रिक्शा पर रोकथाम सुनिश्चित करें। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए ट्रैफिक एसपी को मंगलवार को हाई कोर्ट में तलब किया है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करें कि 15 अगस्त से पूर्व राजधानी रांची में अवैध रूप से चलने वाले रिक्शा पर पूरी तरह से रोक लगे। इससे पूर्व कोर्ट को बताया गया कि की शहर में 4 हजार से ज्यादा ई रिक्शा चल रहे हैं। यह लोग वैसे रूट पर भी चल रहे हैं जो इनके लिए निर्धारित नहीं है।

## विद्यार्थियों ने की मंदिर की साफ-सफाई

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने कम्यूनिटी आउट रीच कार्यक्रम के अंतर्गत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित शिव मंदिर के प्रांगण की साफ-सफाई पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से की। ज्ञातव्य है कि हाल ही में मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य पूरा हुआ, जिस कारण वहाँ गंदगी का अम्बार था। इस कार्यक्रम में विद्यालय के एन सी सी के चालीस विद्यार्थियों " शिक्षक श्री अखण्ड नारायण मिश्र एवं श्री दुष्यंत सिंह ने दिशा-निर्देशन किया। इस सफाई अभियान में विद्यालय के माली श्री अनिल मालाकार की भूमिका भी अद्वितीय रही। छात्र-छात्राओं के उत्साह को देख कर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं मंदिर के पुरोहित सभी की आ>र्य का ठिकाना नहीं था।

# शिक्षकों का सीएम आवास के समक्ष आमरण अनशन शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रदेश के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षकों का आमरण अनशन सह धरना-प्रदर्शन सोमवार से मुख्यमंत्री आवास के समक्ष (राज भवन के पास) शुरू हुआ। मांगों के समर्थन में सभी प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड +2 शिक्षक संघ, झारखंड प्रदेश संयुक्त मोर्चा, एमएसीपी संघर्ष मोर्चा के सदस्य इसमें शामिल हुए। मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का एलान भी किया गया। संघ अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राममूर्ति ठाकुर व मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने अनशनकारी सह धरना प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों से कहा कि आरपार की लड़ाई के लिए वे तैयार रहें। अन्य राज्यकर्मियों को एमएसीपी का लाभ मिल रहा है, जबकि शिक्षकों के किसी संवर्ग को यह लाभ नहीं मिल रहा है। यह दोहरी नीति शिक्षकों के साथ अपनाई जा रही है। पूरी सेवाकाल में बिना वित्तीय लाभ के शिक्षक सेवानिवृत होने को बाध्य हैं। पड़ोसी राज?य बिहार के शिक्षकों को यह लाभ मिल रहा है। संघ के पदधारियों ने कहा कि वर्षों से छठे वेतनमान के वेतन निर्धारण में विसंगति दूर करने की मांग की जा रही है। इसमें भी सरकार सचिवालय कर्मी को वित्तीय लाभ दे रही है, जबकि शिक्षकों को नहीं मिला रहा है। ऐसी दोहरी नीति का दंश शिक्षक झेल रहे हैं।

अंतर जिला स्थानांतरण में गृह जिले में तबादले का विकल्प देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष शिक्षक आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन करने को विवश हुए। उक्त निर्णय संघ की राज्यकार्यकारिणी की पिछले दिनों हुई बैठक में लिया गया। आज के आमरण अनशन में बैठने वालों में प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी बसंत कुमार झा मनोरंजन कुमार जुबेर अंसारी अनूप कुमार सिंह शंकर राम धुरेंदर कुमार सुषमा नाग ग्रेबियल क्लरेंश अखिलेश प्रसाद सुरेंद्र पासवान महबूब आलम शामिल है। आमरन अनशन में राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद असदुल्लाह, ,संतोष कुमार दीपक दत्ता, अनिल कुमार सिंह हरेकृष्ण चौधरी, राकेश कुमार, अजय ज्ञानी प्रभात कुमार सलीम सहाय कृष्णा शर्मा अमरनाथ झा नरेंद्र यादव शर्मा है तो शैलेंद्र झा कन्हैया ठाकुर सागनेन टुडु मनोरजन कुमार रमेश प्रसाद सुनील दुबे शिव शंकर रजक रवी कांत रवी संजय कुमार प्रेम कुमार शर्मा आनंद रजक राधाकांत शाह सुधीर दुबे राजीव पांडे एरियल संजय कांडूलना आभा लकड़ा मनी उरांव शंभू शर्मा रामचंद्र खेरवार सुरंजन कुमार मानिक प्रसाद सिंह सुदामा मांझी राजू साहू राजेश कुमार सिन्हा शामिल है।

# दिल्ली के सेंट्रल कॉटेज परिसर में अब मिलेंगे झारक्राफ्ट के ऑर्गेनिक उत्पाद

**झारक्राफ्ट ने सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज जनपथ दिल्ली में खोला अपना एक्सक्लूसिव शो रूम**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/नयी दिल्ली।** देश में आर्गनिक हस्तकर्धा एवं वस्त्र उत्पादों का प्रमुख उत्पादक झारक्राफ्ट अपने उत्पादों के लिये देश विदेश में चिर परिचित नाम है। इनके सिल्क को काफी सराहा जाता है। अपने उत्पादों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिये सोमवार को झारक्राफ्ट ने दिल्ली के जनपथ पर स्थित कॉटेज इंडस्ट्री के परिसर में अपना एक्लूसिव शो रूम खोला है। इसका उदघाटन उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया।

इस अवसर पर सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि झारक्राफ्ट उत्कृष्ट उत्पादों के उत्पादन, बिक्री के साथ साथ बहुत से कारीगरों को रोजगार भी मुहैया करता है। सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज का परिसर विख्यात परिसर है। यहां न सिर्फ देश से अपितु विदेश से भी ग्राहक आते हैं। हमें आशा है कि हमारे इस प्रयास से झारक्राफ्ट को नये आयाम मिलेंगे। दिल्ली में पहली बार है कि सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज के परिसर में किसी अन्य ब्रांड को स्थान मिला है, जो झारखण्ड के लिये उपलब्धि है। इस अवसर पर सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तकरघा



एवं वस्त्र उद्योग की वृद्धि को सुनिश्चित करने के लक्ष्य से झारक्राफ्ट ने ये नया कदम उठाया है। झारक्राफ्ट मेक इन इंडिया की अवधारणा के साथ हस्तकरघा एवं वस्त्र उद्योग में गुणवत्ता और नवीनता की ओर अग्रसर है।

इस अवसर पर झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक कीर्तिश्री जी ने बताया कि झारक्राफ्ट शुद्ध ऑर्गेनिक, चमकदार तसर रेशम का उत्पादन करने वाला अग्रणी उत्पादक है। झारक्राफ्ट प्रदेश के रीलरों, सूतकातकों, बुनकरोंए शिल्पियों अन्य को रोजगार मुहैया करा रहा है।

झारक्राफ्ट इससे पहले झारखंड, मुंबई, दिल्ली, बंगलुरु, कलकत्ता में अपनी उपस्थिति के साथ था। इस नये शो रूम सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज के परिसर के शो रूम से हमें बहुत अपेक्षा और बिजनेस आने की उम्मीद है। इस अवसर पर झारक्राफ्ट के महाप्रबंधक पंकज कुमार, सहायक महाप्रबंधक राहुल मिश्रा, कार्यप्रभारी हैंडलूम मनोज महतो और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सीएमडी नीलेन्दु कु. सिंह ने सीसीएल में अदालती मामलों के प्रबंधन के लिए सॉफ्टवेयर किया लॉन्च



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने अदालती मामलों के प्रबंधन के लिए एक सॉफ्टवेयर लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) लॉन्च किया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ पंकज कुमार, महाप्रबंधक (सिस्टम) विनय एस महाराज, विभागाध्यक्ष (विधि) वीपी जोबी और सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एलएमएस से प्रबंधन को लंबित मुकदमों की निगरानी करने में सुगमता होगी। इस सॉफ्टवेयर से लंबित अदालती मामलों के आवश्यक कार्रवाई के लिए दी गई समय सीमा समाप्त होने पर डिलिंग अधिकारियों और उनके रिपोटिंग अधिकारियों को स्वतः एसएमएस रिमाइंडर प्राप्त हो जाएगा। एलएमएस की रिपोर्ट में लंबित कार्रवाई का भी पता चल पाएगा। इस प्रणाली के प्रयोग से अदालती मामलों के निष्पादन में और तेजी आएगी। यह कोल इंडिया में विधिक मामलों के प्रबंधन के लिए अपनी तरह का पहला सॉफ्टवेयर है। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में इसे कंपनी के सिस्टम विभाग और विधि विभाग के संयुक्त प्रयास से सीसीएल द्वारा ही विकसित किया गया है। सीसीएल द्वारा आधुनिक नवाचार और तकनीकों का प्रयोग कर त्वरित एवं प्रभावी कार्य निष्पादन पर जोर दिया जाता है।

### सीआईएल की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 4.24% बढ़ा, राजस्व में 1.3 फीसदी

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 4.24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 10,943.55 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की जून तिमाही में सीआईएल ने 10,498.39 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। राजस्व 36,464.61 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 35,983.21 करोड़ रुपये की तुलना में 1.3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का इबीआइटीडीए 5.6 प्रतिशत बढ़कर 14,338.5 करोड़ रुपये हो गया।

## ऑटो यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन, रांची जिला ई रिक्शा यूनियन का संयुक्त रूप से दिनेश सोनी एवम अर्जुन यादव के नेतृत्व में सोमवार को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र पांडे एवं सुनील सिंह ने किया।

संयुक्त संगठन के द्वारा प्रमंडलीय कमिश्नर से मिलकर आर.टी.ए द्वारा थोपे गए काला कानून के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया। कमिश्नर के द्वारा तत्काल प्रभाव से आर.टी.ए द्वारा लागू सभी काले कानून को अगले बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया गया एवं आश्वासन दिया गया है कि हमारी मांगों के समर्थन में विचार कर आगे बैठक के बाद ही कोई कार्यवाही होगी। ई रिक्शा को 3000 से 25000 तक फाइन रांची नगर निगम के द्वारा काटा जा रहा है। इस संदर्भ में पूर्व में नगर आयुक्त से महासंघ ने मुलाकात किया था उन्होंने इस पर रोक लगाने हेतु आश्वासन दिया था परंतु अभी तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। यातायात प्रशासन द्वारा अभी भी ई रिक्शा चालकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश सोनी, अर्जुन यादव, उत्तम यादव, सुनील सिंह, नागेंद्र पांडे, शैलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पांडे, रामकुमार सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, पंकज सिंह, बादल थापा, संतोष श्रीवास्तव, पिंकी तिर्की, राजीव कुमार उर्फ गुड्डू, अमित वर्मा, संतोष साहू, नितेश वर्मा, आशीष प्रियदर्शी, गोपाल सिंह, शमीम अंसारी, फिरोज आलम, रंजन कुमार सिंह, दिलीप सिंह, फतेह भारद्वाज, पलामू सिंह इत्यादि हजारों ऑटो चालक मालिक एवम ई-रिक्शा चालक मालिक उपस्थित थे।



## नशा दीमक की तरह मानव शरीर को नष्ट करता है : राजेश कुमार सिन्हा




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संत जोन्स इंगलिश मीडियम स्कूल में नशा उन्मूलन पर डालसा ने सोमवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

मौके पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर एवं अन्य तरह के मादक पदार्थों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशा दीमक की तरह मानव शरीर को नष्ट करता है। सीआईडी के मनोज कुमार ने कहा कि नशा से शारिरीक, मानसिक एवं आर्थिक हानि होती है। नशा में व्यक्ति चोरी करना शुरू कर देता है।

नशा की चपेट में आकर नशीली पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग अपने अनमोल जीवन को नष्ट कर रहे हैं। नशा से पूरा घर-परिवार बर्बाद हो जाता है। नशा की रोकथाम के लिए कई कार्य विभिन्न संस्थाओं द्वारा किए जा रहे हैं।

इस मौके पर मध्यस्थ पी.एन. सिंह, अतुल गेरा, एस.पी (सिटी) राज कुमार मेहता, पीएलवी संगीता सिंह, संगीता देवी एवं संत जॉन्स इंगलिश मीडियम स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाए व अन्य उपस्थित थे।

## रांची-धनबाद में सामान्य से अधिक बारिश, पाकुड़ में सबसे कमजोर रहा मॉनसून

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जुलाई माह के अंतिम सप्ताह से अच्छी बारिश हुई है। इस दौरान कई जिला में 300 मिलीमीटर तक बारिश हुई है। लेकिन इतनी बारिश के बावजूद झारखंड में 5 अगस्त तक सामान्य से 19 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में 1 जून से 5 अगस्त तक 455.3 मिलीमीटर बारिश हुई है, जबकि इस अवधि की सामान्य बारिश 559.8 मिलीमीटर है। बता दें कि झारखंड में मॉनसून छह दिन की देरी के बाद 21 जून को प्रवेश कर गया था। वहीं 28 जून तक मानसून पूरे झारखंड में पहुंच गया था। जारी आंकड़ों के अनुसार, धनबाद और रांची में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। धनबाद में 5 अगस्त तक सामान्य बारिश 581.2 एमएम है, वहां अब तक 612.6 एमएम बारिश हुई है। वहीं रांची में सामान्य बारिश 579.3 है, वहां अब तक 584 एमएम बारिश हुई है।

### 11 अगस्त तक बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, 11 अगस्त तक राज्य में बारिश होने कि प्रबल संभावना है। मंगलवार को राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं बुधवार को दक्षिणी पि्मी, उत्तर पि्मी और आसपास के मध्य भाग में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। पिछले घंटे 24 में राज्य में मॉनसून गतिविधि कमजोर रही। कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 36.4 एमएम खरसावां में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 34.3 डिग्री सराइकेला में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री रांची में दर्ज किया गया।

### पाकुड़ में मॉनसून रहा कमजोर

जारी आंकड़ों के अनुसार, पाकुड़ जिले में मॉनसून सबसे कमजोर रहा है। 5 अगस्त तक पाकुड़ में 52 प्रतिशत कम 307 एमएम बारिश हुई है। वहीं चतरा में 44 प्रतिशत कम 283.2 एमएम, लोहरदगा में 43 प्रतिशत कम 323.3 एमएम और पि्मी सिंहभूम में 32 प्रतिशत कम 372 एमएम बारिश हुई है। कम बारिश से यहां होने वाली खेती में भी असर पड़ने के आसार हैं।

## सहायक आचार्य पेपर-4 उर्दू परीक्षा में प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस दिए जाने के विरोध में प्रदर्शन

**रांची।** सहायक आचार्य पेपर-4 उर्दू विषय के लिए 31 जुलाई को आयोजित हुई परीक्षा में सभी प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस दिए जाने के विरोध में सोमवार को अभ्यर्थियों ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और आउट ऑफ सिलेबस प्रशन दिए जाने के खिलाफ नारेबाजी की इसके बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के सचिव से वार्ता हुई। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के सचिव ने एग्जामिनेशन बोर्ड में शिकायतों को रखने की बात कहा और उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के हित में ही आयोग निर्णय लेगी। इस मौके पर झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि उर्दू भाषा अभ्यर्थियों के साथ लगातार ज्यादती और भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने आयोग से मांग किया कि दोबारा परीक्षा नहीं कराने की स्थिति में उच्च न्यायालय का सहारा लिया जाएगा।

## विधानसभा चुनाव में बीजेपी को धूल चटाने के लिए सीटों की अदला-बदली कर सकता है इंडी गठबंधन

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार बहुत उलट-फेर होने की संभावना है। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए जेएमएम गठबंधन दलों के बीच सीटों को लेकर कोई भी बड़ा फैसला ले सकता है। बीजेपी को हराने के लिए गठबंधन के तहत कांग्रेस और झामुमो ने इस बार होनेवाले विधानसभा के चुनाव में तकरीबन दर्जन भर सीट की अदला-बदली करने का संकेत अभी से देना शुरू कर दिया है। इसे लेकर गठबंधन दलों के बीच चचाओं का दौर जारी है। इंडी गठबंधन 2019 की तरह अपनी जीत दोहराने के लिए जनता के हित में घोषण दर घोषणा कर विपक्ष को चुनौती देने के लिए लगातार विशेष रणनीति बनाने में जुट गयी है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी



2019 में अपनी खोई सत्ता को पाने के लिए अभी से एड़ी चोटी एक किये हुए है।

### इन विधानसभा सीटों की अदला बदली संभव

इंडिया ब्लॉक के सूत्र बताते हैं कि इस बार जब गठबंधन के नेता सीट शेयरिंग के लिए बैठेंगे तो पहला पैमाना विनिबिलिटी का होगा। जगरनाथपुर, तोरपा, कांके, रामगढ, मांडू, भवनाथपुर, राजधनवार, जमुआ, निरसा, सिंदरी, बरकळा और पोड़ैयाहाट ऐसी सीटें हैं जहां 2019 की तुलना



में अदला-बदली देखने को मिल सकता है।

### 33 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है कांग्रेस

2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 31 विधानसभा सीट पर लड़ी थी। इस बार वह 33 सीटें चाहती है क्योंकि भाजपा के मांडू विधायक जेपी पटेल और पोड़ैयाहाट से जेवीएम विधायक प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा की इच्छा भी इस बार 2019 की अपेक्षा अधिक सीट पर लड़ने की है।




झामुमो का तर्क है कि भवनाथपुर के दो बड़े राजनीतिक चेहरे अनंत प्रताप देव और मो. ताहीद झामुमो में आ गए हैं, इसी तरह पूर्व विधायक जानकी यादव के जेएमएम में आ जाने से बरकळा सीट पर राजद से अधिक दावेदारी जेएमएम की हो जाती है। झामुमो नेताओं का कहना है कि सभी इंडिया दलों का लक्ष्य जीत हासिल कर दोबारा सत्ता पाने का है। ऐसे में जमीनी हकीकत और विनिबिलिटी ही सीट शेयरिंग का मुख्य आधार होगा।

इस रणनीति के तहत राज्य में इंडिया गठबंधन के दोनों प्रमुख दल झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के नेता मानते हैं कि 2019 और 2024 की राज्य की राजनीति परिस्थिति में कई बदलाव हुए हैं। ऐसे में विनिबिलिटी और जमीनी हकीकत का आकलन कर कुछेक सीटों की अदला बदली भी संभव है।

### 2019 में यह था सीट शेयरिंग का फॉर्मूला

2019 के झारखंड विधानसभा विधानसभा चुनाव में तीन दल महागठबंधन के तहत लड़े थे। इसमें जेएमएम को 43, कांग्रेस को 31 और राजद 07 सीट मिली थी। बदली परिस्थिति में अब कांग्रेस और झामुमो के नेता इस बात पर एकमत हैं कि भाजपा और एनडीए को राज्य की सत्ता से दूर रखने के लिए अगर कुछेक सीटों की अदला बदली करना पड़े तो उससे परहेज नहीं है।

## खबर एक नजर में

### विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर केंद्रीय सरना संघर्ष समिति की बैठक



रांची। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के उप कार्यालय हेसल समुदाय भवन पिस्का मोड़ में विश्व आदिवासी दिवस का तैयारी को लेकर केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप के अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि इस बार विश्व आदिवासी दिवस सरहुल जुलूस के तर्ज पर होगी सभी परंपरिक वेषभूषा एवं परंपरिक तीर धनुष रंपा चंपा काट का घोड़ा हाथी के साथ आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से सती तिर्की, अनिता उरांव, संगीता गाड़ी, गुड्डू उरांव, कुलदीप उरांव, शोभा तिर्की, नुरी तिर्की, पार्वती उरांव, सुनिता उरांव, नीलम उरांव, रिता खलखो, पिंकी कुजूर, महादेव उरांव, इत्यादि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय सनातन युवा मंच ने लगाया शिविर



**रांची।** राष्ट्रीय सनातन युवा मंच के द्वारा सोमवार को पहाड़ी मंदिर परिसर में सेवा शिविर लगाया गया। इस शिविर मे दुध,बेलपत्र, पुष्प का वितरण भक्तों के बीच किया गया। इस सेवा कार्य में भारतीय जानता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह संस्था के कर्मकार पंकज वर्मा, निशांत पांडे, जितेन्द्र यादव, रानी, मुसकान, शुम्मी वर्मा ,आराधना झा, सोनम,वीना,सुभम मोदी ,साकेत सिंह, विभु सिंह, हर्षित पाठक, आर्यन ठाकुर ,ऋतिक, अरुण, कैलाश पंडित ,चन्दन सिंह, बिंदुल वर्मा, बिंदीय , राजु चौधरी ,प्रताप कर्मकार, अक्षय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एलिस्टा का बिहार-झारखंड में विस्तार करने की योजना

**रांची।** इलेक्ट्रॉनिक, घरेलू उपकरण, आईटी और मोबाइल एक्सेसरीज ब्रांड एलिस्टा इंडिया बिहार झारखंड में आक्रामक विस्तार योजना पर काम कर रही है। एलिस्टा राज्य के बड़े उपभोक्ताओं पर नजर रखते हुए बिहार में अपनी उत्पादन इकाई शुरू करेगा। एलिस्टा इंडिया के निदेशक - बिक्री, अजय सिंह ने कहा कि कंपनी की बिहार में बड़ी संभावनाएं हैं क्योंकि इसके पचास प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता पूर्वी भारत से हैं जिसमें बिहार भी शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि बड़े उपभोक्ता आधार के अलावा, कंपनी में अधिकांश कार्यबल बिहार से है, ऐसी स्थिति में बिहार में उत्पादन इकाई स्थापित करके हम बाजार को और आगे बढ़ा सकते हैं।

### झासा ने सीएम को सौंपा मांग पत्र



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में सोमवार को झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार ने मुलाकात कर उन्हें संघ के विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव ने राज्य सरकार की ओर से झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के कार्यालय निर्माण के लिये भूमि उपलब्ध कराने तथा झारखंड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन किये जाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री से उन्होंने झारखंड राज्य में नये अनुमंडल कार्यालय की स्थापना के लिये भी अनुरोध किया है।

### हरियाली सावन महोत्सव में देर शाम तक झूमी महिलाएं



रांची। हरियाली सावन महोत्सव का आयोजन सोमवार को साकेत नगर हिनू में किया गया। इस मौके पर आयोजित संगीत कार्यक्रम में देर शाम तक महिलएं झूमती रहीं। मौके पर नित्य, बच्चों के लिए खेल एवं अन्य संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव के अंत में सभी ने मिलकर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आंनद लिया। इस महोत्सव में मीनू, वंदना, प्रेम, कामिनी, नोबिता, पुष्पा, सुप्रिती, कलावती सहित अन्य महिलओं ने भाग लिया।

### सुरेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लगी भीड़



**रांची।** स्वर्णरेखा नदी तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर चुटिया में सावन महीना के पवित्र तीसरे सोमवार को प्रातः 4 बजे मंदिर का पट शिवभक्तों के जलाभिषेक के लिए खोल दिया गया। प्रातः से ही शिवभक्तों ने बड़ी संख्या में कतार बद्ध होकर शिवलिंग पर जलभिषेक किया। शिव भक्तो के बोल बोम और हर-हर महादेव के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया । संध्या में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और महाआरती हूई। विशेष आरती में सैकड़ो की संख्या में महिलाऐं एवं पुरुष शामिल हुए। आरती के उपरांत खीर का भोग वितरण किया गया। संध्या आरती में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्रभूषण कुमार, राजेश कुमार सिंह, राधा मोहन, अनिल टाइगर, सुरेश साहू, मुकेश केशरी, केशव केशरी, आलोक कुमार, मनपुरन नायक, कृष्णा साहु, अर्जुन साहू, संजय कुमार, रतन लाल सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यह जानकारी मंदिर समिति के महासचिव संतोष कुमार और मीडिया प्रभारी रतन लाल ने दी।

### विज्ञापन निकालने के विरोध में चौकीदारों ने शुरू किया जेल भरो अभियान

**रांची।** अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य दफादार -चौकीदार पंचायत राज्य कमेटी के लोगों ने सोमवार से जेल भरो आंदोलन शुरू किया। झारखंड के विभिन्न जिलों में सरकार ने चौकीदारों के रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला है। उसे रद्द कराने की मांग को लेकर सैकड़ों चौकीदार और दफादर 20 जुलाई से राजभवनन के समक्ष अनि्तिकालीन धरना दे रहे थे। लेकिन सीएम से वार्ता नहीं होने के कारण सोमवार को राजभवन से पैदल मार्च करते हुए राजभवन की ओर आगे बढ़ रहे थे। वहां मौजूद पुलिस ने सभी को रोक दिया। अध्यक्ष दयाल सिंह ने कहा चार अगस्त तक सरकार से वातार्लाप कराने का निर्णय लिया गया था। लेकिन रविवार को सीएम से वातार्लाप नहीं हुआ। जबतक सीएम से वातार्लाप नहीं होता और विज्ञापन रद्द नहीं किया जाता, तबतक आंदोलन चलता रहेगा।

### चार्जशीटेड आरोपी ने अपनी याचिका वापस ली

**रांची।** बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह ने अपनी याचिका वापस ले ली है। सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में मामले में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन सुनवाई से पूर्व ही उनके वकील ने याचिका वापस लेने का आवेदन दिया। इस पर कोर्ट ने वापस लेने की अनुमति दी। उन्होंने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए अदालत से अग्रिम जमानत की गुहार लगाई थी। इसके लिये उनके अधिवक्ता ने 15 अप्रैल को याचिका दाखिल की थी। दाखिल याचिका पर नौ निर्धारित तारीखों में सुनवाई के बाद याचिका वापस ली गई। बता दें कि ईडी ने जमीन घोटाले में जांच पूरी करते हुये हेमंत सोरेन के साथ बिनोद कुमार सिंह को भी सह अभियुक्त बनाया है। इसी के बाद से उनकी मुश्किलें बढ़ी हुई है। गिरफ्तारी के बचने के लिये अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

### मुख्यमंत्री से मिला केंद्रीय सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में केंद्रीय सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आगामी दिनांक 09 अगस्त 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राजधानी के विभिन्न क्षेत्र में जनजातीय सामाजिक तथा धार्मिक संगठन की ओर से पूर्व वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ मैत्रीपूर्ण समन्वय मनाया जायेगा। इस अवसर पर समाज के भीतर सभी के हक अधिकार एवं स्वतंत्रता को सम्मान के साथ बढ़ावा देना, गरीबी उन्मूलन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास का संदेश देने का काम जनजातीय समूहों के द्वारा किया जायेगा। मौके पर मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मूलभूत सुविधा मुहैया कराने एवं राजधानी के अल्बर्ट एक्का चौक में मंच निर्माण कराये जाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल सदस्यों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिये जाने का भरोसा दिया है। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की सहित प्रकाश हंस, रूपचंद केवट, गैना कच्छप, मुन्ना उरांव, कैलाश तिर्की, अशोक लोहरा, विजय कच्छप, सुभानी तिग्गा, सुचिता बाड़ा, विनीता तिग्गा, राहुल उरांव उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## रातू : किराना दुकान में छापेमारी, अवैध शराब के साथ युवक धराया

■ सीनियर एसपी को 112 डायल कर दी गयी गुप्त सूचना

**रातू।** सीनियर एसपी चंदन कुमार को 112 डायल से मिली गुप्त सूचना पर सोमवार की शाम करीब 4 बजे पुरियो के एक किराना दुकान में छापेमारी कर अवैध शराब बेचने के आरोप में स्व अशोक साहू के पुत्र रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके दुकान से 6 हाफ, 1 नीट और बियर की 2 पेटी बरामद की गयी है। मामले को लेकर रातू थाने में उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस इसकी जांच की जा रही है।

## मांडर : बाइक के धक्के से युवक घायल

**मांडर।** थाना क्षेत्र के हेसमी मोड़ के निकट रविवार की शाम बाइक के धक्के से हेसमी निवासी जसिंता लकड़ा (45) घायल हो गयी। उसे मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया। घटना शाम करीब छह बजे की है। बताया जाता है कि जसिंता पैदल ही अपने घर की ओर जा रही थी। इसी क्रम में सोसई की ओर जा रहे बाइक सवार बंझिला निवासी आकाश गोप (18) ने उसे धक्का मार दिया। हादसे में बाइक सवार को भी चोट आयी है।

## भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने किशुन दास

**ठाकुरगांव।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने पार्टी के वरीय नेता कमलेश राम को मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इससे पूर्व के कमेटी में कमलेश राम मोर्चा का प्रदेश महामंत्री का दायित्व संभाल चुके हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने जो जिम्मेदारी दिया है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाउंगा। कमलेश राम के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ,राज्यसभा सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद,उतपल शाहदेव, दीपक दास,जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो,कमल मोदी,अमृत महतो आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## डॉ परमेश्वर भगत ने मृतक के परिजन को बंधाया ढाढस

**चान्हो।** प्रखंड के ग्राम चोड़ा में बुधवा उरांव का अकास्मिक निधन की खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत मृतक के मिट्टी में शामिल हुए। डॉ भगत ने शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए मृतक के परिवार वालों को ढांढस बंधाया एवं हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया।

## वंडरलैंड स्कूल में सावन महोत्सव

**मांडर।** वंडरलैंड स्कूल में सोमवार को सावन महोत्सव संग मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा चार से नवम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अम्मारा तकदीरा, आयत परवीन, हीना, परवीन, अर्शी तैयबा, मिराब फिरदौस इच्छा पाठक व जेबा अर्शी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निदेशक एम० डी० नेशार आलम ने मौके पर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर अनामिका राज, पुष्पांजली, साहू, रेफत आरा, आरती तिर्की ने बच्चों का उत्साह, वर्धन किया।

## हाथियों के झुंड ने धान बिचड़ा को किया नष्ट

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के पोवादीरी और कुदाडीह गांव में रविवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने तैयार धान बिछडा रौंद दिया है। गांव के किसान बुधराम लोहरा, मिलना सिंह मुंडा,जयपाल मुंडा,सुभाष स्वांसी,गणेश शंकर विद्यार्थी, मुकेश महतो, अजीत महतो, कार्तिक महतो आदि के धान बिचड़ा नष्ट हुए है। हाथियों की संख्या 7 से 8 बताई जा रही है। किसानों ने वन विभाग मुआवजा की मांग किया है।

# ग्रामीणों ने लिया नशाखोरी को खत्म करने का संकल्प

**नशाखोरी के खिलाफ एकजुट हुए अनगड़ा के ग्रामीण**



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** युवा पीढ़ी को बचाने के लिए नशाखोरी को रोकना होगा यदि आज हम इसके खिलाफ एकजुट नहीं हुए तो आने वाले समय में युवा पीढ़ी का नस्ल बर्वाद हो जाएग उक्त बातें अनगड़ा के थानेदार चमरा मिंज ने कही। वे आज नशाखोरी और नशा का व्यापर करने वालों के विरुध समाज के बुद्धजीवी और गण मान्य लोगों की होटेल राजधानी में आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि समाज को बचाने के लिए हम प्रयासरत हैं समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को आगे इसके लिए आना होगा। भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो ने कहा कि एक अभियान चलाकर इस नशा के व्यपार और नशाखोरी को रोकना होगा। डॉ रिझू नायक ने कहा कि कि सभी को मिलजुलकर नशाखोरी और नशे का करोबारियों को चिन्हींत कर उनके विरुध कावाई करने की जरूरत है। अतिश महतो महतो ने कहा कि यदि नशाखोरी को सभी समाज के लोगों के द्वारा मिलजूल कर रोका नही गया तो आज का युवा पीढ़ी तबाह और बरवाद हो जाएगा जलनाथ चौधरी ने कहा कि इसके लिए घर परिवार के लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। अब्दुल इमाम अन्सारी ने कहा कि अनगड़ा शिक्षा का हब बन चुका है इसलिए नशाखोरी पर रोक जरूरी है। जयराम महली ने कहा कि नशा के कारण ही युवा पीढ़ी अपराध की ओर अग्रसर हो रहें हैं। अन्य वक्ताओं एक कमेटी बनाकर नशा के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही। बैठक मे मार्शल महतो सुनील महतो रामपोदो महतो मुखिया कविता कुमारी उमेश बड़ाईक विष्णु महतो सिकन्दर अन्सारी राजेश महतो कृष्णा भगत जगरनाथ महतो सुप्रेश महतो रामसाय मुन्डा विश्राम महतो मिनहाज अन्सारी शिवलाल महतो खालीक खान अजीज अन्सारी राजेन्द्र महतो संजय महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## डीएवी खलारी में नशामुक्ति अभियान का समापन

**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी में आज त्रीदिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का समारोह पूर्वक समापन हो गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की डकरा शाखा की बीके प्रीति बहन की टीम, खलारी के उप पुलिस अधीक्षक आर एन चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नशा मुक्त भारत अभियान के तीसरे दिन आज इस अवसर पर खलारी के उप पुलिस अधीक्षक आर एन चौधरी ने बच्चों को बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हमें इससे दूर रहना चाहिए। नशा बसे बसाए परिवारों को उजाड़ देता है। इससे देश, परिवार और समाज बर्बाद हो जा रहा है। डीएसपी साहब ने बताया कि कोई ड्रग के साथ पकड़ा जाता है तो उस पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हो जाता है और उसे जेल हो जाती है। उन्होंने बच्चों को उत्साहित करते हुए अपना मोबाइल नंबर दिया और कहा कि किसी भी परेशानी में फंसने पर उन्हें, विद्यालय, अपने अध्यापक, अपने माता-पिता या फिर प्रशासन को सूचना अवश्य देनी चाहिए। बच्चे यह नंबर अपने माता-पिता को भी दे सकते हैं।

## ओरमांझी : कंप्यूटर ऑपरेटरों ने काला बिल्ला लगा किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड राज्य सामाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटरों की मांगो को लेकर घोषित आंदोलन के समर्थन में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर विनय कुमार द्वारा काला बिला लगा कर विरोध प्रदर्शन किया गया। विनय कुमार ने बताया समाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर के मानदेय की विसंगती को दूर करने व एकरूपता लाने और कंप्यूटर ऑपरेटर की छटनी पर रोक लगाने सहित विभिन्न मांगो को लेकर आंदोन किया जा रहा है। कहा आंदोलन के माध्यम से सरकार से सामजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटाइन्ट्री ऑपरेटर व अन्य कार्यरत कर्मी की सेवा सामाजिक सुरक्षा के स्वीकृत रिक्त लेखा लिपिक के पद वरीयता के आधार पर समायोजित किए जाने, 60 वर्ष उम्र सीमा तक सेवा की गारंटी, आउटसोर्स दैनिक मजदूरी, संविदा व अनुबंध पर कार्यरत सभी कंप्यूटर ऑपरेटर का एक साथ वरीयता सूची प्रकाशित करने व बीमा सुविधा की मांग की जा रही है।



काला बिल्ला लगाया ऑपरेटर।

## ममता फैब्रिकेशन में चोरी सीसीटीवी भी ले गये चोर

**ओरमांझी।** मेसरा टीओपी थाना क्षेत्र विकास चैक स्थिति ममता फैर्बिकेशन वर्क में चोरो ने निषाना बनाया है। बताया गया कि रविवार को छुट्टी के बाद सोमवार को सुबह कंपनी के इंचार्ज राजधाम साहू कार्यालय का कमरे में लगे ताला खोलकर अंदर गया। कमरे के अंदर रखी लैपटाप, प्रिंटर, इनवाईटर, बेट्री व टीवी सहित कई सामन गायब थे। बताया गया कि चोरों ने ताला खोलकर कमरे के अंदर गए और चोरी के बाद सीसीटीवी कैमरा व डिविआर भी चोर ले गए। चार लोगों पर चोरी की आशंका जताते हुए थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

# 60 घंटे में डायवर्सन बन कर तैयार

**राष्ट्रीय राज मार्ग के मुरगू पुल पर सामान्य हुआ यातायात**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग में सोमवार की दोपहर यातायात सामान्य हो गया। एनएचएआई अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार की रात पानी की तेज धार से मुरगू पुल पर बने डायवर्सन बहने के 60 घंटे के अंदर इसका पुनर्निर्माण का काम पूरा कर लिया गया। इससे तीन दिनों बाद राज्य के विभिन्न जिले से टूटे सड़क संपर्क फिर से बहाल हो गया है।अभियंता की निगरानी में जेसीबी समेत आधुनिक तकनीक की मदद से युद्ध स्तर पर डायवर्सन बन कर तैयार हो गया। इसमें सैकड़ों कुशल मजदूरों से 24 घंटे सेवा ली गयी। डायवर्सन बनने और यातायात सामान्य होने पर लंबी दूरी की यात्री बस व ट्रक चालक तथा राहगीरों ने खुशी का इजहार किया है।



**ग्रामीणों ने ली राहत की सांस**

मुरगू समेत समीपवर्ती गांव के लोगों ने भी राहत की सांस ली है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि पुल और अधूरी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने को लेकर आंदोलन किया जायेगा। रैयतों को मुआवजा राशि की भुगतान के लिये भू-अर्जन कार्यालय पर दबाव जारी रहेगा।

## अपराधियों को संरक्षण दे रही सरकार : लक्ष्मण सिंह



**रांची।** समाजसेवी लक्ष्मण सिंह ने कहा है कि राज्य में आम नागरिक समेत पत्रकार, नेता, वकील और दारोगा कोई सुरक्षित नहीं हैं। अपराधियों को सरकार का संरक्षण मिल रहा है। पुलिस सफेदपोश के आगे पस्त हो गयी है, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप्पी साधे हुये हैं। उन्हें नैतिकता के आधार पर पद से इस्तीफा दे देना चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गयी है। उन्होंने इस सरकार के रहते रक्त बहाव जारी रहने की आशंका जताते हुये राज्यपाल संतोष गंगवार से विधानसभा चुनाव पूर्व राष्ट्रपति शासन के लिये केंद्र से सिफारिश किये जाने की बात कही है। श्री सिंह मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकार शेख मुजिबुल के परिजनों पर 28 जुलाई की शाम किये गये जानलेवा हमले व दुकान में तोड़फोड़ की चर्चा करते उन्होंने पार्षद वेदप्रकाश सिंह, सिविल कोर्ट के वकील गोपी कृष्ण तथा स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप हत्याकांड की भी याद दिलायी। लक्ष्मण सिंह ने हुरहुरी घटना के 8 दिन बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किये जाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने डीजीपी से पत्रकार परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

एक नजर में

## पूर्णाडीह परियोजना के यूनियन के सदस्य ललन सिंह से मिले, हर्ष व्यक्त किया



**खलारी।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के सीसीएल सचिव ललन प्रसाद सिंह से पूणार्डीह परियोजना के यूनियन से जुड़े सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। ललन सिंह पर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा पर्सनल नॉन ग्रेटा लगाया गया था। जिसे कुछ महीनों के प्रतिबंध के बाद हटा दिया गया। सोमवार को सभी यूनियन सदस्यों ने उनके आवास में जाकर पुष्प गुच्छ व मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। इस दौरान यूनियन नेता ने कहा कि क्षेत्र के प्रतिष्ठित मजदूर नेता के ऊपर पर्सनल नॉन ग्रेटा प्रबंधन द्वारा निरस्त किया जाना मजदूरों की जीत है। मौके पर महेंद्र यादव, बसंत प्रसाद, प्रमिला कुमारी, किरण देवी, मनोज चौधरी, अभिमनु कुमार, रंजीत प्रसाद, राजेश्वर गंझू, अशरफ आलम, सुमंत गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## दशमेश मेडिकल संचालक ने किया पौधरोपण



**खलारी।** दशमेश मेडिकल स्टोर, डकरा के संचालक सुखविंदर सिंह की दिवंगत माता बलबीर कौर जी के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सिविल सोसायटी ऑफ खलारी एवम डकरा 40+ क्रिकेट टीम के सदस्यों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान को समर्पित किया गया। सुभाष नगर शिवमन्दिर, काली मंदिर सुभाष नगर, नर्मदेश्वर शिव मंदिर डकरा, गायत्री मंदिर डकरा के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान नीम,पीपल और बरगद जैसे जीवनदायी वृक्षों का पौधारोपण किया गया। इससे पूर्व गुरुद्वारा सिंह साहब डकरा के ग्रंथि जी ने अरदास अर्पित कर पुण्यात्मा को याद किया एवम प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में सुखविंदर सिंह, कार्तिक पांडे, कमलेश चौहान, अवधेश राय, सुनील कुमार, प्रवीण चौहान, प्रशांत दूबे, ओमप्रकाश शर्मा, आनंद सिंह, साबिर अंसारी, आदि लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के नेहालु पतरा टोली मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार ईटा पंचायत के खिरदा गांव निवासी लगभग 25 वर्षीय छोटन उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना सोमवार की शाम करीब 6.00 बजे के आसपास की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय मुखिया वीरेंद्र भगत को दिया। इसके बाद मुखिया ने घटना की जानकारी पाकर घटनास्थल पहुंचे और ईटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा से संपर्क कर घायल छोटन को प्राथमिक उपचार के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल छोटन उरांव का प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार छोटन उरांव अपने गांव खिरदा से अपने ससुराल पोला नदी टोली से लौट रहा था। इसी दौरान पतरा टोली मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गया।

## 47 आवेदन का हुआ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**इटकी।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का इटकी प्रखंड में तीन दिनों में 47 आवेदन का ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो पाया है। सर्वर डाउन होने के कारण इटकी प्रखंड में सोमवार को भी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का सैकड़ों लाभुकों का आवेदन ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन नही हो सका। प्रखंड में तीन दिनों में मात्र 47 आवेदन ही ऑनलाइन हो पाया है। कुल्ली पंचायत में 12, इटकी पूर्वी में एक, इटकी पश्चिमी में एक, मल्टी पंचायत में 12, कुर्गी में 11, रानी खटंगा में 1 और कुंदी पंचायत में 9 आवदेन अब तक ऑनलाइन हो पाया है।

## बेड़ो केसीबी कॉलेज जाने वाली सड़क बदहाल

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग से करमचंद भगत कॉलेज जाने वाली सड़क की हालत बदहाल होने से ग्रामीणों व छात्र छात्राओं को आवागमन में काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों को सड़क की बदहाली के कारण आए दिन परेशानी उठानी पड़ती है। सड़क की हालत काफी बदहाल हो चुकी है। सड़क बदहाल होने से सबसे ज्यादा कॉलेज में पढ़ाई करने आने वाले छात्रों को होती है।कॉलेज की स्थापना के चार दशक बीत जाने के बावजूद पक्की सड़क नहीं बन पाई। विद्यार्थी व शिक्षक आज भी कच्ची सड़क पर चलकर कॉलेज आना जाना करते है। कच्ची सड़क के कारण सड़क का हिस्सा ऊबड़ खाबड़ हो कर गड्ढो में तब्दील हो गया है।



# सर्वर डाउन की भेंट चढ़ी मंईयां योजना

**बेड़ो।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के सत्रह पंचयात भवन में शिविर लगाकर आवेदन लिया जा रहा है।लेकिन आवेदन का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। महिलाएं 3 अगस्त से ही शिविर में अपना रजिस्ट्रेशन करवाने पहुंच रही है। जहां महिलाएं घंटो खड़ा रहने के बाद भी रजिस्ट्रेशन के लिए साइट नहीं खुल रहा है। शिविर में पहुंची महिलाओं ने कहा कि वे सभी पिछले तीन दिनों से केंद्रों पर आ रही हैं। केंद्र पर तैनात कर्मचारी उन्हें यह कह कर वापस कर दे रहे हैं कि बायोमेट्रिक सिस्टम ओपन नहीं हो रहा है। साइट में गड़बड़ी होने की वजह से इस तरह की समस्या हो रही है। जिस प्रकार से पहले दिन साइट नहीं खुल रहा था उसी प्रकार से तीसरे दिन भी साइट नहीं खुल रहा है। ऑपरेटर ने बताया कि उनके तरफ से उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है ताकि केंद्रों पर पहुंच रही महिलाओं का रजिस्ट्रेशन समय पर हो सके। इस योजना में महिलाओं को पेंशन के रूप में एक हजार रुपया मिलेगा।

## इटकी शिव मंदिर में तीसरी सोमवारी पर श्रृंगार पूजा



**इटकी।** सावन माह के तीसरी सोमवारी के अवसर पर इटकी के मुख्य शिव मंदिर में श्रृंगारी पूजा की गयी। मौके पर भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ। श्रृंगारी पूजा पंडित शत्रुघ्न पांडे के नेतृत्व में बबलू महतो वा पत्नी खुशबू देवी द्वारा किया गया। मौके पर मंदिर व शिवलिंग को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, दिवाकर शाही, कृष्णा राम तिवारी, पंचम महतो, अमित महतो, नितिन, अंकित, मनोज महतो, देवेंद्र महतो, नंदलाल महतो सहित अन्य शामिल थे। इधर क्षेत्र के सभी शिवालयों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं द्वारा जल चढ़ाने सिलसिला शुरू हो गया था।

## विधायक ने 77 विद्यार्थियों के बीच बांटी साइकिल

**सिकिदिरी।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय नवागढ़ में कुल 77 छात्र-छात्राओं के बीच सोमवार को साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल का वितरण मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने किया। उन्होंने कहा कि अथक प्रयास के बाद मवि नवागढ़ को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय किया गया है। उनका प्रयास होगा कि क्षेत्र में एक कॉलेज की स्थापना हो सके। विधायक ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर शिक्षा के विकास पर चर्चा किया। बीडीओ ने कहा कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार के ल लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।

## वज्रपात से युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** थाना क्षेत्र के चुतरुडीह - खाटंगा गांव के बीच खेत में बज्रपात से 45 वर्षीय व्यक्ति का मौत हुआ है। घटना सोमवार शाम 6 बजे के आसपास की बताई जा रही है। राहे थाना क्षेत्र में शाम 4 बजे के बाद ही भारी बारिश और तेज आवाज के साथ बज्रपात हो रही थी। खाटंगा गांव का 45 वर्षीय सर्वेश्वर अहीर खेत में काम कर रहा था। अचानक तेज आवाज के साथ बज्रपात हुआ और घटना स्थल पर ही सर्वेश्वर अहीर का मौत हुआ। आसपास के लोगो ने इलाज का प्रयास किया था। घटना की सूचना पर राहे पुलिस मुखिया प्रतिनिधि चरण सिंह मुंडा, पंकज प्रमाणिक, परीक्षित अहीर घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजनों को सांत्वना दिए। इसी वक्त राहे चौक बाजार में तेज आवाज के साथ बज्रपात हुआ था। मनोहर महतो के घर के सामने ही दर्जनों लोगों बारिश से बच रहे थे। सभी लोग बाल बाल बच गए। इधर लोवाहातू गांव में तेज बारिश से जीतलाल कुमार मंडल के घर में बड़ा पीपल पेड़ गिर जाने से पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया है। घर में रखा एक स्प्लेंडर बाइक भी चकनाचूर हो गया है। पेड़ गिरने से लाखों रुपया का क्षति हुआ है।

# ग्रामीण बच्चों ने लिखी कामयाबी की नयी कहानी : सुदेश

**सोनाहातू प्रखंड के 1040 विद्यार्थी हुए सम्मानित**



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के माही वैंकट हॉल में गूंज परिवार के तत्वावधान में मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 2024 में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले प्रखंड के 1040 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक सुदेश महतो, बीडीओ खगेश कुमार,लॉन बॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश महतो,थाना प्रभारी चन्दन कुमार, सीआई सौरभ गांगुली एवं अन्य अतिथियों ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र और पुरस्कार तथा प्रखंड टॉपर एसएसहाई स्कूल सोनाहातू के सुशांत कुमार दास और राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल जामुदाग की अंजली कुमारी एवं हेमन्त कुमार मंडल को टैबलेट देकर तथा उनके अभिभावकों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रखंड के सभी विद्यालयों में मैट्रिक एवं इंटर के टॉपर को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र, पुरस्कार उनके अभिभावकों को शॉल देकर सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों द्वारा शहर के बच्चों की तुलना में अपने आप को खड़ा करना एक चुनौती है। हमारे ग्रामीण परिवेश के छात्रों ने इन चुनौतियों को स्वीकार कर एक उदाहरण पेश किया है। तमाम बाधाओं के बावजूद क्षेत्र के होनहार विद्यार्थियों ने कामयाबी की नई कहानी लिखी है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। लेकिन हमें यहीं नहीं रुकना है। यह महज एक पड़ाव है, हमें ह्लपढ़ेगा सिल्ली बढ़ेगा सिल्ली शिक्षा के महाअभियान को और आगे ले जाना है। बेहतर कल को आकार देने के लिए छात्रों की भूमिका अहम है। यहां के छात्रों में अपार क्षमता है। उनमें हर दिन नया सीखने और समाज के हालात बदलने की ललक है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

कार्यक्रम का संचालन गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य मंजू देवी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष-चित्तरंजन महतो पूर्व जिला परिषद सदस्या बीणा मुंडा, धरणी देवी, संजय महतो, सुषेण प्रमाणिक, रमेश सिंह मुंडा, मुखिया सावना महली, रूपकुमार साहू, अशोक कुमार महतो, अभिराम महतो, बिन्देश्वर महतो मौजूद थे।

# युद्ध की आशंका


आशंका है कि 12-13 अगस्त तक इजरायल-ईरान में युद्ध हो सकता है। इस लड़ाई के लिये दोनों पक्षों की होती लामबन्दी से भी इसकी कल्पना की जा सकती है। अगर इसे समय रहते न रोका गया तो बड़ी तबाही की सम्भावना से इंकार नहीं किया सकता। हमास के राजनैतिक प्रमुख इस्माईल हानिया और हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर फाउद शुकर की हत्या से इजरायल के विरूद्ध और ईरान का साथ देने के लिये लेबनान, यमन, सीरिया और जॉर्डन आ गये हैं। ईरान ने सीरिया से इजरायल पर ड्रोन हमले की तैयारी की है। जॉर्डन तथा लेबनान के कई आतंकी संगठन भी इस लड़ाई में ईरान का साथ देने के लिये मोर्चाबन्दी कर रहे हैं। शुक्रवार को जब हानिया को कतर की राजधानी दोहा में दफनाया गया तो कतर तथा फिलिस्तीनी संगठनों के कई बड़े नेता और कमांडर उपस्थित थे जिन्होंने इस लड़ाई को आगे बढ़ाने का मंसूबा जाहिर किया। फिलीस्तीन समर्थक इस्लामिक देशों की एकजुटता को देखकर इजरायल ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उनसे पानी, खाद्य सामग्रियां, आवश्यक दवाओं का स्टॉक रखने को कहा गया है। साथ ही उन्हें बैटरियों वाले टॉर्च खरीदकर रखने को भी कहा गया। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा न हुआ तो न सिर्फ पश्चिम एशिया बल्कि विश्व की शांति खतरे में पड़ जायेगी। फाउद शुकर की मौत से नाराज हिजबुल्लाह ने इजरायल पर कई मिसाइलें दागी थीं जिसे इजरायल ने हवा में ही नष्ट कर दिया था। इससे साफ है कि ईरान एवं समर्थक देशों में इजरायल के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है जिसे नजरंदाज नहीं किया जाना चाहिये। इस नाराजगी, लड़ाई की तैयारियों एवं दोनों पक्षों की लामबन्दी को देखते हुए शांति के अंतरराष्ट्रीय प्रयास किये जाने अब बेहद जरूरी हो गये हैं।लड़ाई छिड़ जाने पर उसे बड़े विनाश एवं नरसंहार के पहले रोकना कठिन हो जायेगा।

# गडगरी की खरी-खरी

सामान्य तौर पर जी हजूरी में लगे भाजपा के शीर्ष नेताओं के बीच गडगरी ने सही बोलने की हिम्मत की है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर लगाए जा रहे 18 फीसदी जीएसटी को खत्म करने की तार्किक मांग की है। इस प्रासंगिक मुद्दे को उठाकर गडकरी ने करों के मानवीय पक्ष को ही उजागर किया है। निस्संदेह, जीएसटी को कम करना एक मानवीय पहल होगी। वह भी उस देश में जहां 73 फीसदी लोगों के पास चिकित्सा बीमा नहीं है। ऐसे में बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगाना क्या न्यायसंगत होगा? दरअसल, महंगे प्रीमियम व उस पर लगने वाले करों के चलते करीब पच्चीस से तीस फीसदी लोग हर साल अपने चिकित्सा बीमा का नवीनीकरण नहीं कर पाते। इस उम्र तक आते-आते उसके आय के स्रोत सिकुड़ने लगते हैं। वह अपने बच्चों पर आश्रित होता है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि जीवन के जोखिम के लिये बीमा कराने वाले व्यक्ति के प्रीमियम पर अधिक कर लगाना एक तरह से बेबात का जुमार्ना वसूलना जैसा है। खासकर समाज में कमजोर वर्ग के लोगों के लिये तो यह कर बेहद परेशान करने वाला ही है, जो जैसे-तैसे प्रीमियम के लिये पैसा जुटाने का उपक्रम करते हैं। बीमा कंपनियां जीएसटी कम होने पर नये उपभोक्ताओं को आकर्षित कर सकती हैं। दरअसल, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई के वर्ष 2022-23 के लिए जारी आंकड़ों के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पाद में जीवन बीमा की भागीदारी महज 3.2 फीसदी व स्वास्थ्य बीमा की भागीदारी 0.94 फीसदी है। लोकतंत्र में सरकार की प्राथमिकता होती है कि सामाजिक कल्याण के साथ नागरिकों की आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे।

# मनु भाकर क्यों बनीं सभी खिलाड़ियों की आदर्श





- आरके सिन्हा

> शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी। मनु भाकर और दूसरे खिलाड़ियों के कोचों का दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं, ताकि आने वाला कल अच्छा हो। उन्हें शिक्षा के महत्व की जानकारी दें। मनु भाकर के अलावा भी हमारे यहां बहुत सारे खिलाड़ी साबित करते रहे हैं कि खेलों में सफलता के साथ-साथ पढ़ाई भी संभव है।

**निशानेबाज** मनु भाकर को अब सारा देश जानता है। पेरिस ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी चौथे स्थान पर रहीं। उनके पेरिस ओलंपिक खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन से सारा देश प्रसन्न है। मनु भाकर सिर्फ अचूक निशानची ही नहीं हैं। वो तो देश के अधिकतर खिलाड़ियों के लिए भी एक तरह से प्रेरणा हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा पर भी हमेशा भरपूर ध्यान दिया। हरियाणा के झज्जर शहर की रहने वाली मनु भाकर ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में 90 पर्सेंट से अधिक अंक अर्जित किए। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज (एलएसआर) से राजनीति विज्ञान में आनर्स की डिग्री भी ली। एल. एस. आर. देश का चोटी का महिला कॉलेज माना जाता है।

नोबल पुरस्कार विजेता और म्यांमार की शिखर नेता आंग सान सू ची यू ने 1964 में इसी लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। मुन भाकर का लेडी श्रीराम कॉलेज में पढ़ना इस बात की गवाही है कि उन्होंने अपनी पढ़ाई पर भी हमेशा फोकस रखा। इधर बीते कुछ सालों से हमारे अपने देश के बहुत सारे नामवर खिलाड़ियों ने स्कूल के बाद आगे की पढ़ाई नहीं की। ये कोई बहुत आदर्श स्थिति नहीं मानी जा सकती। आप कितने ही बड़े खिलाड़ी क्यों न हो जाएं, पर आप बेहतर इंसान और नागरिक तो ढंग से पढ़-लिखकर ही बनते हैं। महान फुटबॉलर चुन्नी गोस्वामी, क्रिकेटर अजीत वाडेकर और सुनील गावस्कर उन खेलों की दुनिया के शिखर नाम रहे हैं, जिन्होंने खेल के मैदान में जौहर दिखाते हुए अपनी पढ़ाई को नजरअंजाद नहीं किया।

चुन्नी गोस्वामी और अजीत वाडेकर तो स्टेट बैंक में अहम पदों पर इसलिए पहुंचे, क्योंकि ; इनके पास सही डिग्रियां थीं। सुनील गावस्कर बीते पांच दशकों से सक्रिय हैं। पहले क्रिकेटर के रूप में और बाद के दशकों में बतौर लेखक और कमेंटेटर के। उनके पास क्रिकेट की गहरी समझ के अलावा शब्दों का भंडार भी है। वैसे खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के आधार पर नौकरी तो बहुत सारे खिलाड़ियों को मिल ही जाती हैं। माफ करें, कई कथित खिलाड़ियों को जाली प्रमाणपत्रों के आधार पर भी नौकरियां मिलती रही हैं। यह भी सबको पता है।

सारी दुनिया ने मनु भाकर को बीत दिनों मीडिया को इंटरव्यू देते हुए देखा। इतनी छोटी सी उम्र में वह कितने धीर-गंभीर अंदाज में अपनी बात रखती है। वह गीता का उदाहरण देते हुए सफलता के मर्म को समझाती है। मनु भाकर हिन्दी और अंग्रेजी में पूरे विश्वास के साथ सवालों के जवाब देती है। यही सही शिक्षा सिखाती भी है। आप पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के अधिकतर खिलाड़ियों को देख लें। जावेद मियांदाद, इंजमाम उल हक, शोएब अख्तर जैसे मशहूर खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में भले ही बेहतरीन प्रदर्शन किए हों, पर वे जब बोलते हैं तो सच में बहुत अफसोस होता है कि बेहतर शिक्षा ना मिलने के कारण वे अपने व्यक्तित्व निर्माण में कितना पिछड़ गए। वे इंटरव्यू देते वक्त पूरी तरह से सड़क छाप ही लगते हैं।

बेशक,शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल जीवन में सार्थक शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा जीवन का आधार है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन में आगे बढ़ता है, सही गलत में अंतर कर पाता है। शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी। मनु भाकर और दूसरे खिलाड़ियों के कोचों का दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं, ताकि आने वाला कल अच्छा हो। उन्हें शिक्षा के महत्व की जानकारी दें। मनु भाकर के अलावा भी हमारे यहां बहुत सारे खिलाड़ी साबित करते रहे हैं कि खेलों में सफलता के साथ-साथ पढ़ाई करना भी संभव है।

यह सच है कि पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए बहुत समर्पण और मेहनत चाहिए। इसके अलावा, व्यक्ति को अपने खेल के शिखर पर पहुंचने के लिए बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है। तमाम कठिनाइयों और संघर्षों के बीच, अधिकांश एथलीटों के लिए पढ़ाई पीछे छूट जाती है। पर इस तरह के खिलाड़ियों की भी कोई कमी नहीं है, जिन्होंने अपने खेल और पढ़ाई के बीच सही संतुलन बनाया और दोनों क्षेत्रों में कामयाबी हासिल की है। ये व्यक्ति बौद्धिक और शारीरिक शक्ति का शानदार उदाहरण हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के हाल तक कोच रहे राहुल द्रविड़ को दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सभी प्रारूपों में 23,000 से अधिक रन हैं। राहुल द्रविड़ ने कॉमर्स में स्नातक की डिग्री भी हासिल की है, जिसे उन्होंने बेंगलुरू के सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ कॉमर्स से प्राप्त किया। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए चुने जाने से पहले, वह एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे।

कर्नाटक और भारतीय टीम में राहुल द्रविड़ के साथी अनिल कुंबले ने सभी प्रारूपों में 900 से अधिक विकेट लिए हैं और टेस्ट और वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। कुंबले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और कोच भी रहे हैं। उनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री है।

अब शतरंज के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद की बात कर लेते हैं। विश्वनाथन आनंद पहले भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। वह पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन हैं और उन्हें शतरंज के सार्वकालिक महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जा सकता है। शतरंज के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों ने उनकी शिक्षा को बाधित नहीं किया। उनके पास चेन्नई के लोयोला कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री है। यह हरेक इंसान को समझना होगा कि

हमारे जीवन में शिक्षा का क्यों इतना महत्व है और हर व्यक्ति को शिक्षित होना क्यों जरूरी है? सबसे जरूरी बात यह है कि शिक्षा हमें निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षित लोग अपने जीवन के बारे में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। इसके अलावा, शिक्षा हमें समाज में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाती है।

## खास बात

### संस्कृत के समीप है रोम की भाषा

जमीर अनवर

**भारतीय** और रोमा समुदाय एक-दूसरे से सांस्कृतिक, आनुवंशिक, भाषायी, शारीरिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक रूप से काफी करीब हैं। दरअसल, ये लोग मूलतः भारतीय ही हैं। इनके वंशजों को सन 1018 में महमूद गजनवी अपने साथ अफगानिस्तान ले गया था। कालक्रम में इनकी संस्कृति का नाम रोमा हो गया। आज पूरी दुनिया में रोमाओं की संख्या लगभग सवा दो करोड़ है। गत अंक में आपने रोमाओं के पूर्वजों के बारे में पढ़ा। रोमा भाषा का उद्गम इंडो-यूरोपीय परिवार की इंडो-आर्यन शाखा से हुआ है। इसका संस्कृत, प्राकृत और अन्य भारतीय भाषाओं के साथ अटूट संबंध है। उत्तर भारत की भाषाओं से रोमा का संबंध इतना विशिष्ट है कि भाषाई प्रशिक्षण के बिना भी साधारण व्यक्ति रोमा और भारतीय भाषाओं के शब्दों के बीच समानता की पहचान कर सकते हैं। रोमा और भारतीय भाषाओं के बीच संबंधों की जांच करते समय प्रो. जोहान क्रिश्चियन क्रिस्टोफ रूडिगर ने रोमा भाषा के व्याकरण और शब्दावली के तुलनात्मक विश्लेषण के महत्वपूर्ण संदर्भों को ध्यान में रखा था। उन्होंने 1782 में पूर्वी भारत की भाषाओं से रोमा की उत्पत्ति को सत्यापित किया। उन्होंने भारतीय भाषाओं से संपर्क के परिणामस्वरूप रोमा भाषा की वाक्य रचना में परिवर्तन की ओर भी संकेत किया है।

उनके निष्कर्ष के अनुसार रोमा और भारतीय भाषाएं समान हैं तथा रोमा और भारतीय किसी भी तरह एक-दूसरे से भिन्न नहीं हैं।अलेक्जेंड्रे जी पसापति ने 1870 में फ्रांसीसी भाषा में ग्रंथ प्रकाशित किया था, जो रोमा वंशजों की अटकलों को दूर करता है। यह अध्ययन इस बात की पुष्टि करता है कि रोमा भाषा इंडो-आर्यन भाषा परिवार की ही सदस्य है और मूल रूप से संस्कृत के साथ जुड़ी है। अगस्त पोट्ट (1844-45) ने अपने तुलनात्मक व्याकरण और रोमा के व्युत्पत्ति कोश को संकलित किया। उन्होंने कई दर्जन वर्णनात्मक स्रोतों की बाबत बताया, जो यूरोपीय रोमा बोलियों की विविधता को दशार्ते हैं।

बिहार के वैशाली जिले में 9 कांवड़ियों की करंट लगने से मृत्यु का समाचार दुःखद है। बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना है कि मृतकों की आत्मा को शांति दें और परिजनों को ये पीड़ा सहने की शक्ति दे ।
**– निशिकांत दूबे, सांसद**

## आपके ट्वीट

आपकी आशाओं-आकांक्षाओं और मेहनत को सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की गयी है। राज्य भर में योजना को लेकर आप लाखों बहनों में अद्भुत उत्साह है। मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देते **– हेमंत सोरेन**





आप सभी को भगवान भोलेनाथ की उपासना को समर्पित श्रावण मास के तृतीय सोमवार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
**–अन्नपूर्णा देवी**

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

प्रो भगवती प्रकाश

**प्राचीन** ईरान के पारसी मत के धर्म ग्रंथ अवेस्ता में वैदिक देवताओं पर विमर्श के अतिरिक्त सूर्य के मित्र या मिथ्र नाम से प्रचलित प्राचीन मन्दिरों के प्रचुर अवशेष हैं। यूरोप के समस्त पुरातात्विक उत्खनन एवं संग्रहालयों में भी मित्र य मिथ्र के प्राचीन पुरावशेषों की प्रचुरता है। आज भी यूरोप में 400 से अधिक मिथ्री मन्दिरों के खण्डहर विद्यमान हैं। मूर्तिपूजक पगान सम्प्रदायों में ईसापूर्व कालीन सूर्य सहित कई द्यु-स्थानीय, अन्तरिक्ष स्थानीय व पृथ्वी स्थानीय वैदिक देवताओं का चलन रहा है। ओडिशा में 5,000 वर्ष पूर्व कोणार्क व पाकिस्तान के मुल्तान में श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब द्वारा बनाए सूर्य मन्दिरों से लेकर ईरान, आर्मेनिया, अजरबैजान व यूरोप तक सूर्य की मित्र, मिथ्र, मिथ्रास और मिहिर आदि अनेक वैदिक व पौराणिक नामों से पूजा होती रही है। ईसा पूर्व 14वीं सदी के शिलालेखों में सूर्य, इन्द्र, अग्नि, अश्विनी कुमार आदि के आह्वान हैं। अफगान-ईरानी कैलेण्डर में आज भी मिहिर व मिहर आदि नामों से सूर्य का महीना है।

आर्मेनिया में प्रतिमाह आठवां दिन सूर्य का है, जो मिथ्रि कहलाता है। ईरानी प्राचीन जोरास्ट्रियन संस्कृति में मित्र, सत्य, न्याय, सौहार्द, सन्धि और ऋत (स्वैच्छिक धर्म पालन) का देवता था। आर्मेनिया व अजरबैजान में भी मित्र के ये ही विशेषण रहे हैं। जरथुस्त्र या जोरास्टर द्वारा प्रवर्तित हिन्द-ईरानी मत के ग्रंथ अवेस्ता व संस्कृत में अनेक समानार्थक शब्द प्राचीन ईरानी अर्थात पारसी व आर्य सभ्यताओं में साझे हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

यूक्रेन युद्ध की मानसिकता ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### जनता की नियति

हिंदी में एक कहावत है कि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और। यह कहावत राजनीति दलों के चुनावी घोषणा पत्रों पर सटीक बैठती है। चुनाव चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं अब चुनावों में ठगा जाना जनता की नियति बन गई है।

**-राम मूरत, जमशेदपुर**

### राजनीतिक पराभव

राजनीति से अहद-ए-वफा की उम्मीद की ही नहीं जा सकती। किसी भी दल की जरा-सी हलचल क्या होती है कि अपनी निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है । अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी।

**-मीरा गौतम, रांची**

# 6 अगस्त हिरोशिमा पर परमाणु हमले पर हमने क्या सीखा?

## समस्या



**जापान** का हिरोशिमा जिस परमाणु बम हमले से थरार्या था उसकी चपेट में आकर लगभग 1 लाख 40 हजार लोगों की जान जाने का अनुमान है। जो लोग जीवित बचे वे आज भी उस धमाके की याद भर से थर्रा जाते हैं। 6 अगस्त, 1945 की वर्षगांठ पर ऐसे ही कुछ पीड़ितों, उनके रिश्तेदारों और विदेशी मेहमानों के एक छोटे से समूह ने प्रार्थना और गीतों के साथ हिरोशिमा में घटना स्थल पर एक समारोह में हिस्सा लिया।

हिरोशिमा शांति स्मारक 8:15 पर एक मिनट का मौन रखा जाता है।. यह वही वक्त था जब इस धरती पर विश्व का पहला परमाणु बम टकराया था। हिरोशिमा के मेयर काजुमी मत्सुई ने कहा, हमें किसी भी हाल में इस दर्दनाक अतीत को फिर से दोहराने का मौका नहीं देना

हिरोशिमा के मेयर मत्सुई ने इस मौके पर विश्व भर के नेताओं से अपील करते हुए कहा कि सबको परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए और गंभीरता से काम करने की जरूरत है. इस मौके पर उन्होंने खुद अपने देश जापान की असफलता की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा, मैं जापान सरकार से प्रार्थना करता हूं कि बम हमले के पीड़ितों की अपील मानें और परमाणु निरस्त्रीकरण समझौते पर हस्ताक्षर करें."

जर्मनी जैसे विश्व के कई ताकतवर देशों की तरह ही जापान ने खुद भी इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं जिसे कई छोटे गैर-परमाणु शक्ति संपन्न देश 2017 में परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाए थे. कुछ आलोचकों का मानना है कि जापान खुद भी दुनिया का एकलौता परमाणु हमला झेलने वाला देश होने के बावजूद इस मामले में दोहरे मापदंड रखता है।

दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपनी सेना खत्म होने के बाद से जापान अपनी सुरक्षा के लिए भी पूरी तरह अमेरिकी सेना पर ही निर्भर है। जापान में अमेरिका के करीब 50,000 सैनिक तैनात हैं और उसे अमेरिका के परमाणु हथियारों की छतरी के नीचे सुरक्षा मिली हुई है। जापान के शक्तिशाली पड़ोसी चीन और संभवतः उत्तर कोरिया खुद परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं. जर्मनी के विदेश मंत्री हाइको मास ने इस मौके पर परमाणु हथियारों पर नियंत्रण और परमाणु निरस्त्रीकरण की कोशिश करने की अपील की। मास ने कहा, विश्व को कभी नहीं भूलना चाहिए कि हिरोशिमा और कुछ दिन बाद नागासाकी में क्या हुआ था और क्यों हुआ था। एक वीडियो मैसेज के जरिए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने कहा, आशा है कि इसके पीड़ितों के कष्ट, कहानियों और बहादुरी से हम सबको एक होकर दुनिया को परमाणु हथियारों से मुक्त बनाने के कदम उठाने की प्रेरणा मिलेगी.₹

अमेरिका ने इसके तीन दिन बाद 9 अगस्त को जापान के नागासाकी पर एक और परमाणु बम गिराया था, जिसके बाद 15 अगस्त 1945 को जापान ने आत्मसमर्पण कर दिया था। इन दोनों परमाणु हमलों के लिए अमेरिका ने कभी माफी नहीं मांगी. अमेरिका का मानना रहा है कि केवल दूसरे विश्व युद्ध को रोकने का उनके पास केवल यही एक तरीका बचा था। आज विश्व फिर से युद्ध के मुहाने पर खड़ा है और रुस चीन जैसे देश जो दुनिया के शीर्ष देश है युद्धोन्मत होकर विश्व में खतरा बढ़ा रहें हैं।

# आसान नहीं है 'विकसित भारत -2047'

राकेश दुबे

**भारत** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'विकसित भारत-2047' पर देश में हर जगह चर्चा हो रही है। चचाओं का केंद्र अगले कुछ वर्षों में 7 प्रतिशत सालाना से अधिक औसत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करना है। इस समय भारत और चीन की तुलना करना उपयोगी हो सकता है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 1991 में दोनों देशों में कृषि में रोजगार का प्रतिशत आसपास ही था। चीन में यह 60 प्रतिशत तथा भारत में 63 प्रतिशत था, किंतु विश्व बैंक के अनुसार करीब 30 साल बाद चीन में यह तेजी से कम होकर 23 प्रतिशत रह गया, जो भारत के 44 प्रतिशत आंकड़े से बहुत कम है। इन 30 साल के भीतर चीन में लगभग 20 करोड़ कृषि श्रमिक उद्योग और सेवा क्षेत्रों में चले गए। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में भी काफी संख्या में श्रमिक खेती से बाहर चले गए मगर इसी दौरान कृषि में रोजगार पाने वालों की संख्या 3.5 करोड़ बढ़ गई।

भारत को मौजूदा निम्न-मध्यम आय स्तर से उच्च आय स्तर या उच्च मध्यम आय स्तर तक लाने के लिए जरूरी बदलाव पर भी सबका ध्यान केंद्रित है । यह बदलाव रोजगार के ढांचे में होना है, जिसके तहत कृषि क्षेत्र से जुड़ा रोजगार घटना चाहिए और उद्योग तथा सेवा क्षेत्र का रोजगार उतना ही बढ़ना चाहिए। वैसे भारत 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने की आकांक्षा रखता है और इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कृषि रोजगार के प्रतिशत की बात करें तो आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) देशों में यह लगभग 5 प्रतिशत है जो भारत में कृषि में वर्तमान रोजगार के प्रतिशत का लगभग आठवां हिस्सा है।

विकसित देशों की श्रेणी में शामिल कृषि वस्तुओं के प्रमुख निर्यातक जैसे न्यूजीलैंड या ब्राजील में भी कृषि में रोजगार की हिस्सेदारी केवल 6-8 प्रतिशत के भीतर है। अगर भारत को 2047 तक उच्च आमदनी वाले देश का दर्जा हासिल करना है या उच्च-मध्यम आय के स्तर तक पहुंचना है तो उसे कृषि से बड़ी संख्या में श्रमिक उद्योग और सेवा क्षेत्र की ओर भेजने होंगे। इससे भी ज्यादा नाटकीय मामला वियतनाम का है, जहां 1991 में रोजगार में कृषि की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत थी मगर 2021 में घटकर 29 फीसदी रह गई। इसका बड़ा कारण यह है कि चीन और वियतनाम में इन वर्षों के दौरान अधिक निर्भरता विनिर्माण में रोजगार सृजन और निर्यात बढ़ाने वाली वृद्धि पर रही है।

भारत के मामले में 1991 और 2021 के आंकड़ों की तुलना में एक अहम बिंदु छुप जाता है। कृषि की हिस्सेदारी में गिरावट और उद्योग तथा सेवाओं में वृद्धि मुख्य रूप से 1990-91 से 2014-15 के बीच यानी 25 वर्षों दौरान हुई। उसके बाद से विनिर्माण में वृद्धि की कई योजनाएं आने के बाद भी कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है। संभवतः कोविड के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की वापसी की वजह से भी कृषि क्षेत्र से रोजगार स्थानांतरित होने की रफ्तार धीमी रही है।भारत में राज्यों के बीच अंतर पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। अहम मुद्दा यह है कि हम किस दर पर उद्योग और सेवा क्षेत्र में बेहतर रोजगार सृजन कर सकते हैं ताकि कामकाजी उम्र वाले लोगों की बढ़ती संख्या और कृषि क्षेत्र से आने वाले लोगों को इसमें खप सके। 2047 तक कामकाजी उम्र वाली आबादी (15 से 59 वर्ष) का आधिकारिक पूवार्नुमान लगाएं और मान लें कि काम ढूंढने वालों में करीब 65 प्रतिशत हिस्सेदारी इसी समूह की होगी तो हमारे पास रोजगार ढूंढने वाले करीब 12 करोड़ नए लोग होंगे।

अगर हम विकसित या उच्च आमदनी वाला देश बनना चाहते हैं तब कृषि क्षेत्र में रोजगार का हिस्सा कम होकर 10 प्रतिशत के स्तर पर आना चाहिए। इसका मतलब है कि लगभग 15 करोड़ लोगों को कृषि क्षेत्र छोड़ना होगा। इस तरह उद्योग और सेवा क्षेत्रों में 27 करोड़ से अधिक नए रोजगार पैदा करने की आवश्यकता है ताकि रोजगार ढूंढने वाली आबादी और कृषि क्षेत्र छोड़ने वाली अतिरिक्त आबादी इसमें खप सके। अगले 25 वर्षों में यह तादाद सालाना 1 करोड़ से अधिक नई उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की नौकरियां हैं। असली चुनौती यह है कि हमें 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए एक ऐसी योजना चाहिए जो उद्योग और सेवा क्षेत्र में रोजगार के बेहतर मौके तैयार करे।

# मजबूत होते भारत-अमेरिकी संबंध



राष्ट्रपति बाइडेन ने भारत को एचपीसी प्रौद्योगिकी और स्रोत कोड के अमेरिकी निर्यात में बाधाओं को कम करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस के साथ काम करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। अमेरिकी पक्ष ने भारत के उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक) के अमेरिकी एक्सेलरेटेड डेटा एनालिटिक्स और कंप्यूटिंग (एडीएसी) संस्थान के साथ सहयोग की शुरूआत के समर्थन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का वादा किया। साथ ही, अमेरिकी नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) और भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों में 35 अभिनव संयुक्त अनुसंधान सहयोग को वित्त पोषित किया जाएगा।

राष्ट्रपति बाइडेन और पीएम मोदी संयुक्त भारत-अमेरिका क्वांटम सहयोग व्यवस्था की स्थापना पर भी सहमत हुए, ताकि उद्योग, शिक्षा जगत और सरकार के बीच सहयोग को सुविधाजनक बनाया जा सके तथा एक व्यापक क्वांटम सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी समझौते की दिशा में काम किया जा सके। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम प्रौद्योगिकियों के संयुक्त विकास और व्यवसायीकरण और भारत में उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) सुविधाओं को विकसित करने के क्रम में सार्वजनिक-निजी सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए; यूएस-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी एकमुश्त निधि के तहत 2 मिलियन डॉलर का अनुदान कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

# झारखंड में साइबर अपराध के मामले बढ़ रहे हैं




## उचित जागरूकता के अभाव में बच्चे सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं

महामारी के बाद से, काम, स्कूल, खरीदारी, मनोरंजन और डॉक्टर के पास जाने जैसी नियमित गतिविधियों के लिए ऑनलाइन काफी बदलाव हुआ है और साइबर अपराध में तेजी आई है। मानवीय कारक साइबर सुरक्षा का एक केंद्रीय घटक हैं क्योंकि व्यक्तिगत व्यवहार, व्यक्तित्व लक्षण, ऑनलाइन गतिविधियाँ और प्रौद्योगिकी के प्रति दृष्टिकोण संवेदनशीलता को प्रभावित करते हैं।

आईआईटी कानपुर-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि भारत में शीर्ष 10 साइबर अपराध केंद्रों (ज़िलों) के विश्लेषण से उनकी भेद्यता में योगदान देने वाले कई सामान्य कारक सामने आए हैं और इनमें प्रमुख शहरी केंद्रों से भौगोलिक निकटता, सीमित साइबर सुरक्षा बुनियादी ढाँचा, आर्थिक चुनौतियाँ और कम डिजिटल साक्षरता शामिल हैं। अध्ययन से यह भी पता चला है कि सिर्फ.शीर्ष 10 ज़िले ही सामूहिक रूप से देश में होने वाले 80% साइबर अपराधों में योगदान करते हैं। शीर्ष 10 जिले हैं - भरतपुर (18%), मथुरा (12%), नूह (11%), देवघर (10%), जामताड़ा (9.6%), गुरुग्राम (8.1%), अलवर (5.1%), बोकारो (2.4%), कर्मा टांड (2.4%) और गिरिडीह (2.3%) भारत में साइबर अपराध के मामलों में शीर्ष योगदानकर्ता हैं, जो सामूहिक रूप से रिपोर्ट की गई घटनाओं का 80% हिस्सा हैं, एफसीआरएफ ने दावा किया। इन 10 जिलों में से 5 झारखंड के हैं।

मानसिक बीमारी साइबर अपराध के प्रति संवेदनशीलता बढ़ा सकती है, फिर भी मरीज खतरों, जोखिम भरे ऑनलाइन व्यवहार या जोखिम को कम करने के उपायों से अवगत नहीं हो सकते हैं। इसलिए ऑनलाइन रहते हुए मनोवैज्ञानिक कल्याण पर ध्यान देना भी बेहद महत्वपूर्ण है। वैश्विक डिजिटलीकरण में तेजी आ रही है, जिसके कारण ऐसे लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है, खासकर छोटे बच्चे, जो हर दिन कंप्यूटर, टैबलेट और स्मार्टफोन पर लंबे समय तक ऑनलाइन पढ़ते हैं। इस आदत से मोटापा, नींद संबंधी विकार, चिंता, अवसाद, जल्दी मायोपिया और अंधापन, चिंता और अवसाद जैसे स्वास्थ्य संबंधी खतरे होने की आशंका है, जो शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित कर सकते हैं और व्यवहार संबंधी समस्याओं को जन्म दे सकते हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता डॉ भावना शर्मा ने कहा कि बच्चों से संबंधित साइबर अपराध के मामलों को संभालना और अदालत में पेश करना बहुत मुश्किल है। ह्लमैं लंबे समय से ऐसे मामलों को संभाल रही हूँ। बच्चे साइबर अपराध से संबंधित घटनाओं के लिए बहुत संवेदनशील होते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि समुदाय-आधारित और संस्थान-आधारित पहल बेहतर और सुरक्षित इंटरनेट पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मददगार और महत्वपूर्ण हैं, जहाँ बच्चों का साइबर अपराध का शिकार बनना न्यूनतम है।ह्व वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ और सरकारी सलाहकार डॉ राज भंडारी ने कहाः ह्लउपलब्ध डिजिटल संसाधनों और उपकरणों की विशाल श्रृंखला वरदान और अभिशाप दोनों हो सकती है। डिजिटल उपकरणों के व्यापक उपयोग से अक्सर निष्क्रियता की अवधि लंबी हो जाती है, क्योंकि बच्चे और किशोर गेमिंग, सोशल मीडिया और स्ट्रीमिंग वीडियो जैसी गतिविधियों में काफी समय बिताते हैं। यह गतिहीन जीवनशैली खराब आहार संबंधी आदतों में योगदान दे सकती है, जैसे कि अपने उपकरणों का उपयोग करते समय उच्च कैलोरी, कम पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों पर बार-बार नाश्ता करना। शारीरिक गतिविधि की कमी और अस्वास्थ्यकर खाने के पैटर्न के कारण ऊर्जा असंतुलन हो सकता है, जिससे वजन बढ़ सकता है और मोटापे का खतरा बढ़ सकता है। डिजिटल समाजशास्त्री प्रोफेसर अब्दुल मतीन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए नैतिक एल्गोरिदम की समझ होना आवश्यक है, ताकि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए न्यूजफीड उम्र के अनुसार उपयुक्त, सुरक्षित और नशे की लत न हो। कार्यकारी निदेशक अजय सिन्हा ने कहा कि बच्चे और युवा आकर्षक आभासी दुनिया के नुकसान के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं, क्योंकि वे वयस्कों की तुलना में अधिक प्रभावित और आवेगी होते हैं। वे नए अनुभवों की तलाश करते हैं, नई जानकारी को आत्मसात करने के लिए तैयार रहते हैं, हमेशा प्रयोग करने में कम हिचकिचाते हैं और अक्सर ऑनलाइन अपने कार्यों और अभिव्यक्तियों के संभावित नुकसानों से अवगत नहीं होते हैं। यहां जागरूकता और परामर्श का महत्व बढ़ जाता है। अजय ने बताया कि उनका संगठन फ्लेयर बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ इंटरनेट के लिए काम कर रहा है और मनोवैज्ञानिक सेवाएं

## सुख खरीदा जा सकता है , आनंद नहीं : लायन विनोद लाडिया

जीवन मे हर प्रकार के सुख को वैभवशाली व्यक्ति खरीद सकते हैं लेकिन आनंद की प्राप्ति मानव सेवा से ही मिलती है । अतः जब भी सेवा का अवसर मिले चूकना नहीं चाहिये । यह विचार, चेम्बर भवन रांची में आयोजित , लायन्स क्लब ऑफ रांची ईस्ट के 40वें पदस्थापना समारोह के दौरान लायन्स इंटरनेशनल के पूर्व इंटरनेशनल डाइरेक्टर लायन डॉ विनोद कुमार लाडिया ने व्यक्त की । उन्होने कहा कि विगत वर्ष लायन्स इंटरनेशनल ने विश्व के 209 देशों में लगभग 52 करोड़ लोगों को अपने सेवाएँ दी जिसमें भारतवर्ष मे 9 करोड़ लोग लाभान्वित हुये । आज पूरे भारतमें लायन्स इंटरनेशनल के 256 स्थायी प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं । लायन्स क्लब ऑफ रांची ईस्ट का गौरवशाली इतिहास रहा है । इस क्लब ने लायन्स जिला 322अ को सात जिलापाल दिये हैं । जिला 322अ कि जिलापाल लायन सीमा बाजपई ने कहा कि सेवा कार्यों के क्षेत्र में इस क्लब की विशिष्टता रही है ।

लायन संजय पोद्दार के नेतृत्व में पदाधिकारियों को लायन विनोद कुमार लाडिया ने शपथ दिलायी । लायन वर्ष 2024-2 के लिए संजय पोद्दार - अध्यक्ष , सुनीता अग्रवाल - सचिव , दिनेश ठाकुर - कोषाध्यक्ष , अनीता झा झ जन संपर्क पधाधिकारी होंगे । लायन किशोर मंत्री एवं लायन भारतेन्दु झा क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय उपाध्यक्ष होंगे । लायन अंजय सरावगी एड्मिनिस्ट्रेटर होंगे । । नवगठित टीम ने पूरे उल्लास एवं निष्ठा के साथ वर्ष भर कार्यक्रमों को करने का संकल्प लिया । लायन्स क्लब ऑफ रांची ईस्ट के स्थायी प्रोजेक्ट्स : निरामाया अस्पताल कोकर , फिरायालाल चौक अवस्थित स्व बादामी देवी अग्रवाल प्याऊ , सृजन हेल्प फीजीओथेरेपी सेंटर, के एम मललिक मिडिल स्कूल , नेत्र चिकित्सालय । इस क्लब की शुरवात 30 नवम्बर 1985 को हुई थी एवं 17 जनवरी 1986 को चार्टर हुआ था । पूर्व जिलापाल राजीव लोचन ,राजीवा सिंह ,पूर्व अध्यक्ष रमेश खेमका ,वसीम आलम , सुनील केडिया, दिवाकर राजगड़िया, रतन अगरवाल, सहित क्लब के सदस्य अमित कुमार , नीरजकांत साहा , जुथिका सानयाल, देवाशीष सानयाल ,रामकृष्ण जी ,सतीश गुप्ता , शिवानी सोनी, आशीष खेमका रवि आनंद, अमरजीत गिरधर, मनोज गोप, रामबालक वर्मा , अमारचंद बेंगानी, अनांद मानेक, कृष्ण गोपालका सहित लायन्स क्लब ऑफ रांची , रांची कैपिटल , रांची सेंट्रल , रांची सिटिजन , रांची सिटि, रांची ग्रेटर , रांची धुर्वा, रांची हिल टाउन , रांची नॉर्थ , रांची प्रभात , रांची प्रीमियम, रांची क्वीन्स आदि क्लबों के पदाधिकारी एवं कई सदस्य उपस्थित थे ।

# सतत हथकरघा पुनरुद्धार को बढ़ावा देना: मात्रा के बजाय गुणवता पर ध्यान

**-गिरिराज सिंह**
केंद्रीय वस्त्र मंत्री

हम 7 अगस्त, 2024 को 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत 7 अगस्त 1905 को टाउन हॉल, कोलकाता में आयोजित एक बैठक में इसी दिन हुई थी। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के एक हिस्से के रूप में इस आंदोलन का उद्देश्य घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित करना था। इस ऐतिहासिक अवसर को याद करने और हमारी हथकरघा परंपरा का जश्न मनाने के लिए, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2015 में, 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के हथकरघा कामगारों को सम्मानित करना तथा हथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करना है।

हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार, यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं।

मैं आपका ध्यान 28 जुलाई 2024 को माननीय प्रधानमंत्री के मन की बात की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण प्रदान करने में हथकरघा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने नए स्टार्टअप उद्यमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया जो हथकरघा उत्पादों और सस्टेनबल फैशन को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें हैशटैग #ट८ढ१ङ्क४ूि३ट८ढ१ी के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करने का भी आग्रह किया।

पिछले कुछ वर्षों में, भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज, मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरुत्थान का जश्न मना रहे हैं अतः इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाए रखने की अपील करता हूं। हथकरघा बुनाई एक विरासत वाली शिल्पकला है जो स्लो, निरंतर और नैतिक फैशन के सिद्धांतों को मूर्त रूप देती है।

## एम्ब्रॉइडरी, सुई के काम से जुड़ी एक जटिल कला है, जो हथकरघा कपड़ों में गहराई और विशेषता पैदा करती है



पिछले दशक में लगातार सरकारी प्रयासों से फास्ट फैशन से लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गर्व से भारतीय हथकरघा पर बुने हुए कपड़े पहनते हैं और विश्व स्तर पर उनको बढ़ावा भी देते हैं तथा हथकरघा क्षेत्र की सफलता में काफी हद तक उनका योगदान रहा है। अब समय आ गया है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हों।

हथकरघा क्षेत्र सस्टेनबिलिटी को बढ़ावा देने के अलावा, महिलाओं और हाशिए पर पहुंच चुके समुदायों को सशक्त बनाने, उनके लिए आर्थिक संभावनाएं प्रदान करने और अपनी शिल्पकला पर उन्हें गर्व करने के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। मैं इस क्षेत्र के उत्थान में कताई, रंगाई और बुनकर के रूप में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता हूं तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। मैं देश भर के पारंपरिक समुदायों और विशेषकर महिलाओं के योगदान को पूरी तरह से मान्यता और सम्मान देता हूं, जिनके बिना हथकरघा क्षेत्र के उत्थान की कल्पना नहीं की जा सकती है। उनके योगदान को बनाए रखने और उसे बढ़ावा देने के लिए उनके साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है। इसके अलावा, हथकरघा क्षेत्र में कई महिला-नेतृत्व वाली सहकारी समितियां और स्वयं सहायता समूह भी बने हुए हैं। ये संगठन न केवल प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराते हैं, बल्कि एक सहायता नेटवर्क भी प्रदान करते हैं जो एकजुटता और सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति को बढ़ावा देता है। महिला स्वयं सहायता समूह एकजुट होकर, अपने उत्पादों की बेहतर कीमतों के लिए सौदेबाजी कर सकती हैं, बड़े बाजारों तक पहुंच बना सकती हैं तथा उचित मजदूरी और कार्य करने संबंधी उचित परिस्थितियाँ की भी मांग कर सकती हैं। बुनाई कौशल, डिजाइन नवाचार और एंटरप्रेन्योर क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए शैक्षिक कार्यक्रम और पहलें महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाती हैं। नई तकनीकों में निपुणता प्राप्त करके और आधुनिक डिजाइनों को एक्सप्लोर करके, महिला बुनकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाकर समकालीन बाजारों को आकर्षित कर सकती हैं जो उनके शिल्प की सस्टेनबिलिटी को सुनिश्चित करेगी।

एम्ब्रॉइडरी और प्रिंटिंग द्वारा मूल्य संवर्धन के माध्यम से हथकरघा को बढ़ावा देने से पारंपरिक वस्त्रों में नई जान आती है, तथा अद्वितीय और अत्यधिक वांछनीय उत्पाद तैयार होते हैं। एम्ब्रॉइडरी, सुई के काम से जुड़ी एक जटिल कला है, जो हथकरघा कपड़ों में गहराई और विशेषता पैदा करती है। जरदोजी, कांथा या चिकनकारी जैसी विभिन्न तकनीकों को शामिल करके, कारीगर साधारण हथकरघा वस्त्रों को विस्तृत, अद्वितीय टुकड़ों में बदल देते हैं। इससे न केवल सौंदर्य अपील बढ़ती है बल्कि उत्पादों का बाजार मूल्य भी बढ़ता है, जिससे कारीगरों को बेहतर आर्थिक अवसर मिलते हैं। इन मूल्य संवर्धन तकनीकों को हथकरघा वस्त्रों के साथ संयोजित करने से ऐसे उत्पाद तैयार होते हैं जो पारंपरिक और समकालीन दोनों बाजारों को आकर्षित करते हैं। यह फ्यूजन न केवल सदियों पुराने शिल्प को संरक्षित और पुनर्जीवित करता है बल्कि हस्तनिर्मित, पर्यावरण-अनुकूल वस्त्रों के उपयोग को प्रोत्साहित करके सस्टेनबल फैशन को भी बढ़ावा देता है।

हथकरघा उद्योग में प्रौद्योगिकी और नवाचार का एकीकरण बुनकरों द्वारा अनुभव की जाने वाली कठिनाई को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और इस पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक प्रगति ने हथकरघा बुनाई से जुड़े शारीरिक श्रम को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे यह प्रक्रिया अधिक इफिशएन्ट और अपेक्षाकृत कम श्रम वाली हो गई है। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर-एडेड डिजाइन (सीएडी) सॉफ़्टवेयर बुनकरों को बुनाई शुरू करने से पहले उन्हें जटिल पैटर्न और रंग संयोजनों के सुव्यवस्थित प्रयोग हेतु सक्षम बनाता है। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि त्रुटियों का जोखिम भी कम हो जाता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले आउटपुट प्राप्त होते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स वेबसाइटें बुनकरों को व्यापक बाजारों तक पहुंच प्रदान करती हैं, उन्हें सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ती हैं और बिचौलियों पर निर्भरता को कम करती हैं।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष, मैं आज सभी से दो प्रतिज्ञाएँ लेने का आग्रह करता हूं; पहला, हम सभी हथकरघा उत्पादों के साथ सेल्फी लेंगे और उसे सोशल मीडिया पर साझा करेंगे; दूसरा, हथकरघा को अपने परिधानों एवं दैनिक जीवन में शामिल करेंगे। प्रत्येक हथकरघा वस्तु अद्वितीय है, जिसे सावधानी एवं बारीकी से बुना जाता है, जो इसके बनाने वाले के समर्पण के साथ-साथ उसके शिल्प कौशल को प्रदर्शित करता है। हथकरघा उत्पादों का चयन करके हम न केवल पारंपरिक वस्त्रों की सुंदरता और विविधता को सम्मानित करते हैं, बल्कि कारीगरों की आजीविका में भी योगदान देते हैं, साथ ही यह भी सुनिश्चित करते हैं कि उनका यह अमूल्य कौशल भावी पीढ़ियों तक पहुंच जाय।

हथकरघा उद्योग में गुणवत्ता, निरंतरता और तकनीक को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। नवीन सामग्रियों एवं प्रक्रियाओं को अपनाकर हथकरघा बुनाई को और अधिक आकर्षक बनाया जा सकता है।

हर किसी को क्षेत्रीय शिल्पकारों और पारंपरिक बुनाई समुदायों का समर्थन करना चाहिए और उनके कपड़ों की खरीदारी के प्रति जागरूक रहना चाहिए, जिससे इन्हें बनाने वाले लोग और यह क्षेत्र लाभान्वित होता है। हथकरघा वस्तुओं, निष्पक्ष व्यापार, रीजनल मैन्यूफेक्चरिंग, सस्टेनबिलिटी और शिल्प कौशल पर ध्यान देने से इस आंदोलन को बढ़ने में मदद मिलेगी और हथकरघा बुनकरों को उनका हक मिलेगा।

हथकरघा उद्योग का समर्थन करके, हम न केवल एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता के लिए भी प्रयास करते करते हैं और साथ ही, संयुक्त राष्ट्र के कई सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) 2030 को भी प्राप्त करते हैं।

# अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच नए सहयोग

**निधि सिंह**

**भारत** का अंतरिक्ष कार्यक्रम छह दशक पुराना है और इसके सात साल बाद, 1969 में इसरो की स्थापना हुई। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग इसरो की पहचान रही है तथा इसने रूस की रुस्कोस्मोस और यूरोप की ईएसए जैसी विभिन्न लॉन्च एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। इसरो ने 34 से अधिक देशों के 385 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं।

2014 से पहले, इसरो कभी-कभार उपग्रह लॉन्च करता था, लेकिन पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शुरूआत के बाद, आज इसरो लगभग 150 निजी स्टार्टअप के साथ काम कर रहा है। सुदूर अंतरिक्ष मिशनों के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता होती है और इससे पूरी मानवता लाभान्वित होती है। इसलिए, यह जरूरी है कि राष्ट्र मानवता के लाभ के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करें। बिना समय गंवाए, समान विचारधारा वाले देशों को आगे आना होगा, सहयोग करना होगा और एक-दूसरे के लाभ और अनुभवों पर काम करना होगा, जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है, ऱहमें अलग-थलग होकर काम नहीं करना चाहिए!ह्व।अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच नए सहयोग का पहला बड़ा स्पष्ट लाभ देखने के लिए हमें शायद लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अगले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद व्हाइट हाउस में इसकी पुष्टि कर चुके हैं। पीएम मोदी की मौजूदा यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि नासा अपने एक सुविधा केंद्र में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

दोनों पक्षों के समान, अन्य क्षेत्रों के लिए भी परस्पर लाभ में तेजी देखने को मिलेगी। अमेरिकी मेमोरी चिप कंपनी, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, इंक ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के गुजरात में एक नई चिप असेंबली और परीक्षण सुविधा इकाई के लिए 825 मिलियन डॉलर तक का निवेश करेगी, जो देश में इसकी पहली निर्माण-इकाई होगी। केंद्र सरकार और गुजरात राज्य सरकार के सहयोग से इस सुविधा केंद्र में 2.75 बिलियन डॉलर का कुल निवेश किया। जाएगा।भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र को गति देते हुए एयर इंडिया 34 बिलियन डॉलर में 220 बोइंग विमान खरीदेगी। भारत-अमेरिका संबंधों के सबसे अच्छे होने का सबसे स्पष्ट संकेत यह है कि जैसा पीएम मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के अपने संबोधन में उल्लेख किया था, अमेरिका आज न केवल भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है; बल्कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग, भरोसेमंद संबंध को रेखांकित करते हैं।

## सेमी कंडक्टर, 150 निजी स्टार्टअप के लिए सहयोग

**भारत** के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के प्रेसिडेंट श्री जो बाइडेन ने आज पूरे विश्व के सामने दोनों देशों के बीच एक गहरी साझेदारी की पृष्टि की है । भारत और अमेरिका को आज के समय में सबसे ' निकटतम साझेदार ' माना गया है।

1)सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करनाः माइक्रोन टेक्नोलॉजी, भारत सेमीकंडक्टर मिशन के समर्थन से, भारत में 2.75 बिलियन डॉलर की नई सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा के लिए 800 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश करेगी।

2) उन्नत दूरसंचारः भारत और अमेरिका ने ओपन फअठ सिस्टम के विकास और तैनाती और उन्नत दूरसंचार अनुसंधान और विकास पर सार्वजनिक-निजी संयुक्त कार्य बल लॉन्च किए हैं। भारत का भारत 6जी और यूएस नेक्स्ट जी एलायंस इस सार्वजनिक-निजी शोध का सह-नेतृत्व करेंगे। इस कार्य से लागत कम होगी, सुरक्षा बढ़ेगी और दूरसंचार नेटवर्क के लचीलेपन में सुधार होगा।3)अंतरिक्ष में नासा-इसरो सहयोगः भारत ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो शांतिपूर्ण, टिकाऊ और पारदर्शी सहयोग के लिए प्रतिबद्ध 26 अन्य देशों में शामिल हो गया है जो चंद्रमा, मंगल और उससे आगे की खोज को सक्षम करेगा। 4)जन-केंद्रित प्रयासः संयुक्त वक्तव्य में वीजा और छात्र आदान-प्रदान पर पहल का उल्लेख है। इसमें 200 से अधिक अमेरिकी निर्मित विमान खरीदने के लिए एयर इंडिया और बोइंग के बीच ऐतिहासिक विमानन सौदे और दोनों देशों के बीच व्यापार मुद्दों को हल करने के प्रयासों का भी जिक्र है।

5)छात्र आदान-प्रदान और छात्रवृत्तिः भारत और अमेरिका ने एसोसिएशन ऑफ अमेरिकन यूनिवर्सिटीज और आईआईटी सहित प्रमुख भारतीय शैक्षणिक संस्थानों की एक नई संयुक्त टास्क फोर्स लॉन्च की है।

स्वास्थ्य पर पहल-6)कैंसर और मधुमेह से लड़नाः यूएस नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-सक्षम डिजिटल पैथोलॉजी प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए दो नए अनुदानों के माध्यम से अमेरिकी और भारतीय वैज्ञानिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा, जिसका उपयोग कैंसर निदान, निदान और चिकित्सीय भविष्यवाणी के लिए किया जाएगा।

7)आतंक और नशीली दवाओं से लड़ना-संयुक्त वक्तव्य में दोहराया गया कि अमेरिका और भारत वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़े हैं, और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं।

राष्ट्रपति बिडेन और प्रधान मंत्री मोदी ने सभी संयुक्त राष्ट्र-सूचीबद्ध आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान दोहराया।

स्पीड न्यूज



## सीएम हेमंत सोरेन आठ को जमशेदपुर आयेंगे

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 8 अगस्त को जमशेदपुर आयेंगे और स्व. निर्मल महतो के शहादत दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर आज जमशेदपुर परिसदन में जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार, विधायक मंगल कालिंदी, जिला 20 सुत्री के उपाध्यक्ष मोहन कर्मकारव गौ रक्षा आयोग के उपाध्यक्ष राजु गिरी के साथ संयुक्त वैठक कर मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन जी के 8 अगस्त को जमशेदपुर आगमन को लेकर वैठक करते हुए कौन कौन से प्रखंड से कितने कार्यकताओं की भागीदारी रहेगा वैठक में चर्चा किया गया।

## विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने चलाया जागरूक



**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने चलाया गदरा में मासिक चक्र जागरूकता अभियान चलाया। जागरुकता अभियान के साथ-साथ प्रोजेक्ट बाला का बार-बार उपयोग किया जाने वाला पैड महिलाओं एवं किशोरियों को डॉक्टर मनीष झा के द्वारा दिया गया और मासिक चक्र संबंधित कुरीतियो से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती कर्मकार, गुड़िया कुमारी और अन्य ग्रमीण महिलाओ ने सहयोग दिया।

## स्तनपान पर इनरव्हील ने किया जागरूक



**जमशेदपुर।** स्तनपान के महत्व को बढ़ावा देने और जागरूकता बढ़ाने के लिए व्हइउ जमशेदपुर ईस्ट ने विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया, जो हर साल 1 अगस्त से 7 अगस्त तक दुनिया भर में मनाया जाता है। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए, आज तीन अलग-अलग जगहों पर स्तनपान पर तीन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## आनंद मार्ग ने किया 200 पौधे वितरित



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं प्रीवेंशन आफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स जमशेदपुर की ओर से गदरा में ग्रामीणों के बीच पृथ्वी बचाओ अभियान के तहत 200 से भी ज्यादा फलदार पौधों अमरूद, नींबू ,कटहल एवं अनार का वितरण किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# शिवभक्तों संग पैदल जल लेकर सूर्यधाम शिवालय पहुंचे गवर्नर रघुवर दास

## सुल्तानगंज के पवित्र गांगजल से हजारों शिवभक्तों ने किया बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा द्वारा पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवारी पर जलाभिषेक यात्रा पूरे धूमधाम से एवं भक्तिभाव से सम्पन्न हुई। जलाभिषेक यात्रा पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा राज्य का महामहिम राज्यपाल रघुवर दास मुख्यरूप से शामिल हुए। यात्रा में मंदिर समिति के सदस्यों के संग 21 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बारीडीह भोजपुर कॉलोनी छठ घाट से कलश में सुल्तानगंज के पवित्र गंगाजल को लेकर हरि मैदान से भक्तिमय संगीत, मनोरम झांकी, बैंड-बाजा और पुष्पवर्षा के बीच पैदल यात्रा कर सूर्यधाम शिवालय में जलाभिषेक कर आशीष प्राप्त किया। कई किलोमीटर की पैदल नंगे पाव यात्रा कर सूर्यधाम शिवालय में राज्यपाल रघुवर दास ने बाबा भोलेनाथ को जलार्पण किया। इस दौरान उन्होंने जमशेदपुर समेत सम्पूर्ण झारखंड एवं ओडिशा वासियों के सुख-समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना की। इससे पहले, बारीडीह हरि मंदिर मैदान में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा पवित्र गंगाजल के जलाभिषेक का संकल्प कराया गया। यात्रा में शामिल महिलाओं ने गेरुवा वस्त्र तो पुरुषों ने गेरुवा गमछा के साथ हाथों में केसरिया ध्वज लेकर यात्रा की शोभा बढ़ायी। प्रातः काल से ही बारीडीह हरि मंदिर मैदान में हर हर महादेव, बोल बम के जयघोष सुनाई देने लगे थे। हजारों की संख्या में कतारबद्ध महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे बाबा भोलेनाथ के शीघ्र दर्शन को उत्साहित थे। भारी भीड़ को देखते हुए कमेटी ने पूरे यात्रा को बैरिकेडिंग कर व्यवस्थित रूप दिया था। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर परिसर के अंदर और बाहर में बड़े पंखे और पूरे रास्ते में जगह-जगह शीतल पेय के काउंटर लगे थे। जलाभिषेक यात्रा के दौरान तीन स्थानों पर की गई सुंदर पुष्पवर्षा श्रद्धालुओं को उत्साहित कर रही थी। प्रातः 8:30 बजे से दोपहर तक श्रद्धालुओं ने बाबा बैधनाथ धाम की तर्ज पर बने अरघा के माध्यम से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक यात्रा में श्रद्धालुओं के व्यवस्थित जलार्पण एवं सहयोग हेतु 200 सूर्यधाम सेवक के संग प्रशासन की ओर से पुलिस बल की तैनाती थी। वहीं, यात्रा में एंबुलेंस के साथ कई जगहों पर मेडिकल सहायता कैंप लगाये गये थे।

### ›› बोल बम के जयकारे से गूंजा सिदगोड़ा सूर्यधाम...

### 24 हजार से अधिक भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

जलाभिषेक के पश्चात 24 हजार से अधिक श्रद्धलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी की ओर से सोन मंडप परिसर में प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गयी थी। जिसमें 20 काउंटर पर प्रसाद तो 15 काउंटर पर पानी की व्यवस्था थी। प्रसाद के रूप में पूरी, आलू-चना की सब्जी एवं देशी घी से बने हलवा को परोसा गया। भव्य जलाभिषेक यात्रा में शामिल हुए सूर्य मंदिर के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री सह ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने सभी को पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवारी पर शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने लौहनगरी की जनता के साथ देवी स्वरूपा नारी शक्ति के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सूर्यधाम के जलाभिषेक यात्रा में आध्यात्म, भक्ति और एकता का विहंगम दृश्य देखने को मिला। पिछले कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष होने वाले यात्रा में आज हजारों माताएं-बहनें, पुरुष एवं युवाओं के बोल बम के जयकारे और उत्साह से जो भक्तिरस का प्रवाह हुआ है, वो बहुत ही अद्भुत और अविस्मरणीय है। उन्होंने सफल और व्यवस्थित आयोजन के साथ शंख मैदान में द्वादश ज्योतिर्लिंग के स्वरूप की स्थापना हेतु सूर्य मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी। इसके साथ ही, उन्होंने सुल्तानगंज के पवित्र गंगाजल से भोलेनाथ के जलाभिषेक करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जो लोग बाबा भोलेनाथ को सुल्तानगंज के पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक नही कर पाते हैं, उन सभी के लिए मंदिर समिति की ओर से की गई व्यवस्था बहुत ही सफल रही। उन्होंने सूर्य मंदिर समिति और तमाम श्रद्धालुओं को आने वाले आयोजनों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। वहीं, सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने जलाभिषेक यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सूर्यधाम में उमड़े श्रद्धालुओं के सैलाब ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने जलाभिषेक यात्रा को सफल बनाने में सूर्य मंदिर समिति, भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक संस्था समेत सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। वहीं, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने जलाभिषेक यात्रा में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग और सेवा करने वालों श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सूर्य मंदिर समिति सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन करती रहेगी।

**सूर्य मंदिर छठ घाट पर दिव्य महा आरती आज, बनारस से पंडित पहुंचे :** सूर्य मंदिर परिसर के छठ घाट पर मंगलवार संध्या 6 बजे बनारस से आये 15 सदस्यीय टीम के द्वारा प्रख्यात गंगा आरती की तर्ज पर पूरे विधि विधान के साथ महाशिवालाय की भव्य एवं दिव्य महाआरती की जाएगी। इस दौरान शंख, डमरू, घरीघंट की ध्वनि और महाआरती के बीच पूरे तालाब परिसर में फैले जलते दीपकों के लौ की अद्भुत छटा को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होंगे। सूर्य मंदिर समिति की ओर से इसके लिए व्यापक तैयारी की गयी है।









1. सूर्यधाम शिवालय जलाभिषेक करने जाते ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास। 2. कलश में गंगा जल लेकर जलाभिषेक यात्रा पर निकले रघुवर दास। 3. जलाभिषेक करते राज्यपाल रघुवर दास। 4. जलाभिषेक के पश्चात प्रसाद ग्रहण करते रघुवर दास।

# जद यू में विलय होने तक भाजमो की सक्रियता बनी रहेगी : सरयू राय

■ जद यू ज्वाइन करने पर भाजमो जिला कमेटी ने विधायक का किया अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व के विधायक एवं भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संस्थापक सरयू राय ने कहा है कि उन्होनें जद (यू) ज्वाइन किया है किंतु भारतीय जनतंत्र मोर्चा यथावत अपनी संगठानिक गतिविधि जारी रखेगी। निकट भविष्य में जद (यू) झारखंड की इकाई एवं भाजमो झारखंड प्रदेश नेतृत्व आपसी विचार-विमर्श के उपरांत विलय के संबंध निर्णय लेंगे।

श्री राय आज जनता दल (यूनाइटेड) के बाद अपने बारीडीह स्थित विधानसभा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जद यू ज्वाइन करने पर उनका जोरदार स्वागत सह अभिनंदन किया। इस अवसर पर तमाम जिला के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्री राय ने कहा कि मोहरदा में हो गंदे जल की आपूर्ति के संबंध में उन्होनें विधानसभा में सवाल उठाया और चांडिल डैम से पीने का पानी डिमना लेक में गिराकर पेयजल के लिए सीधे डिमना लेक से ही खींच कर शुद्ध जल की आपूर्ति करने का सुझाव दिया जिसपर मंत्री ने उनसे विधानसभा सत्र के दौरान 20 मिनट तक बहस किया और उनके सुझाव को गलत बताते हुए जमशेदपुर में स्वर्णरेखा नदी से शुद्ध पेयजल होने का झूठा दावा किया।



बारीडीह में अभिनंदन सभा को संबोधित करते विधायक सरयू राय।

## चेंबर के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी की स्मृति में 140 यूनिट रक्त संग्रह

■ श्रावण मास के सोमवार होने के बावजूद रक्तदाताओं में दिखा उत्साह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा चेंबर के पूर्व उपाध्यक्ष (वित्त एवं कराधान) स्व. दिनेश चौधरी की चौथी पुण्यतिथि पर चैम्बर भवन में सोमवार, दिनांक 05 अगस्त, 2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से संध्या 4.00 बजे तक आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पारूल सिंह एवं टाटानगर रेलवे स्टेशन के ए.आर.एम. अभिषेक सिंघल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर स्व. दिनेश चौधरी के परिवार के सदस्यगणों की उपस्थिति भी रही। जिन्होंने चैम्बर के द्वारा स्व0. सीए दिनेश चौधरी की स्मृति किये जा रहे रक्तदान शिविर के प्रति चैम्बर का आभार जताया।

## टाटा मोटर्स यूनियन प्रांगण में रूद्राभिषेक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन प्रांगण में पूजा अर्चना का आयोजन किया गया था। इस मौके पर भोले बाबा की पूजा अर्चना की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्लांट हेड रविन्द्र कुलकर्णी थे। इस अवसर पर उनके साथ कंपनी के एच आर हेड मोहन घंट, आई आर हेड सौमिक रॉय, कंपनी अस्पताल के प्रमुख डॉ संजय कुमार,किरण नरेंद्रन, आसिष कुमार दास, सुभासिष दास, पी के सिन्हा, बी ए सिंह, प्रमोद भूरे, रजत सिंह, बिष्णु दीक्षित, जुबराज सिंह संधू, जे दास भी मौजूद थे। पूजोत्सव में भाग लेने के लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सरयू राय, पूर्व सांसद अजय कुमार, आंनद बिहारी दुबे, आस्तिक महतो, दिनेश कुमार, राम चन्द्र सहिस, अशोक चौधरी, नट्टू झा,कन्हैया सिंह, बिनोद सिंह, राजू गिरी, गणेश सुलंकी, अमरप्रीत सिंह काले, विजय खान, सहित शहर के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए। सभी लोग रुद्राभिषेक में शामिल हो कर पूजा अर्चना किये। मौके पर टाटा वर्कर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते भी थे।



रुद्राभिषेक के दौरान आरती करते प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी व विधायक सरयू राय। साथ में यूनियन नेतागण।

# बिष्टुपुर स्थित वीमेंस कॉलेज छात्रावास का किया निरीक्षण

■ छात्राओं को मिल रहे सुविधाओं की ली जानकारी, व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व सभी विभागों के योजनाओं में प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक की गयी। उपायुक्त अनन्य मित्तल, डीएफओ सबा आलम अंसारी, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, एडीसी योगेंद्र समेत जिला स्तरीय अन्य विभागीय पदाधिकारी व बीडीओ, सीओ बैठक में मौजूद रहे। सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा क्रमवार सभी विभाग अंतर्गत संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं में प्रगति की समीक्षा तथा योजनाओं में अनुसूचित जनजाति की भागीदारी से संबंधित चर्चा की गयी।



समहरणालय सभागार में आशा लकड़ा का स्वागत करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में डीएफओ सबा अहमद व अन्य।

## लोक समर्पण के कार्यक्रम में भोग ग्रहण करने पहुंचे आम और खास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** समाज कल्याण को समर्पित शहर की सामाजिक संस्था लोग समर्पण की ओर से पवित्र सावन माह के तृतीय सोमवारी को महाभोग का आयोजन किया गया। भालूबासा मेन रोड स्थित काली मंदिर प्रांगण में दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चले महाभोग कार्यक्रम में हजारों स्थानीय निवासियों के संग शहर के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्यजनों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यरूप से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास भी शामिल हुए और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के अध्यक्ष ललित दास की अगुवाई में संस्था के सदस्यों ने आगंतुक अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

# राजेंद्र विद्यालय के 10वीं टॉपर को मिलेगा राकेश मेमोरियल स्कॉलरशिप

■ फेलोशिप पाने वाले पहले मेधावी छात्र हैं प्रत्युश मिश्रा

■ मिली रोलिंग ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और दो साल तक ट्यूशन फी फ्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाजसेवी और बिजनेसमैन स्व. राकेश सिन्हा की स्मृति में उनके बड़े भाई अमरेश सिन्हा ने राजेंद्र विद्यालय, साकची के 10 वीं के टॉपर छात्र-छात्रा के लिए राकेश सिन्हा मेमोरियल स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस की स्थापना की है। इस स्कॉलरशिप को जीतने वाले छात्र-छात्रा को राजेंद्र विद्यालय, साकची में 11 वीं व 12 वीं कक्षा तक की शिक्षा के लिए ट्यूशन फी दी जायेगी। साथ ही एक रोलिंग ट्रॉफी,पर्सनल अवार्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए स्व. राकेश सिन्हा के अग्रज एवं राजेंद्र विद्यालय के सचिव अमरेश सिन्हा ने खबर मन्त्र को बताया कि वर्ष 2024 का राकेश सिन्हा मेमोरियल स्कॉलरशिप इस बार के टॉपर प्रत्युष मिश्रा को दिया गया। गत 3 अगस्त को राजेंद्र सभागार में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एवं पूर्वी सिंहभूम के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने अपने हाथों से प्रत्युष मिश्रा को यह स्कॉलरशिप दिया।



प्रत्युश मिश्रा को पहला राकेश सिन्हा मेमोरियल स्कॉलरशिप ट्रॉफी प्रदान करते जमशेदपुर के सीनियर एसपी किशोर कौशल। साथ में हैं स्कॉलरशिप के संस्थापक अमरेश सिन्हा।

## दोस्तों के दोस्त थे स्व राकेश सिन्हा



राकेश सिन्हा का जन्म टाटा स्टील के पूर्व जनरल मैनेजर सर्विसेज स्व. केबी सिन्हा और स्व. श्रीमती सबिता सिन्हा की दूसरी संतान के रुप में 21 जनवरी 1969 को हुआ था जबकि कार्डियक अरेस्ट से उन्होंने 11 फरवरी 2024 को अपना देह जमशेदपुर में त्याग दिया। राकेश सिन्हा ने लोयोला स्कूल, जमशेदपुर से 10 वीं तक पढ़ाई की जबकि प्लस टू की पढाई उन्होंने राजेंद्र विद्यालय से की। इसके पश्चात वे नयी दिल्ली के प्रतिष्ठित स्टीफंस कॉलेज इतिहास में बीए आनर्स की पढाई की। इसके बाद वे व्यवसाय में सक्रिय हो गए। जमशेदपुर में उनके दोस्तों की लंबी फौज है। राकेश सिन्हा को उनके दोस्त उनके जॉली स्वभाव और दोस्ती निभाने वाले शख्स के रुप में जानते हैं। स्व. राकेश सिन्हा के अग्रज एवं टाटा स्टील में हेड पद से सेवानिवृत हुए अमरेश सिन्हा बताते हैं कि परिजनों एवं दोस्तों ने काफी सोच-विचार कर राकेश सिन्हा मेमोरियल स्कॉलरशिप लांच किया है।

## एक नजर में

### रामचंद्र सहिस ले बोलबम जा रहे भक्तों को गेरुआ वस्त्र देकर किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** सोमवार को आजसू पार्टी के तरफ से पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने बाबा भोलेनाथ के नगरी देवघर जल चढ़ाने जा रहे घोड़ाबंधा पंचायत के शिव भक्तो को खड़ंगाझार हनुमान मंदिर प्रांगण मे गेरुआ वस्त्र दे सम्मानित कर सभी शिवभक्तो को विदा किये। कवर यात्रा मे शिवभक्त पंकज मिश्रा जी और सोनू सिंह के द्वारा कावर को बेहतरीन तरीके से लाइट और गाजे बाजे के साथ देवघर के बाबा भोलेनाथ और माँ पार्वती के मंदिर की गठजोड़ाव जैसे सजा कर अलौकिक निर्माण किया रहा जिसे देख स्थानीय भी आश्चर्य चकित हो रहे थे। उक्त अवर पर पूर्व मंत्री श्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि पावन माह सावन के तीसरी सोमवारी को आप सभी शिवभक्तो को बाबा वैजनाथ की नगरी देवघर जाना और उनके ऊपर जल चढ़ाना बहुत ही सुखद अनुभूति है। पूरे सावन महीना भोलेमय हो जाता है। आप सभी पर बाबा भोलेनाथ की कृपा बनी रहे यही प्राथना है। आप सभी शिवभक्त बाबा की विशेष पूजा और क्षेत्र की खुशहाली के साथ साथ राज्य के सवार्गीन विकास हेतु विशेष प्राथना करियेगा। इन्ही आशा और विश्वास के पुन : आप सभी का यात्रा मंगलमय हो आप सभी सकुशल बाबा को जल अर्पण कर वापस आएंगे। मौके पर आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी, जमशेदपुर प्रखंड उपाध्यक्ष आकाश सिन्हा,संतोष सिंह, सुधीर सिंह, अभिनव राठौर, रामपदार्थ जी, शेखर सहिस, राहुल प्रसाद, समेत बस्ती के लोग मौजूद रहे।

### जलेस ने किया कथा शिल्पी प्रेमचंद को नमन



**जमशेदपुर।** जनवादी लेखक संघ सिंहभूम ने पेंशनर कल्याण समाज साकची में प्रेमचंद जयन्ती मनाया जिसमे नगर के कई कवि साहित्यकार शामिल हुए। सर्वप्रथम प्रेमचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। डा लता मानकर ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होने प्रेमचंद को 300 कहानियों का यशस्वी कथाकार बतलाया। इसके बाद बल्ली सिंह चीमा का जनगीत 'ले मशाले चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के की सुंदर प्रस्तुति हुई। कवयित्री ज्योत्सनाअस्थाना ने साइन्टिफिक ऐकेडमी के बच्चे शिवम, संजना, अंशिका, अनमोल एवं शिक्षक सतीश कुमार को सम्मानित किया। विमर्श का विषय प्रेमचंद और आज की कहानी पर सर्वप्रथम कथाकार कृपाशंकर ने प्रेमचंद को दूरदर्शी कथा शिल्पी बताया और नये लोगों को नजर साफ करने की सलाह दी। युवा कवि वरुण प्रभात ने बूढी काकी, ईदगाह कहानी की की चर्चा करते हुए प्रेमचंद के विचार बताए। तापस चटराज ने प्रेमचंद के बहाने बंगाल के लेखक टैगोर,शरतचंद्र,बँकिम चन्द, नजरूल,महाश्वेता आदि बडे चिन्तकों के जनवादी विचार साझा किये। डा सुधीर सुमन ने कहा कि प्रेमचंद ने लोकप्रियता के तिलिस्म को त्याग कर कहानी का कन्टेन्ट ही बदल दिया। कामरेड शशि कुमार ने अपने वक्तव्य में बताया कि प्रेमचंद ने जीवन को सुन्दर बनाने एवँ समाज को आगे बढाने के लिए लेखन किया, वे गांधी के ट्रस्टीशिप के विरोधी थे। अध्यक्ष मँडल के साथी शैलेन्द्र अस्थाना ने इस बाबत पँकज मित्र की कहानी 'कफन रीमिक्स ' पर चर्चा की और इसे आज की कहानी करार दिया। नजलोम के डा राम कवीन्द्र ने 'रंगभूमि'उपन्यास जलाने के मुद्दे पर बात की एवं दलितवाद को साम्राज्यवाद का दलाल कहा।

### सविता महतो की अध्यक्षता में हुई महिला बालविकास समिति की विभागीय बैठक



**चांडिल।** झारखंड विधानसभा के समिति कक्ष में सोमवार को महिला बालविकास समिति के विभागीय बैठक सभापति सविता महतो के अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बैठक में राज्य के महिला बालविकास के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभापति ने राज्य स्तर पर सभी जिले में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र के बिस्तृत जानकारी विभाग के अधिकारियो से मांगा। उन्होंने राज्य में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रकितने बंद है, कितने चालू है और कहा कहा केंद्र का भवन नहीं है और बच्चों के बीच बटने वाले पोषाहार का बिस्तृत जानकारी लेकर कोई जरुरी दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्र को सुचारु रुप से चलाने को कहा। साथ ही समिति के सदस्य सह विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी अधिकारीयों को कोई जरुरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में समिति के सदस्य सह विधायक सुनीता चौधरी भी शामिल थे।

### टाटा जू ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस 2024

**जमशेदपुर।** मित्रता दिवस यानी फ्रेंडशिप डे हर साल अगस्त के पहले रविवार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दोस्तों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए मनाया जाता है। इस साल मित्रता दिवस 04 अगस्त 2024 को मनाया गया। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में हमने इस दिन को प्रकृति और हमारे आसपास की जैव विविधता के साथ अपनी मित्रता के सम्मान में समर्पित किया। यह अनोखी और अटूट मित्रता हमारे अस्तित्व की बुनियाद है।




## ओलंपिक में 44 साल का सूखा खत्म करने की तैयारी, भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक स्वर्ण जीतने की राह पर

# सेमीफाइनल में आज वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी से भिड़ंत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में 44 साल बाद भारत के गोल्ड जीत कर इतिहास रचने का मौका है। अब पेरिस में मंगलवार को सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी से होना है। टीम इंडिया अगर जर्मनी को हरा कर फाइनल में पहुंच जाती है तो, वह गोल्ड मैडल से मात्र एक कदम दूर रहेगी। कम से कम सिल्वर मेडल पक्का हो जायेगा। भारत ने हाकी में अब आठ ओलंपिक स्वर्ण जीते हैं। भारत ने आखिरी गोल्ड 1980 में मास्को में जीता था। लंबे समय से भारतीय हाकी टीम को इसका इंतजार है।

स्वर्ण पदक की राह पर

स्वर्ण पदक जीतने की राह पर भारतीय हॉकी टीम के सामने मंगलवार को सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन जर्मनी की चुनौती होगी। इस बाधा को पार करके टीम 'संकटमोचक' पीआर श्रीजेश को शानदार विदाई देने के अपने मिशन की अगला कदम रखेगी। ब्रिटेन के विरुद्ध क्वार्टर फाइनल में दस खिलाड़ियों तक सिमटने के

### भारत ने आखिरी गोल्ड 1980 में मास्को में जीता था

बावजूद भारतीय टीम ने जिस साहस और कौशल का प्रदर्शन करके मुकाबला पेनाल्टी शूटआउट तक खिंचा, वह प्रशंसनीय है। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक मैच में जर्मनी की पेनल्टी बचाकर भारत को 41 साल बाद पदक दिलाने वाले नायक श्रीजेश एक बार फिर जीत के सूत्रधार बने थे। 36 वर्ष के श्रीजेश का यह आखिरी टूनार्मेंट है और उन्हें स्वर्ण पदक के साथ विदा करने का मिशन भारतीय टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा बना है। भारत ने आठ ओलंपिक स्वर्ण में से आखिरी 1980 में मास्को में जीता था और अब पेरिस में उसके पास 44 साल बाद इतिहास रचने का मौका है। सेमीफाइनल जीतने पर भारत का रजत तो पक्का हो जायेगा जो अंतिम बार उसने 1960 में रोम में जीता था।

अमित रोहिदास नहीं खेलेंगेः

प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन पर लगाये गये एक मैच के निलंबन के खिलाफ दायर की गई हॉकी इंडिया की अपील को एफआईएच ने खारिज कर दिया है।


रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रविवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान रेड कार्ड मिला था जिसके कारण एफआईएच ने उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया था। इसका मतलब है कि इस महत्वपूर्ण मैच के लिए भारत के केवल 15 खिलाड़ी ही उपलब्ध रहेंगे जो आठ बार के ओलंपिक चैंपियन के लिए करारा झटका है।




क्वार्टर फाइनल में रविवार को ब्रटेन को हराने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

## लक्ष्य सेन भी कांस्य पदक से चूके
## बैडमिंटन पुरुष एकल में हार गये

एजेंसी



नयी दिल्ली। दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पहला गेम जीतने और दूसरे में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन की पुरुष एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने से चूक गये। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य की ली के खिलाफ छह मैचों में यह दूसरी हार है। इस हार के साथ लक्ष्य साइना नेहवाल (लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य) के बाद ओलंपिक पदक जीतने वाला तीसरा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनने से भी चूक गए। वह मौजूदा खेलों में निशानेबाज मनु भाकर, अर्जुन बबूता, महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरूका की मिश्रित स्कीट जोड़ी तथा तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत की मिश्रित जोड़ी की सूची में शामिल हो गये जो चौथे स्थान पर रहने के साथ पदक से चूक गये।

कांस्य पदक के प्ले ऑफ मुकाबले में सोमवार को यहां मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ तीन गेम में हारकर इस स्पर्धा में पदक जीतने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने से चूक गये। सेमीफाइनल की तरह कांस्य पदक के प्ले ऑफ में भी दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने बढ़त गंवाई और उन्हें 71 मिनट चले मुकाबले में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली के खिलाफ 21-13, 16-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रविवार को अंतिम चार के मुकाबले में रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा था। लक्ष्य ने एक्सेलसन के खिलाफ मुकाबले की तरह ली के खिलाफ भी पहले गेम जीतने के बाद दूसरे में 8-3 की बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार नौ अंक गंवाकर मलेशिया के खिलाड़ी को वापसी का मौका दिया जिसने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता 22 साल के लक्ष्य पिछले मुकाबलों की तरह एक बार फिर शुरूआत से ही अच्छी लय में नजर आये। लक्ष्य के स्मैश और ड्रॉप शॉट फिर दमदार दिखे।

ॅली ने लगातार गलतियां की और कई शॉट बाहर और नेट पर मारे जिससे लक्ष्य ने 6-2 की बढ़त बनाई। ली के शॉट लगातार बाहर जा रहे थे और वह भारतीय खिलाड़ी के शॉट की लेंथ को भी परखने में नाकाम रहे जिससे लक्ष्य आसान अंक जुटाते रहे और ब्रेक तक 11-5 की बड़ी बढ़त बनाने में सफल रहे। ब्रेक के बाद लक्ष्य ने और तेजी दिखाई। ली को लक्ष्य के स्मैश को वापस भेजने में भी परेशानी हो रही थी जिससे भारतीय खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को 13-6 किया। ली को उनके दमदार स्मैश के लिए जाना जाता है लेकिन लक्ष्य ने उन्हें हाथ खोलने का अधिक मौका नहीं दिया और बढ़त को 16-10 तक पहुंचाया।

## महेश्वरी-नरूका स्कीट मिश्रित टीम में एक अंक से कांस्य पदक से चूके






**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका पेरिस ओलंपिक स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले में सोमवार को यहां चीन की यितिंग जियांग और लियू जियानलिन की जोड़ी से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 48 निशाने के फाइनल मैच में 44-43 से शिकस्त मिली। महेश्वरी अपने 24 निशाने में से तीन में चूक गयी जबकि नरूका दो निशाने चूक गये। चीन की यितिंग चार निशाने चूक गयी लेकिन उनके पुरुष खिलाड़ी जियानलिन ने अपने सभी निशाने सटिक लगाकर इसकी भरपाई कर दी। इससे पहले क्वालीफिकेशन में भारतीय जोड़ी ने 146 स्कोर कर कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन के पहले चरण के बाद 49 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर थी। पहले दौर में नरूका ने 25 में से 25 और महेश्वरी ने 24 अंक बनाए। दूसरे दौर में महेश्वरी ने 25 अंक बनाए लेकिन नरूका दूसरी और 5वीं सीरिज में चूककर 23 अंक ही बना सके। तीसरे दौर में महेश्वरी ने 25 और नरूका ने 24 अंक बनाए।

## चोट लगने से निशा ने गंवाया क्वार्टर फाइनल मुकाबला



ओलंपिक कुश्ती

**पेरिस।** भारतीय पहलवान निशा पेरिस ओलंपिक के महिला 68 किग्रा कुश्ती मुकाबले के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोरिया की पलहवान पाक सोल गम से 10-8 से हार गई। हालांकि कोरिया के लिए यह जीत इतनी भी आसान नहीं थी क्योंकि निशा एक समय 8-2 की लीड लेकर चल रही थी। लेकिन मैच के दौरान बाजू पर चोट लगने के कारण वह पिछड़ गई। करीब तीन बार मैच रोका गया ताकि निशा की बाजू को प्राथमिक उपचार दिया जा सके। कोरिया की पलहवान पाक सोल गम ने निशा की चोट का फायदा उठाते हुए 2-8 पर चल रहा मुकाबला 10-8 से अपने नाम कर लिया। मुकाबला गंवाने के बाद निशा कोर्ट निराश बैठी दिखीं। बाजू पकड़े बैठी निशा के आंसू रुक नहीं रहे थे। भारतीय कोच उन्हें दिलासा देते नजर आ रहे थे। इससे पहले अंतिम 16 के मैच में निशा ने यूक्रेन की तेतियाना सोवा के खिलाफ विजयी शुरूआत की। निशा ने यूक्रेन की पहलवान को 6-4 से हराया। निशा शुरूआत में तेतियाना से पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने 4-4 से बराबरी करने के बाद आखिरी कुछ सेकेंड में तेतियान को मैट से बाहर निकाल कर दो अंक हासिल कर जीत दर्ज की।

उपलब्धियां : 2021 : अंडर 23 विश्व चैंपियनशिप में 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक विजेता। 2023 : एशियाई चैंपियनशिप में 68 किग्रा में रजत पदक जीता।

### टेबल टेनिस में भारतीय महिला टीम क्राफा में

पेरिस। टेबल टेनिस में भारतीय महिला टीम ने मजबूत रोमानिया को तीन-दो से हराकर इतिहास रचते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इस जीत में बडी भूमिका निभाने वाली मनिका बत्रा काफी खुश दिखीं। वहीं बैडमिंटन में लक्ष्य सेन से कांस्य पदक की उम्?ीद थी लेकिन वह मलेशिया के लीजी जिया से पराजित होकर यह मौका भी चूक गए। लक्ष्य ने बताया कि चोट की वजह से वह अपनी लय कायम नहीं रख सके।

### नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** शादी का प्रलोभन देकर नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी बरवड्डा निवासी प्रकाश रजवार को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है । प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर गोविंदपुर थाने में 26 मार्च 22 को दर्ज की गई थी । प्राथमिकी में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 19 मार्च 2022 को प्रकाश ने उसे प्रलोभन दिया कि वह उससे शादी करेगा और उसे साहिबगंज के एक शिव मंदिर में ले गया उसके मांग में जबरन सिंदूर डाल दिया फिर उसके साथ दुष्कर्म किया । और वहां से भाग गया अनुसंधान के बाद पुलिस ने 16 मई 22 को प्रकाश के विरुध आरोप पत्र दायर किया था ।

## पिंटू सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

नीरज सिंह हत्याकांड

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोपी और बीते आठ वर्षों से जेल में बंद जैनेंद्र सिंह उर्फ पींटू सिंह को आज सर्वोच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। पिंटू सिंह के अधिवक्ता जया कुमार ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बी आर गवई और के भी विश्वनाथन की खंडपीठ ने वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे व सन्नी चौधरी की दलील सुनने के बाद पिंटू सिंह को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय का आदेश ट्रायल कोर्ट को पहुंचते ही वह जमानत पर मुक्त हो जाएगा । पिंटू सिंह 30 मार्च 2017 से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है।

### चार बार हाईकोर्ट से और एक बार सुप्रीम कोर्ट से लगा था झटका

बीते 8 वर्षों में पिंटू सिंह ने चार बार झारखंड उच्च न्यायालय में जमानत अर्जी दाखिल कर जमानत पर मुक्त करने की गुहार लगाई थी परंतु हाईकोर्ट से उसे राहत नहीं मिली थी। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की खंडपीठ ने 21 फरवरी 24 को पिंटू सिंह की चौथी जमानत याचिका को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया था कि मामले का जल्दी निष्पादन किया जाए इस आदेश को पिंटू सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी क्रिमिनल नंबर 6452/24 दायर कर 3 मई 24 को चुनौती दी थी । 14 मई 24 को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को नोटिस जारी किया था व 10 हफ्ते में जवाब मांगा था। अधिवक्ता जया कुमार ने बताया कि आज सुनवाई के दौरान सरकार व सूचक की ओर से तीन हफ्ते का समय मांगा जा रहा था परंतु अदालत ने समय देने से इनकार किया और पिंटू सिंह को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया। ज्ञातव्य है कि 21 मार्च 2017 को शाम 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे की सीट पर बैठे थे। पीछे की सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम चार हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

## सांसद ढुल्लू महतो नहीं हुए हाजिर

### हाईवा लूट और जानलेवा हमला करने के मुकदमा में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** किरण महतो के हाईवा व टीपर लूट और डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई सोमवार को अदालत में हुई। इस दौरान ढुल्लू महतो हाजिर नहीं थे। धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है।

### जो है आरोप

किरण महतो के शिकायत पर 15 फरवरी 2020 को केदार यादव, रियाज अंसारी, सोनू शर्मा, राजू शर्मा ,बॉबी खान एवं अमजद खान के विरुद्ध लूट, मारपीट व आर्म्स एक्ट के धाराओं में केस दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 15 फरवरी 20 को उसका 4 हाईवा व टीपर केशरगढ साइडिंग में चल रहा था इसी बीच किरण को सूचना मिली कि ढुल्लू समर्थक उपरोक्त सभी लोग उनके हाईवा मशीन लूट कर ले जा रहे हैं । किरण ने आरोप लगाया है कि सुभाष महतो के साथ मारपीट कर उसके पॉकेट से 2500 ले लिया गया ,सोनू शर्मा व बॉबी ने धमकी दी कि तुम्हारे मालिक किरण को घुसकर घर में मारे हैं नेतागिरी करेगा तो गाड़ी में आग लगा देंगे। किरण के शिकायत पर कतरास थाने में 15 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी । वहीं डोमन महतो के शिकायत पर 29 अप्रैल 19 को प्राथमिकी विधायक ढुल्लू महतो, अजय गोराई, बूढ़ा राय, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास एवं बिट्टू सिंह के विरुद्ध जानलेवा हमला का आरोप लगाते हुए दर्ज की गई थी।

### टी-20 वर्ल्ड कप : आइसीसी की तैयारी

## बांग्लादेश से होगा शिफ्ट सुरक्षा सबसे अहम मामला



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इसी साल अक्टूबर के महीने में बांग्लादेश में आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप-2024 का आयोजन होना है। इस टूनार्मेंट पर हालांकि संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसका कारण बांग्लादेश के मौजूदा राजनीतिक हालत हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और देश छोड़कर चली गयी हैं। सेना ने इस देश को अपने हाथों में ले लिया है और जल्द ही अंतरिम सरकार के गठन की बात कही है। आईसीसी की नजरें बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर है और उसने कहा है कि वह इस मामले पर काफी बारीक नजर रखे हुए है। टूनार्मेंट शुरू होने में दो ही महीने का समय बचा है। ऐसे में वर्ल्ड कप को किसी और जगह शिफ्ट कराने की अटकलें भी लगायी जा रही हैं।

**सुरक्षा है प्राथमिकता**

आईसीसी ने कहा कि वह इस मामले पर नजरें बनाए हुए है और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ मिलकर विचार कर रहा है। आईसीसी के प्रवक्ता ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, आईसीसी, बीसीबी की सुरक्षा एजेंसी और अपने सुरक्षा सलाहकारों के साथ मिलकर मामले पर गंभीर नजर रखे हुए है। हमारी प्राथमिकता सुरक्षा और हिस्सा लेने वाले सभी लोगों की खैरियत है।

पिछले महीने कोलंबो में हुई आईसीसी की वार्षिक कॉन्फ्रेंस में कुछ देशों ने बांग्लादेश के हालात का मुद्दा उठाया था, लेकिन ये इस कॉन्फ्रेंस का हिस्सा नहीं था। बांग्लादेश में नौकरी में कोटा सिस्टम के विरोध में आंदोलन हो रहा है।

**18 दिन का है टूनार्मेंट**

महिला टी20 वर्ल्ड कप-2024 में कुल 23 मैच होने हैं। ये टूनार्मेंट 18 दिन तक खेला जाना है। बांग्लादेश के ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम और सिलहट में सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ये मैच खेले जाने हैं लेकिन मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस वर्ल्ड कप का आयोजन मुश्किल लग रहा है।

# तीसरी सोमवारी को पुलिस प्रशासन पर विफरे कांवरिया

निशिकांत दूबे ने लिखा- इतना भ्रष्ट एसपी मैने नहीं देखा

● अवैध वसूली से परेशान हैं लोग

गिरधारी लाल जोशी

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ द्वाद्वश ज्योतिर्लिंग का सावन की तीसरी सोमवारी को दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। मंदिर प्रांगण कांवड़ियों से खचाखच भरा था। श्रद्धालुओं की कतार चार किलोमीटर दूर से ही लगी थी। वहीं देवघर में पूजा करने के बाद कांवड़िए बाबा बासुकीनाथ जाना चाहते है। मगर वहां छोटे वाहन मसलन ऑटो और टोटो ने पुलिस ज्यादती के खिलाफ हड़ताल कर दी है। और बसों की भारी कमी है। नतीजतन कांवड़ियों ने प्रशासन के खिलाफ नाराबाजी कर सड़कों पर उतर गए है। हालात को इस बात से भी समझा जा सकता है। गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकात दुबे ने अपने एक्स अकाउंट पर सोमवार को लिखा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेएमएम जी यदि अपने भ्रष्टाचारी अधिकारियों से मुक्ति मिल गई हो तो आज सावन की तीसरी सोमवारी में लगभग 5 लाख श्रद्धालुओं व देवघ की आम जनता की परेशानियों को देखिए। मैंने अपने जीवन में पहली बार इतना भ्रष्टाचारी पुलिस अधीक्षक व उसकी झारखंड पुलिस को देखा है, सही भी है पहली बार गैर हिंदू पुलिस अधीक्षक को हिंदू जन भावनाओं का पता ही नहीं है। दरअसल सुलतानगंज से लेकर देवघर और बासुकीनाथ में श्रद्धालुओं का तरह - तरह से शोषण होता है। दुकानदार हो या भोजन वाले होटल या वाहनों के पार्किंग वाले हो या यातायात पुलिस वाले हो या मल मूत्र त्यागने वाली जगह हो या नहाने के नल हो। सभी बेजा कमाई के लिए सक्रिय है। इन पर न तो सरकार का नियंत्रण है और न प्रशासन का। बल्कि प्रशासन के नुमाइंदे बेजा कमाई में शरीक है। इसकी ताजा मिसाल देवघर में कांवड़ियों का सोमवार को आंदोलन है। फिर भी बोल बम का नारा से सुलतानगंज से लेकर बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर गुंजायमान है। इस 105 किलोमीटर रास्ते और देवघर व बासुकीनाथ में दुकानदारों ने पूरे रास्तों को पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण कर रखा है। इन रास्तों का मुआयना करने पर पाया कि थके मांदे कांवड़िए ऐसे बेजा कमाई करने वालों से उलझने की स्थिति में नहीं है। इनके लिए बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, का मंत्र है। जो मंजिल तक पहुंचाता है। बाबा बासुकीनाथ में प्रवेश करने पर नगर पंचायत का टोल नाका लगा है। जो हरेक वाहन से 50- 100 रुपए



वसूल रहे है। जबकि नगर पंचायत का पूरे मेला क्षेत्र में कोई सहयोग नजर नहीं आता। यह पैसा कहां जा रहा है? यह पता नहीं है।

स्पीड न्यूज

## झारखंड राज्य ओपन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 13 से


आलोक मिश्रा।

गढ़वा। झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में 13वीं झारखंड राज्य ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 13 से 14 अगस्त तक बोकारो के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स चंदनकेयारी में जाएगा। इस प्रतियोगिता में किसी भी संस्था या क्लब के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिनकी जन्मतिथि 10 अगस्त 2024 तक 18 वर्ष से उपर होनी चाहिए। कोई भी प्रतिभागी किसी भी दो इवेंट में भाग ले सकता है। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए 400 रुपए पार्टिसिपेशन शुल्क के रूप में प्रतियोगिता स्थल पर जमा करना अनिवार्य है। इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा जिला एथलेटिक संघ के सचिव आलोक मिश्रा बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी यूआईडी नंबर अनिवार्य है। बिना यूआईडी के प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं। गढ़वा जिला से चयनित प्रतिभागी 12 अगस्त को चंदन कियारी बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे। इस प्रतियोगिता में 100 मी, 200 मीटर 400 मी, 800 मी, 1500 मी, 5000 मी, 10000 मी, 110 मी हर्डल, 400 मी हर्डल, हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो जैवलिन थ्रो, चार गुना 100 मीटर रिले एवं 20 किलोमीटर रेस वॉकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए गढ़वा जिला एथलेटिक संघ के सह सचिव सुशील कुमार तिवारी 7461906890 एवं कोषाध्यक्ष अजयकांत 6201073740 से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को एथलेटिक संघ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में जाने का मौका प्राप्त होगा।

## नकारात्मक शक्तियों का प्रतिकार करें पत्रकार : नंदकिशोर

रोहतास। बिहार विधान सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने पत्रकारों से नकारात्मक शक्तियों का प्रतिकार करने का आग्रह किया है। श्री यादव ने रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय सभागार में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति के समापन सत्र को संबोधित करते हुए आज कहा कि एक समय राष्ट्रीय विचार के पत्रकारों का उपहास किया जाता था, जबकि अब वैसी स्थिति नहीं है। पत्रकारों से आग्रह है कि वे देश में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की भी चर्चा करें और पूरे दमखम के साथ नकारात्मक विचार फैलाने वाली शक्तियों का प्रतिकार भी करें।

## बीमा भारती के पति अवधेश मंडल ने कोर्ट में किया आत्म समर्पण

पूर्णिया। पूर्णिया के व्यवसायी गोपाल यादुका हत्याकांड मामले में पूर्व विधायक बीमा भारती के पति अवधेश मंडल ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। गोपाल यादुका की हत्या के बाद से अवधेश मंडल फरार चल रहे थे। घटना 2 जून, 2024 को सुबह लगभग 10:12 बजे हुई थी, जब दो अज्ञात व्यक्ति एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से गोपाल यादुका के दुकान पर आए थे, जिसमे एक व्यक्ति ने मास्क पहना हुआ था और दूसरे ने काला चश्मा लगाया था। रंग खरीदने का बहाना बनाकर, एक अपराधी ने गोपाल यादुका की दाहिनी कनपटी में गोली मार दी और फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल गोपाल यादुका को पहले भवानीपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, फिर पूर्णिया जीएमसीएच रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इससे पहले, अवधेश मंडल ने अपनी जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई थी। हालांकि, कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया। अब ऐसी संभावना है कि वे अपनी जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।

आयुक्त ने की गढ़वा जिले में चल रहे मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

# स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण सभी की प्राथमिकता : आयुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते आयुक्तए डीसी।

गढ़वा। प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक बाल किशुन मुंडा सोमवार को गढ़वा पहुंचे। उन्होंने समाहरणालय सभागार में जिले के 80-गढ़वा, 81-भवनाथपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर द्वितीय मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों एवं अब तक किये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही मतदाता सूची के अद्यतनीकरणए घर-घर सत्यापनए पुराने लेमिनेटेडए ब्लैक एंड ह्वाइट मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरणए मतदाता पहचान पत्रों के वितरणए मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित कराने आदि बिन्दुओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने पुनरीक्षण संबंधी कार्यों में गति लाने एवं इससे संबंधित लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मौके पर आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों के निष्पादन में निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहेए इसके लिए अभी से सामूहिक प्रयास आवश्यक है। स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण सभी की प्राथमिकता है। स्वच्छ मतदाता सूची से ही मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीकृत होने से वंचित न रहेए इसके लिए सभी पदाधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधिए प्रेस एवं मीडियाकर्मियों तथा जागरूक आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। साथ ही मतदाता पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों तथा मतदाताओं के एएसडीए शिफ्टेड एवं डेथ से संबंधित प्राप्त आवेदनों के आंकड़ों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवेदनों का शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं 18 वर्ष पूर्ण हुए नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी सुझाव दिया। बैठक उपरांत आयुक्त ने मतदान केंद्र संख्या 117 के वार्ड नंबर.9 के दीपुआ मुहल्ला पहुंचकर बीएलओ से मिले और उनसे पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। साथ ही घर.घर भ्रमण कर कार्य का सत्यापन किया। घरों पर बीएलओ द्वारा चिपकाए गये स्टीकर का भी अवलोकन किया। साथ ही मतदाताओं से बात कर मतदाता सूची में उनका नाम जुड़ने संबंधी जानकारी प्राप्त की। बैठक में डीसी शेखर जमुआरए एसपी दीपक कुमार पांडेयए डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्राए आयुक्त के सचिव बिजय वर्माए गढ़वा एसडीओ विजय कुमारए रंका एसडीओ रुद्र प्रतापए श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धाए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार रायए गढ़वा सीओ सफी आलम समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पंजाब नेशनल बैंक से 20 लाख रुपए की लूट

पटना। बिहार में पटना जिले के दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक से करीब 20 लाख रुपये लूट लिये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बाइक पर सवार चार संख्या में अपराधियों ने कोरेया गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में धावा बोला। इसके बाद अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर बैंक के कर्मचारी और ग्राहकों को बंधक बना लिया और करीब 20 लाख रुपए लूटकर फरार हो गये।

## झारखंड में जनसंख्या के अनुसार आरक्षण चाहिए : अमर

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते केंद्रीय सदस्य व अन्य।

कांडी। ओबीसी एकता अधिकार मंच का न्याय रथ प्रखंड के चटनियां पंचायत में पहुंचा। इस दौरान नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश के ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय सदस्य अमर प्रसाद ने कहा कि देश के समस्त आर्थिक गतिविधियों तथा सेना के उच्च पदों, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति, सड़क भवन निर्माण के ठेकों में, सप्लाई, डीलरशिप, आउटसोर्सिंग-परिवहन, पार्किंग, मीडिया, यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद आदि में जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी चाहिए। साथ ही बताया कि आज की स्थिति में ओबीसी समाज की हकदारी हर क्षेत्र में जरूरी है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या खेल का क्षेत्र। ओबीसी के लोग हर जगह आगे आए और बढ़ चढ़कर हर क्षेत्र में हिस्सा लें। ओबीसी को बिहार में 30 प्रतिषत जबकि झारखंड में मात्र 14 प्रतिषत आरक्षण है। हमें झारखंड में जनसंख्या के अनुसार आरक्षण चाहिए। राज्य में अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण आबादी के अनुपात में 10 प्रतिशत व 26 प्रतिशत है। झारखंड में ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत है, मगर आरक्षण मात्र 14 प्रतिशत को ही दिया जा रहा है। जो इस समाज के साथ सरासर अन्याय है। मौके पर कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सोन नदी में आयी बाढ़ के कारण सैकड़ों एकड़ में लगा फसल जलमग्न

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते किसान।

कांडी। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रविवार की देर शाम सोन नदी में आई बाढ़ की पानी से सोन तटीय इलाका की सैकड़ों एकड़ में लगाई गई धान, मक्का, अरहर तिल की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई। विदित हो कि रविवार को सोन नदी का जलस्तर काफी तीव्र गति से बढ़ रहा था, जिसको लेकर सोन तटीय इलाका सोनपुरा, बरवाडीह, सुंडीपुर, बनकट सहित अन्य गांव के लोग बाढ़ की भय से पूरी रात जागते रहे। सोन नदी की बढ़ते जल स्तर से सोन तटीय इलाके के लोग अपने-अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर रखा। बाढ़ की पानी नारायणपुर गांव स्थित पुलिया से होकर बेलहत, चोका, सोनपुरा, बरवाडीह, बलियारी गांव के दोहर में किसानों द्वारा लगाए गए सैकड़ो एकड़ में लगे धान की फसल जलमग्न हो गया। जबकि दर्जनों की संख्या में मोटर व डीजल पंप पानी में डूब गए। किसानों द्वारा खून पसीना एवं कर्ज ऋण लेकर किसी तरह खेतों में फसल लगाये थे। परंतु प्राकृतिक आपदा के कहर ने किसानों की कमर तोड़ दी। अपने-अपने खेतों में फसलों को बर्बाद देख कर किसानों के बीच मायूसियां छाई हुई है। स्थानीय किसान भोला मेहता, दिनेश मेहता, बलियारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ललन मेहता, अरविंद कुमार मेहता, रामप्रवेश चैधरी, धर्मेंद्र मेहता, शिव नारायण मेहता, विनोद मेहता, रूपदेव चैधरी, आलोक चैधरी, महेश चैधरी ने जिला प्रशासन से बर्बाद फसलों की क्षतिपूर्ति का मांग किया है।

## बीडीओ ने किया उमवि का औचक निरीक्षण, मध्यान भोजन मिला बंद


निरीक्षण के दौरान बीडीओ।

कांडी। बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोखापी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने मध्याह्न भोजन बंद पाया। जानकारी के अनुसार बच्चों को एक तारीख से ही मध्यान्ह भोजन नहीं मिल पा रहा है। जिसे लेकर बीडीओ ने जिला शिक्षा अधिकारी कैसर राजा से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि किसी भी कीमत पर मध्यान भोजन बंद नहीं करना है। यह अपराध है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के चार शिक्षकों में से मात्र दो शिक्षक उपस्थित थे। जिसमें दो शिक्षक आकस्मिक अवकाश में थे। इस दौरान सुरेंद्र राम प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि राशि के अभाव में मध्यान भोजन बंद कर दिया गया है। जब उनसे भंडार गृह खोलने के लिए कहा गया तो उन्होंने भंडारगृह की चाभी अपने पास नहीं होने की बात कही। अंत तक वह भंडार गृह नहीं खोल कर दिखा पाए। बीडीओ ने प्रभारी प्राचार्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि किन परिस्थितियों में उन्होंने पिछले 5 दिनों से मध्यान भोजन बंद रखा है।

## बिहार की तरक्की और खुशहाली के लिए काम कर रहे मोदी: नित्यानंद

एजेंसी



पटना। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नित्यानंद राय ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा बिहार की तरक्की और खुशहाली के लिए काम कर रहे हैं। श्री राय ने रविवार को यहां भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बिहार के विकास के लिए वर्ष 2020 में भी विशेष आर्थिक पैकेज का एलान किया था। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के बजट में बिहार को विशेष पैकेज देने के लिए बिहार के 13 करोड़ लोग प्रधानमंत्री का स्वागत और अभिनंदन करते हैं।


## मंईयां सम्मान निधि फार्म का ऑनलाइन आवेदन नहीं होने से लाभुकों में मायूसी

खबर मन्त्र संवाददाता

धुरकी। झारखण्ड सरकार की नई योजना मंईयां सम्मान राशि योजना में प्रखण्ड के आठ पंचायतों में सिर्फ 30 लोगों का ऑनलाइन आवेदन हो पाया है। मंईयां सम्मान निधि योजना के लिए लगाए गए प्रथम दिन के शिविर में सर्वर डाउन रहने एवं नेटवर्क की समस्या के कारण सिर्फ दो फार्म का ऑनलाइन किया जा सका। विदित हो कि झारखंड सरकार के द्वारा 21 से 49 वर्ष तक के सभी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देष्य से एक हजार प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि दिया जाना है। इसे लेकर सभी पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर का आयोजन तीन से दस अगस्त तक किया जाना है। धुरकी प्रखण्ड के सभी आठ पंचायतों में मंईयां सम्मान निधि योजना शिविर के प्रथम दिन सर्वर डाउन होने के साथ नेटवर्क नहीं मिलने से ऑनलाइन आवेदन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। शिविर में उपस्थित नाराज महिलाओं का कहना था कि अपनी खेती बारी का काम बंद कर शिविर में पहुंचे है। मगर दिन भर खड़ा रहने के बाद घर लौटना पड़ रहा है।

## रामलला का दर्शन कर गढ़वा लौटी टोली का सुंदरकांड का पाठ आज

खबर मन्त्र संवाददाता


श्री रामलला।

गढ़वा। आध्यात्मिक चेतना और विश्वबन्धुत्व के संस्कार को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित गढ़वा की मानस मंडली न सिर्फ गढ़वा जिले में बल्कि विश्व के सबसे बड़ी आध्यात्मिक नगरी और सनातन धर्म की आधार भूमि श्री अयोध्या धाम में सुंदरकांड का पाठ कर गढ़वा को धन्य कर दिया। अयोध्या में श्री रामलला जी को पाठ सुनाने वाले मानस मंडली के विद्वतजन भगवान श्री राम का प्रकाशपुंज और दिव्य आशीष के साथ गढ़वा लौटे हैं। इसका प्रतिष्ठापन छह अगस्त मंगलवार को सुंदरकांड पाठ के माध्यम से गढ़वा जिला मुख्यालय के सोनपुरवा स्थित श्री रामलला मंदिर में किया जाएगा। इसे लेकर मानस मंडली और सनातनियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

बता दें कि गढ़वा की मानस मंडली में शामिल 300 से ज्यादा महिला पुरुष भक्तों ने 30 जुलाई 2024 को अयोध्या में श्री रामलला जी के सम्मुख सुंदरकांड का 500 वा पाठ किया था। 501वा पाठ श्री रामलला मंदिर गढ़वा के सोनपुरवा में 6 अगस्त मंगलवार को होना है। इस माध्यम से श्री अयोध्या धाम और गढ़वा के भगवान श्री रामलाल जी का एकात्म रूप का दर्शन संभव होगा। मानस मंडली के प्रमुख पदाधिकारियों में शामिल द्वारिकानाथ पांडेय, अरुण दुबे और शेखर सिन्हा आदि ने बताया कि गौरवशाली ऐतिहासिक स्वर्णिम मानस महामहोत्सव के अपार सफलता के बाद 501 वां मानस सप्ताह समागम का विराट एवं दिव्यतम आयोजन श्रीराम लला मंदिर रेलवे स्टेशन रोड सोनपुरवा, गढ़वा में आयोजित है। सभी मानस विभुतिगण 501 वें आयोजन को अप्रतीम बनाने के लिए गढ़वा रंका मोड़ में मानस परिधान में श्री हनुमंत लला का आशीर्वाद लेकर, शंख मृदंग, भेरी, भांगड़ा, ध्वज पताका साउंड सिस्टम से जयघोष करते हुए नगर प्रबोध भ्रमण के साथ माता गढ़देवी जी में माथा टेकते हुए श्रीरामलला सरकार के दरबार में पहुंचेंगे, जहाँ चिरस्मरणीय मानस का प्रसारण होना है। पावन आयोजन को सजीवता प्रदान करने के लिए विभिन्न ग्रामीण अंचलों के साथ साथ पलामू प्रमंडल से मानस विभुतियों की उपस्थिति हो रही है। 6 अगस्त मंगलवार को संध्या ठीक पांच बजे संकटमोचन मंदिर रंका मोड़ से शोभा यात्रा प्रारंभ हो कर गढ़देवी मंदिर होते हुए श्रीराम लला मंदिर सोनपुरवा के दरबार मे शाम छः बजे पहुंचेगी। श्री रामला मंदिर गढ़वा के सचिव धनंजय सिंह ने कहा कि श्री रामलला मंदिर में मानस मंडली की विद्वतजनों और सभी सनातनी भाई बहनों का भव्य स्वागत किया जाएगा। मानस पाठ के भव्य वाचन होगा। इस मौके पर प्रसाद और महाप्रसाद का भोग लगेगा।

खबर एक नजर में

## रिश्वत लेन-देन के मामले में मुखिया पति व पंचायत सेवक में मारपीट

रमना। प्रखंड में अबुआ आवास योजना देने के नाम पर रिश्वत लेन-देन के मामले को लेकर बहियार कलां में मुखिया पति व पंचायत सेवक में जमकर मारपीट की घटना प्रकाश में आयी है। इस मामले में दोनों ने एक दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। अबुआ आवास में पैसा लेकर हो रहे सूची में हेराफेरी का आरोप कुछ दिन पूर्व प्रमुख करूणा सोनी ने भी लगाया है। उन्होंने अपने एक बयान में यह भी कहा है कि पिछले बार भी आवास देने के नाम पर उगाही किया गया है। वहीं कुछ दिन पूर्व आवास की सूची के मांग को लेकर प्रमुख व बीस सूत्री उपाध्यक्ष बीडीओ कक्ष में गये, तो बैठक के नाम पर उन्हें बैठक कक्ष से बाहर निकाले जाने का मामला भी सामने आया था और अब अबुआ आवास में कमीशन को लेकर मुखिया पति व पंचायत सेवक में मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में बहियार कलां मुखिया पति अमरेश उरांव ने रमना थाना में आवेदन देकर कहा है कि पंचायत सेवक मो हुसैन अंसारी ने मुझे पंचायत भवन बुलाकर ग्रामीणों से अबुआ आवास दिलाने के नाम पर 20-20 हजार लेकर देने को कहा। जिस पर उसके द्वारा ऐसा करने से इंकार करने पर जाति सूचक गाली गलौज किया गया। साथ ही वार करते हुए मारपीट किया गया। उसके बाद रात में पंचायत सेवक अहमद अंसारी, नबीजान अंसारी के साथ 6-7 अज्ञात लोगों के मेरे घर पर आकर छुरा पिस्टल का भय दिखाकर मेरे पिता राजेंद्र उरांव के साथ मारपीट किया। जब उनके द्वारा हल्ला मचाया गया, तो सभी लोग भाग गये। इस मामले में पंचायत सेवक मो. हुसैन अंसारी द्वारा थाना को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वे एवं भीएलई असरफ अंसारी के साथ पंचायत सचिवालय में आनलाईन सरकारी काम निपटा रहे थे। इसी दौरान अमरेश उरांव, सुनील उरांव व सनोज उरांव आये और प्रिंटर को पटककर तोड़ दिया गया एवं सरकारी कागज फाड़ते हुए कुर्सी उठाकर मारने लगे। इस संबंध में थाना प्रभारी असफाक आलम ने कहा कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया हैं मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

## सोन नदी का जलस्तर बढ़ा, फंसे लोगों का किया गया रेस्क्यू, डीसी ने लिया जायजा


जायजा लेने पहुंचे डीसी व अन्य।

केतार। गत शनिवार को भारी वर्षा होने के कारण सारी नदियां उफान पर हैं। गढ़वा जिला से बहने वाली दो मुख्य नदी कोयल और सोन का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। इसे लेकर आपदा विभाग ने नदी किनारे बसे लोगों और नदियों के पास जाने को लेकर चेतावनी दी है। गढ़वा जिले के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के निकट सोन नदी में आई बाढ़ में रविवार की रात्रि करीब 35 लोग फंसे हुए थे। इसमें से कुछ लोग बिहार के रोहतास जिले के थे, तो कुछ लोग कांडी प्रखंड के थे। उक्त ग्रामीण सोन नदी के बीच टापुनुमा जगह पर रहकर खेतीबाड़ी और मालमावेशी चराने का काम करते थे। इसकी जानकारी मिलते ही डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, श्री बंशीधर अनुमंडल पदाधिकारी, केतार बीडीओ विकास कुमार, थाना प्रभारी रौशन कुमार रवानी ने रात्रि में ही मौजूदा स्थिति का जायजा लेने स्थल पर पहुंचे। गढ़वा जिला प्रशासन ने पूरे मामले में एनडीआरएफ से संपर्क किया और बिहार के रोहतास जिला के प्रशासन से भी संपर्क किया गया। जिसके बाद एनडीआरएफ ने रोहतास इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सोन नदी के डीला पर फंसे 40 से ज्यादा ग्रामीणों को बाहर निकाला। सभी ग्रामीणों को रोहतास इलाके में पहुंचा दिया गया है। नदी में अचानक आए उफान के कारण लोहरगाड़ा और मेरौनी गांव के कमलेश चैधरी, शांति देवी, सुरेश चैधरी, सुनती देवी, भगमनिया देवी, मंगल चैधरी समेत कई अन्य ग्रामीण फंसे थे। स्थानीय ग्रामीण कमलेश के अनुसार जहां ग्रामीण फंसे थे, वहां पानी लगभग घुटनों तक पहुंच गया था। ग्रामीणों की सूचना पर गढ़वा डीसी शेखर जमुआर ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। सभी को एनडीआरएफ की टीम द्वारा बाहर निकाल लिया गया है। इस घटना में किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है।

## जमुई में सात दुकानो में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट

जमुई। बिहार में जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह सात दुकान में आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सोमवार की सुबह सिकंदरा निवासी सुरेंद्र पंडित अपनी चाय की दुकान पर चाय बना रहा था। इस दौरान रसोई गैस सिलेंडर में लीक होने के कारण आग लग गई, जिससे चाय दुकानदार झुलस गया। इस दौरान आग ने आसपास के छह अन्य दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।

## तेजस्वी यादव ने सपरिवार पंचमुखी हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना



पटना। राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सावन की तीसरी सोमवारी पर पटना के राजवंशी नगर स्थित पंचरुपी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। यहां तेजस्वी ने पत्नी राजश्री और बेटी कात्यायनी के साथ हनुमान जी की पूजा की। मंदिर के पुजारियों को दक्षिणा दी। पूजा के बाद तेजस्वी यादव ने पत्नी के साथ लोगों को भंडारा में भोजन परोसा। तेजस्वी को देखने के लिए मंदिर में लोगों की भीड़ उमड़ गई। भंडारे में पत्नी राजश्री के साथ तेजस्वी यादव ने लोगों को पूड़ी-सब्जी परोसा। तस्वीर में राजश्री भी लोगों को पूड़ी परोसते नजर आयी। इस दौरान उनकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया तेजी से वायरल हो रही है। इस वीडियो में दिखा जा रहा है कि तेजस्वी यादव पंचरुपी हनुमान मंदिर में पूजा कर रहे हैं। पुजारी ने उन्हें माला पहनाया।

## बिजली के पोल में बांधकर महिला व एक अन्य को ग्रामीणों ने जमकर पिटा

बेतिया। बेतिया पुलिस ज़िला के एक गांव में एक महिला को उसके कथित प्रेमी के साथ होने का आरोप लगा कर महिला व उसके घर आए युवक को पोल में बांधकर पिटाई करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। महिला की शिकायत पर 12 नामजद समेत 10-15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध बेतिया पुलिस ज़िला स्थित चनपटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इस मामले मे बताया कि महिला के घर आए एक युवक को उसका कथित प्रेमी बताकर ग्रामीनों ने दोनों को बिजली के पोल में बांधकर महिला के बच्चे के सामने पिटाई की थी। रविवार की सुबह घटी इस घटना का वीडियो वायरल होने पर यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को घटना में शामिल भटूमन राम उर्फ मंटू राम को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामला यह है कि चनपटिया थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला व युवक की गांव वालों ने बिजली के खंभे में बांधकर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी थी।

## नवादा के नारदीगंज में बैंक मैनेजर के घर 35 लाख की चोरी



नवादा। नवादा जिला के नारदीगंज थाना क्षेत्र स्थित परमा गांव में बंद पड़े घर में चोरों ने 35 लाख रुपये चोरी कर लिया है। सोमवार को इस आशय की जानकारी गृह स्वामी उमेश यादव ने देते हुए बताया कि हमलोग बोकारों में टांसपोर्टिंग का कार्य करते हैं। वही आज दोपहर सूचना मिली कि घर मे चोरी हो गई।मेरा पुत्र हर्ष रंजन इंडियन बैंक मैनेजर आसन सोल में कार्यरत हैं । नवादा में जमीन खरीदने हेतू 15 लाख रुपए नगद गोदरेज में रखे हुए थे, तथा 11 लाख रुपए का जेवर बहु का लॉकर में रखे हुए थे। बहु का कपड़ा बर्तन सभी लेकर चला गया है।

स्पीड न्यूज


# हसीना ही नहीं कई देशों के प्रमुख भी भागे हैं मुल्क छोड़ कर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा देश छोड़कर भागने के बाद वहां की सेना ने दृश की कमान संभाल ली है। सरकार विरोधी आंदोलन के बीच हजारों प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री आवास पर धावा बोल दिया जिसके बाद शेख हसीना अपनी बहन के साथ देश छोड़ गई हैं । इससे पहले भी कई नेता ऐसे हुए हैं जो सत्ता पलटने के बाद अपना देश छोड़ने को मजबूर हो गए थे। इससे पहले अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी, श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और भी कई ऐसा नेता हुए, जिन्होंने इसी तरह इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर भाग निकले। जानते हैं किन देशों के प्रमुख लीडर कौन सी परिस्थितियां कारण देश छोड़ कर भाग चुके हैं।



गोटबाया राजपक्षे



अशरफ गनी



परवेज मुशर्रफ

**गोटबाया राजपक्षे (श्रीलंका) :** इससे पहले गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में आंदोलन के बीच पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे देश छोड़कर भागे थे। हालांकि, उनके देश से जाने के 7 दिनों बाद देश को नया राष्ट्रपति मिल गया था।

**अशरफ गनी (अफगानिस्तान) :** साल 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद तालिबान ने देश पर कब्जा जमा लिया था। सेना के जाने के बाद और स्थिति न नियंत्रित हो पाने के कारण तत्कालीन राष्ट्रपति अशरफ गनी रातोंरात अपने परिवार के साथ देश छोड़कर भाग गए थे। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति गनी एक प्राइवेट जेट से काबुल एयरपोर्ट पहुंचे। खबर ये भी आया था कि इस दौरान वो अपने साथ काफी सारा कैश ले गए थे। तब ये भी देखा गया था, जब वो हवाई जहाज में बैठे थे, तो उन्हें काफी पैसा रनवे पर ही छोड़ना पड़ा था।

**परवेज मुशर्रफ (पाकिस्तान) :** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी पाए जाने के बाद देश छोड़ दिया था। हालांकि, 1999 में एक तख्तापलट में निर्वाचित नवाज शरीफ सरकार को गिराने के बाद मुशर्रफ ने खुद को पाकिस्तान का राष्ट्रपति घोषित कर दिया। वो अगस्त, 2008 तक इस पद पर रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरन कई ऐसे फैसले लिए, जिससे देश को काफी नुकसान हुआ।

**एरिक होनेकर (जर्मनी) :** 1971 में पूर्वी जर्मनी के कम्युनिस्ट नेता एरिक होनेकर शीत युद्ध के दौर में एकाएक कई अपराधों में अपने ऊपर मुकदमा चलने से बचने के लिए वह पत्नी के साथ मास्को भाग गए थे। उनके शासन में पश्चिम बर्लिन में दीवार पार करने की कोशिश करते समय अनुमानित 125 पूर्वी जर्मन मारे गए थे।


## हिंसा व अशांति के पीछे चीन और पाक का हाथ

बांग्लादेश में हाल की आगजनी की घटनाओं के पीछे चीन और पाकिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। ढाका में हाल ही में हुई आगजनी की घटनाओं के पीछे चीन और पाकिस्तान की बढ़ती आर्थिक और सैन्य संलिप्तता को प्रमुख कारण माना जा रहा है। चीन ने बांग्लादेश में कई बड़े बुनियादी ढांचे और रक्षा परियोजनाओं में निवेश किया है, जिससे क्षेत्रीय तनाव बढ़ रहा है। पाकिस्तान भी अपनी गतिविधियों से क्षेत्र में तनाव पैदा कर रहा है, जिससे ढाका में हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं।चीन और बांग्लादेश के बीच हाल ही में हुए सैन्य अभ्यास ने इस तनाव को और बढ़ा दिया है। इस अभ्यास में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जिसमें बंधकों को बचाने और आतंकवादी शिविरों को साफ करने जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं । भारत, जो लंबे समय से बांग्लादेश के साथ करीबी संबंध रखता है, इन सैन्य अभ्यासों को अपने लिए एक खतरे के रूप में देख रहा है।भारत और बांग्लादेश के बीच पहले से ही जल विवाद और व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दे हैं, और चीन की बढ़ती उपस्थिति इन समस्याओं को और जटिल बना रही है। पाकिस्तान की गतिविधियाँ भी क्षेत्रीय तनाव को बढ़ा रही हैं, जिससे ढाका में हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं । चीन की आर्थिक और सैन्य उपस्थिति बढ़ने से बांग्लादेश के लिए चीन और भारत के बीच संतुलन बनाना कठिन हो रहा है। इस प्रकार की घटनाएँ, जिसमें हाल की आगजनी भी शामिल है, इस तनाव का नतीजा हो सकती हैं।? प्रधानमंत्री शेख हसीना की चीन यात्रा और ढाका में हो रहे प्रदर्शनों के बीच का संबंध नेपाल कोरेस्पॉन्डेंस के (पहले ट्विटर) फीड में बताया गया है।

## ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस व अमेरिका ने नागरिकों से फौरन लेबनान छोड़ने को कहा

**वाशिंगटन।** अब तक हमास के आतंकवादियों से लोहा ले रहे इजराइल को अब कुख्यात आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह से आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। मध्य पूर्व में गहराते संकट और व्यापक संघर्ष की आशंका के बीच कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने इजराइल से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित कर दी हैं। ईरान, लेबनान और हिजबुल्लाह के प्रतिशोध को देखते हुए इजराइल के लिए फ्लाइट निलंबित करने वाले ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस और अमेरिका ने एक और कठोर निर्णय लिया है। इन देशों ने अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आग्रह किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम इस सप्ताह की शुरूआत में बेरूत में एक वरिष्ठ हिज्बुल्लाह कमांडर और तेहरान में हमास के राजनीतिक नेता की हत्याओं के बाद उठाया गया। एक इजराइली अधिकारी का कहना है कि हजारों इजराइली नागरिक घर आने में असमर्थ हैं।

## बाबा विश्वनाथ का अर्धनारीश्वर श्रृंगार देख श्रद्धालु आह्लादित



**वाराणसी।** सावन माह के तीसरे सोमवार पर श्री काशी विश्वनाथ दरबार में शाम को बाबा का अर्धनारीश्वर रूप में श्रृंगार किया गया। बाबा का यह रूप देख श्रद्धालु आह्लादित दिखे। इस स्वरूप की झांकी दर्शन पाने के लिए श्रद्धालु और शिवभक्त शाम से ही दरबार में कतारबद्ध होने लगे। सप्तऋषि आरती और भोग आरती के समय बाबा विश्वनाथ का अर्द्धनारीश्वर स्वरूप का दर्शन पाने के लिए श्रद्धालु डटे रहे। बाबा के विग्रह के आधे हिस्से में पुरुष रूपी शिव तो आधे हिस्से में स्त्री रूपी शक्ति स्वरूपा मां का रूप देख श्रद्धालु हर-हर महादेव का उद्घोष करते रहे। इस श्रृंगार से पहले दूध, जल, शहद, दही आदि से बाबा का अभिषेक किया गया। इसके बाद फूलों से श्रृंगार हुआ। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन के अनुसार तीसरे सोमवार को शाम 06 बजे तक दो लाख 49 हजार 657 शिवभक्तों ने दर्शन पूजन कर लिया था। तीसरे सोमवार पर बाबा दरबार में आस्?था की कतार सुबह से देर शाम तक लगी हुई है। भोर 3.45 बजे मंदिर के पट आम दर्शनार्थियों के लिए खुले तो बाबा का दरबार हर-हर बम-बम के उद्घोष से गूंज उठा। पूरे दिन हर-हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी नारों के साथ नंगे पैर सड़कों पर कांवरियों का सैलाब दिखा।

## दुकान मालिकों का नाम लिखने पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक अगले आदेश तक रहेगी जारी

**नई दिल्ली।** कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों का नाम लिखे जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि कांवड़ यात्रा रूट में खाने-पीने का सामान बेचने वाले दुकान मालिकों के दुकान के बाहर नाम लिखने पर रोक लगाने वाला उसका अंतरिम आदेश अगले आदेश तक जारी रहेगा। आज इस मामले की सुनवाई समय की कमी की वजह से नहीं हो सकी। जस्टिस ह्रषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने 26 जुलाई को कहा था कि हमारा आदेश साफ है। अगर कोई अपनी मर्जी से दुकान के बाहर अपना नाम लिखना चाहता है तो हमने उसे रोका नहीं है। हमारा आदेश था कि नाम लिखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड और मध्यप्रदेश सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था।

### संसद में कांग्रेस पर भड़के शिवराज, छेड़ोगे तो छोड़ूंगा नहीं

# किसानों को इंसान समझें, वोट बैंक नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस को किसान विरोधी करार देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को राजनीतिक दलों से अपील की कि वे किसानों को वोट बैंक मानना बंद करें तथा उनके साथ इंसान की तरह व्यवहार करें। उच्च सदन में कृषि मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा पर अधूरे रह गए अपने जवाब को आगे बढ़ाते हुए कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से न केवल छोटे एवं सीमांत किसान सशक्त हुए बल्कि उनका सम्मान भी बढ़ा है। चौहान जब जवाब दे रहे थे तब कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला ने उन्हें कई बार बाधित करना चाहा और भाजपा सरकार के ऊपर किसानों पर गोलियां चलाने का आरोप लगाया। कृषि मंत्री ने कहा, मैंने पहले ही कहा था कि मुझे छेड़ो मत। अगर छेड़ा तो छोड़ूंगा नहीं। उन्होंने मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के शासनकाल सहित कांग्रेस की विभिन्न सरकारों के शासन काल में किसानों पर गोलियां चलाए जाने की विभिन्न घटनाओं का हवाला दिया।

धनखड़ ने कहा कि जिन कांग्रेस सदस्य रणदीप सुरजेवाला ने इस चर्चा की शुरूआत की थी, उन्होंने किसानों के हितों को तिलांजलि देते हुए, संजीदगी का परित्याग करते हुए, मंत्री के भाषण में जो अवरोध पैदा करने का प्रयत्न किया, उसका मैं खंडन करता हूं, प्रतिकार करता हूं, निंदा करता हूं।" कृषि मंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे किसानों को वोट बैंक न मानकर उनके साथ इंसान की तरह व्यवहार करें। उन्होंने स्वीकार किया कि कृषि क्षेत्र में कुछ समस्याएं हैं और वे किसान संगठनों से बातचीत कर उनका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे क्योंकि मोदी सरकार का मानना है कि संवाद से ही समाधान निकलता है। चौहान ने कहा कि कृषि मंत्री बनने के बाद उन्होंने 15 अगस्त को लालकिले की प्राचीर से विभिन्न प्रधानमंत्रियों द्वारा दिए गए संबोधन को पढ़कर यह जानने का प्रयास किया कि किसने किसानों के बारे में क्या कहा है? उन्होंने दावा किया कि प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त को लालकिले की प्राचीर से दिए गए भाषणों को यदि देखें तो 1948 के भाषण को छोड़कर 1947 से 1960 तक के भाषणों में एक भी बार किसान शब्द का प्रयोग नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के इन भाषणों में किसान शब्द महज एक या दो बार आया है, वह भी बहुत औपचारिक ढंग से। उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 अगस्त के भाषणों में किसान शब्द बार बार कहा गया है।



**रियल दिखने के लिए रील बनाई गई :** चौहान ने कहा कि जो दिल में होता है, वही जुबां पर आता है। उन्होंने कहा, ह्यह्यइनके (कांग्रेस के नेताओं के) दिल में किसान नहीं था, इसलिए उनकी जुबां पर नहीं आया और मोदी जी के दिल में किसान है इसलिए उनकी जुबां पर वह बार बार आता है।" उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिये बिना उनके द्वारा देश में निकाली गयी यात्राओं का उल्लेख किया और कहा कि जब यह यात्रा हरियाणा के सोनीपत पहुंची तो रियल दिखने के लिए रील बनाई गई।'

कृषि मंत्री ने अपनी जेब से एक पेन ड्राइव निकाल कर कहा कि वह उसकी पूरी सीडी सदन के पटल पर रखकर यह कहना चाहते हैं कि ह्यवे किसानों के नाम पर नाटक करते हैं।' इस पर सभापति ने कहा कि वह इसे सदन के पटल पर रखकर इसकी प्रामाणिकता की पुष्टि करें। कृषि मंत्री ने किसी का नाम लिए बिना कहा, ह्यह्यजब इनको हल भेंट किया जाता है तो यह पूछते हैं कि ये है क्या?...एक प्रधानमंत्री ऐसे हुए हैं कि उन्होंने जब देखा कि लाल मिर्च के दाम हरी मिर्च से ज्यादा हैं तो उन्होंने कहा कि किसानों, ये लाल मिर्च क्यों नहीं उगाते?" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आधार की तरह किसानों की पहचान के लिए एक डिजिटल आईडी बना रही है जिसे किसान के भूमि संबंधी रिकार्ड के साथ जोड़ा जाएगा।

मंत्री ने कहा कि अब किसान जो फसल बोएगा, उसके रिकार्ड में हेराफेरी नहीं हो सकती क्योंकि रिकार्ड डिजिटल होगा और फसल की वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी। उन्होंने कहा, डिजिटल कृषि मिशन को हम शुरू कर रहे हैं। हम कृषि के प्रति एक समग्र द्दष्टिकोण अपना रहे हैं।" उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते प्रयोग पर चिंता जतायी और कहा कि इससे फसलों, भूमि और मनुष्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। चौहान ने कहा कि देश को खाद्यान्न उत्पादन की वृद्धि कायम रखते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इसीलिये सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन शुरू किया है।

### कांग्रेस को याद दिलाई किसानों पर गोलीबारी

कांग्रेस सदस्यों ने कृषि मंत्री के जवाब पर विरोध जताते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। सदन से बाहर जा रहे कांग्रेस सदस्यों को इंगित करते हुए चौहान ने कहा कि यह भी सुनकर जाइये कि 23 अगस्त 1995 को हरियाणा में चलाई गई गोलियों से छह किसान मारे गए थे। इस बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कृषि मंत्री को रोकते हुए कहा कि यह बहुत ही दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण" है.....। उन्होंने कहा कि जब सदन में देश के सबसे महत्वपूर्ण वर्ग किसानों के बारे में चर्चा हो रही हो तो सदन में हर सदस्य का यह मौलिक कर्तव्य है कि वह चर्चा में गंभीरता से भाग ले।

## खबर एक नजर में

### ओड़िशा के सभी सांसदों से मिले मोदी, विकास पर चर्चा



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद में ओडिशा के सभी सांसदों से मुलाकात की और क्षेत्रीय मुद्दों के साथ-साथ विकास योजनाओं पर चर्चा की. संसद भवन में मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से उनके कार्यकाल की संख्या पूछी, उनके बारे में जाना और उनके निर्वाचन क्षेत्र के बजट के बारे में पूछा. लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 21 में से 20 सीटें जीतीं. भाजपा ने विधानसभा चुनाव में भी जीत दर्ज की और सीएम मोहन चरण माझी के नेतृत्व में ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। भाजपा की आंधी में पूर्व सीएम नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल (बीजेडी) एक भी लोकसभा सीट जीत नहीं पाई, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेडी को 12 सीटें मिली थीं. चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की गिरती सेहत और सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाया. भाजपा ने पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन के बाहरी होने का मुद्दा उठाया और इसका इस्तेमाल कर उड़िया मतदाताओं को लुभाने में कामयाब रही। भाजपा ने अन्य राज्यों में डबल इंजन सरकार के कार्यों पर भी जोर दिया और लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया. विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने 147 में से 78 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया. वहीं, बीजेडी को 51 सीटें मिलीं और कांग्रेस ने 14 सीटें हासिल कीं. कांग्रेस ने एक लोकसभा सीट भी जीती। राज्य विधानसभा और संसदीय चुनावों में भारी हार के बाद ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक का 24 साल पुराना कार्यकाल समाप्त हो गया। भाजपा के मोहन माझी ने 12 जून को ओडिशा के नए सीएम के रूप में शपथ ली. बीजू जनता दल की 1997 से 2024 तक राज्य में सरकार रही।

### 370 हटाये जाने की पांचवी वर्षगांठ पर मनाया जश्न

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकताओं ने सोमवार को श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पांचवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी। भाजपा कार्यकर्ता सोमवार यहां जवाहर नगर पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए और हाथों में राष्ट्रीय तिरंगा और पार्टी का झंडा लेकर राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नारे लगाए। महिलाओं सहित भाजपा कार्यकर्ता ह्यजम्मू-कश्मीर आजाद हुआ पांच अगस्त कोह्णनारे लगा रहे थे । इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए भाजपा कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि आज के दिन जम्मू-कश्मीर का भारत संघ में पूर्ण विलय हुआ था, जो लोगों के लिए जश्न मनाने लायक है। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने भाजपा को जश्न मनाने और दूसरों को जेल में बंद करने की अनुमति देने के लिए सरकार पर निशाना साधा। श्री अब्दुल्ला ने एक्स पर लिखा , जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए यही होता है। मुट्ठी भर भाजपा नेताओं को आज जश्न मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जबकि जो लोग जम्मू-कश्मीर के साथ जो कुछ हुआ उसके खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराना चाहते थे, उन्हें घाटी भर में घरों में बंद कर दिया गया है।

## गूंज उठी धरती, गूंज उठा आसमान...



**1500 डमरूओं के नाद से, अवंतिका नगरी ने रचा विश्व कीर्तिमान...। बाबा महाकाल की नगरी को डमरू की नाद से गुंजायमान करने की एक इच्छा साकार हो गई। पवित्र श्रावण के तीसरे सोमवार को जब भस्म आरती की धुन पर डमरू वादन कर उज्जैन ने 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में अपना नाम दर्ज कराया, तो इस अद्भुत एवं अलौकिक अनुभूति को शब्दों में बांधना बहुत मुश्किल हो गया।**

## मुंबई एयरपोर्ट पर सैफ अली खान और करीना कपूर का वीडियो वायरल



**बॉलीवुड** का मशहूर कपल यूरोप में अपनी छुट्टियां एन्जॉय करके वापस आ गया है। एक महीने पहले सैफ अली खान और करीना कपूर अपने बच्चों के साथ यूरोप गए थे। सैफ-करीना लंबी छुट्टियां एन्जॉय करने के बाद आज मुंबई वापस आ गए हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर उनके वीडियो वायरल हो गए हैं। सैफ अली खान और जेह के एक वीडियो ने सबका ध्यान खींचा है। यूरोप में एक महीने की लंबी छुट्टी एन्जॉय करने के बाद करीना कपूर को ब्लैक आउटफिट में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। पूवार्नुमान में सैफ अली खान का जलवा देखने को मिला। उन्होंने ग्रे टी-शर्ट के साथ हल्के नीले रंग की डेनिम जींस पहनी हुई थी। इसके अलावा करीना और सैफ के दोनों बेटे तैमूर और जेह सफेद टी-शर्ट में नजर आए। इस बार सैफ छोटी बेटे जेह के साथ मस्ती करते नजर आए।

# 5 अगस्त : मोदी सरकार के बड़े फैसले जो इतिहास बन गये

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले 1995 के कानून में संशोधन करने के लिए संसद में एक बिल लेकर आने वाली है। इसके बाद एक बार फिर लोगों के जहन मे पांच अगस्त की तारीख घूमने लगी है। दरअसल, केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली बीजेपी सरकार ने पांच अगस्त के दिन कई बड़े फैसले लिए हैं। इसके बाद हर वर्ष 5 अगस्त की चर्चा जोरों-शोरों से चलती है।



जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा जम्मू-कश्मीर राज्य के गठन के बाद से ही चला आ रहा है। भाजपा ने इसको शुरू से ही अपने घोषणापत्र का मुद्दा बनाकर रखा था। 2014 में केंद्र में बीजेपी की सरकार बनने के बावजूद अनुच्छेद 370 को नहीं हटा पाई। इसके बाद लोगों के मन में सवाल उठने लगा कि यह सिर्फ राजनीतिक नारा है। लेकिन फरवरी 2019 में पाकिस्तान ने पुलवामा में आतंकी हमला कर दिया। इस हमले में भारतीय सेना के 44 जवान शहीद हो गए। भारत ने भी एयर स्ट्राइक कर इसका मुंहतोड़ जवाब दिया और बालाकोट में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।

**5 अगस्त 2019 अनुच्छेद 370 खत्म :** 5 अगस्त 2019 की सुबह को जम्मू-कश्मीर में बड़ा बदलाव आने वाला था। गृह मंत्री अमित शाह राज्यसभा में एक बिल लेकर आए। उन्होंने राज्यसभा में बिल को टेबल किया। जिसमें जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए को हटाने का प्रावधान था। इसके अलावा एक और बिल लाया गया, जिसमें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का प्रावधान था। दोनों बिल राज्यसभा से पास हुए। इसके बाद दोनों बिलों लोकसभा में रखा गया। लोकसभा में बीजेपी के पास पूर्ण बहुमत होने के साथ ही बिल आसानी से पास हो गए और अनुच्छेद 370 और 35ए इतिहास बन गये।

**राम मंदिर निर्माण की नींव रखी :** इसके बाद वर्ष 2020 में अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की नींव रखी गई। तारीख 5 अगस्त ही थी। 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर की नींव रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन किया। आपको बता दें कि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने 3:2 के बहुमत से अयोध्या राम जन्मभूमि विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। आज के चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (उखक) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी राम मंदिर पर फैसला सुनाने वाली संवैधानिक पीठ का हिस्सा थे। तत्कालीन उखक रंजन गोगोई की पीठ ने यह फैसला दिया था। करीब 500 वर्षों से चली आ रहे एक और विवाद का निपटारा हो गया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !